CMYK

अधिकतम : 29°C
न्यूनतम : 17°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

देहरादून, शनिवार 4 अप्रैल 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 236 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | बैसाख कृष्ण पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2083 | 15 शव्वाल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उत्तर प्रदेश पुलिस में जल्द पूरी होगी 81 हजार पदों पर भर्ती: योगी पेज 2



मुंबई के खिलाफ दिल्ली का लक्ष्य इतिहास बदलना खेल टाइम्स




ईरान-अमेरिका युद्ध से दुनिया में लगा महंगाई का तड़का सम्पादकीय



होर्मुज स्ट्रेट में ईरान-ओमान के साथ मिलकर करेगा खेल पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### राजस्थान के रेगिस्तान में ओले गिरे, सात जिलों में बारिश

**नई दिल्ली।** देशभर में गर्मी की शुरुआत के बाद मौसम ने फिर करवट ली है। राजस्थान के रेगिस्तानी जिलों जैसलमेर और बीकानेर में शुक्रवार को ओले गिरे। जयपुर समेत सात जिलों में बारिश हुई। चूरू में धूल भरी आंधी चली। पंजाब के साथ ही चंडीगढ़, मोहाली और पंचकूला में भी मौसम बदला। मोहाली, पठानकोट और बठिंडा के कुछ इलाकों में बारिश हुई। उत्तर प्रदेश में वाराणसी समेत कई जिलों में तेज धूल भरी आंधी के बाद बारिश हुई। प्रयागराज और जौनपुर सहित सात जिलों में तेज हवा चली और बारिश हुई। चित्रकूट में बिजली गिरने से 2 और ललितपुर में 1 व्यक्ति की मौत हो गई। दिल्ली में भी शुक्रवार सुबह धूलभरी आंधी चली।

### चुनाव के लिए मतदान के दिन सवेतन अवकाश

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने शुक्रवार को आगामी विधानसभा चुनावों और उपचुनाव के दिन सभी पात्र कर्मचारियों के लिए सवेतन अवकाश अनिवार्य करने का आदेश जारी किया है। आयोग के अनुसार विधानसभा चुनाव के घोषित कार्यक्रम के तहत असम, केरल, पुड्डुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव तथा गोवा, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र, नागालैंड और त्रिपुरा के 8 विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव कराए जा रहे हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, असम, केरल, पुड्डुचेरी, गोवा, कर्नाटक, नागालैंड और त्रिपुरा में 9 अप्रैल 2026 को मतदान होगा।

### पश्चिम बंगाल में मालदा हिंसा का मुख्य आरोपी अरेस्ट

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मालदा में एसआईआर से जुड़े न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाने के मामले में मुख्य आरोपी समेत 35 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना के 48 घंटे के अंदर पुलिस ने आरोपी मोफक्करुल इस्लाम को बागडोगरा एयरपोर्ट से पकड़ा। वह बेंगलुरु भागने की फिराक में था। इस्लाम कलकत्ता हाईकोर्ट में वकील है। वह 2011 में एआईएमआईएम का उम्मीदवार रह चुका है। मोफक्करुल पर आरोप है कि मालदा के सुजापुर में 1 अप्रैल को एसआईआर में नाम कटने के विरोध प्रदर्शन में भड़काऊ भाषण दिया। इससे लोग भड़क गए और हजारों लोगों ने कलियाचक के बीडीओ ऑफिस को घेर लिया।

### फ्लाइट में 60 प्रतिशत सीटें मुफ्त देने के फैसले पर रोक

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने एयरलाइंस को फ्लाइट में 60 फीसदी सीटें बिना अतिरिक्त शुल्क के चुनने देने वाले निर्देश को अस्थायी रूप से रोक दिया है। यह नियम 20 अप्रैल से लागू होना था, लेकिन अब इसे अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने 15 दिन पहले 18 मार्च को कहा था कि डीजीसीए को निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी फ्लाइट में सीट चयन के लिए न्यूनतम 60 फीसदी सीटें बिना चार्ज उपलब्ध कराई जाएं।

# ईरान ने जिंदा पकड़ा अमेरिकी पायलट!, एक और एफ-15 विमान गिराने का दावा

तेहरान, वार्ता



■ व्हाइट हाउस ने मामले को लेकर साधी चुप्पी

**ईरान और अमेरिका** के बीच बढ़ता तनाव कम होने का नाम ही नहीं ले रहा हैं। दोनों देश अपने-अपने हिसाब के कई बड़े दावे कर रहे हैं। कभी अमेरिका कहता है कि ईरान में सत्ता परिवर्तन हो चुका है। वहीं, इन सबके बीच ईरान की ओर से भी बड़ा दावा किया गया है।

ईरान के सरकारी मीडिया ने कहा है कि उसकी सेना ने एक और अमेरिकी एफ-15ई स्टील्थ लड़ाकू विमान को मार गिराया है। ईरानी सेना ने शुक्रवार को दो उन्नत अमेरिकी लड़ाकू विमानों को मार गिराने की बात कही है। जिनमें दूसरा एफ-35 विमान भी शामिल है। एजेंसी ने विमान के मलबे की तस्वीरें भी जारी की हैं और कहा है कि यह विमान अमेरिका के लेकनहीथ स्क्वाड्रन का था। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि विमान पूरी तरह तबाह हो गया और पायलट के बचने की संभावना बहुत कम है। ईरान के सरकारी टीवी से जुड़े एक स्थानीय चैनल ने दावा किया है कि दक्षिण-पश्चिमी ईरान में एक अमेरिकी लड़ाकू विमान का पायलट पैराशूट के जरिये बाहर निकल गया। चैनल ने लोगों से अपील की कि यदि कोई पायलट को जिंदा पकड़कर पुलिस को सौंपता है, तो उसे इनाम दिया जाएगा। एजेंसी के मुताबिक, अमेरिका ने ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर और सी-130 विमान से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया, लेकिन सफलता नहीं मिली। पायलट की स्थिति स्पष्ट नहीं है। इस दावे पर अभी तक अमेरिका की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है और मामले की पुष्टि नहीं हो सकी है। ईरान का दावा है कि पिछले 24 घंटों में यह दूसरा एफ-15ई विमान है, जिसे मार गिराया गया है। इससे पहले 2 अप्रैल और 23 मार्च को भी ऐसे ही दावे किए गए थे। ईरान लगातार कह रहा है कि उसने अमेरिकी आधुनिक लड़ाकू विमानों को निशाना बनाया है और उन्हें गिराया है। आईआरजीसी ने इन हमलों की पुष्टि की है। एक बयान में आईआरजीसी ने कहा कि उसकी नव विकसित हवाई रक्षा प्रणालियों ने मध्य ईरान में एक स्टील्थ एफ-35 लड़ाकू विमान को सफलतापूर्वक निशाना बनाकर मार गिराया है। आईआरजीसी ने कहा कि अमेरिकी वायुसेना के लेकनहीथ स्क्वाड्रन से संबंधित यह विमान पूरी तरह से नष्ट हो गया और पायलट के बारे में अभी तक कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी है।

### ईरान के हमले में अमेरिकी रडार को नुकसान

**वाशिंगटन।** ईरान के सऊदी अरब में प्रिंस सुल्तान हवाई अड्डे पर किए गए हमले में अमेरिका के टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस (थाड) के एक रडार एएन/टीपीवाई-2 को नुकसान पहुंचा है। सीएनएन ने सैटेलाइट चित्र का हवाला देते हुए यह रिपोर्ट दी। यह रडार, प्रिंस सुल्तान हवाई अड्डे पर कई चलने वाले ट्रेलरों के बीच बंटा हुआ है, अभी खुले में है। एंटीना जला हुआ लगता है और उसका एक बड़ा हिस्सा गायब है। गौरतलब है कि गत 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने तेहरान समेत ईरान के ठिकानों पर हमले किए, जिससे काफी जान माल का नुकसान हुआ। ईरान ने जवाब में इजरायली इलाके और पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमला किया, जिसमें बहरीन, कतर, संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब शामिल हैं।

आईआरजीसी ने ईरान की हवाई रक्षा प्रणाली के पूर्ण विनाश के बारे में ट्रम्प के दावे को झूठा दावा बताया है। इस बयान में ईरान के एकीकृत हवाई रक्षा नेटवर्क की निरंतर प्रभावशीलता पर जोर देते हुए कहा गया कि अमेरिकी राष्ट्रपति के झूठे दावे के बाद, कुछ ही क्षण पहले केशम द्वीप के दक्षिण में आईआरजीसी नौसेना की आधुनिक उन्नत हवाई रक्षा प्रणाली ने शत्रु के उन्नत लड़ाकू विमानों को मार गिराया है। ईरानी मीडिया के अनुसार, यह कार्रवाई अमेरिकी सेना के लिए हाल ही में बड़ा झटका है। युद्ध की शुरुआत के बाद से, ईरान ने दो एफ-35, एक एफ-18, दो एफ-16 और चार एफ-15 सहित कई उन्नत अमेरिकी विमानों को मार गिराया है।


# ट्रम्प सरकार में उथल-पुथल

## 24 घंटे के दौरान निकाले गए आर्मी चीफ और अटॉर्नी जनरल

**वाशिंगटन।** अमेरिका की अटॉर्नी जनरल पैम बॉन्डी को हटाए जाने के बाद अब ट्रम्प सरकार में कुछ और बड़े अफसरों को निकाले जाने की आशंका बढ़ गई है। अमेरिकी वेबसाइट द अटलांटिक की रिपोर्ट के मुताबिक अगला नंबर एफबीआई चीफ काश पटेल और नेशनल इंटेलिजेंस चीफ तुलसी गबार्ड का हो सकता है। रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने आर्मी चीफ जनरल रैंडी जार्ज को तुरंत रिटायर होने का आदेश दिया।

व्हाइट हाउस के प्लान से जुड़े कई लोगों ने बताया कि और भी अधिकारियों को हटाने पर चर्चा चल रही है। इसमें आर्मी सेक्रेटरी डेनियल ड्रिस्काल और लेबर सेक्रेटरी लोरी चावेज-डीरेमर का नाम भी शामिल है। ट्रम्प अपने दूसरे कार्यकाल में बड़े अधिकारियों को हटाने से बचते रहे थे। उन्हें लगता था कि ऐसा करना डेमोक्रेट्स और मीडिया के सामने झुकना होगा। पिछले कुछ महीनों तक यह आदेश था कि मिडटर्म चुनाव से पहले किसी कैबिनेट अधिकारी को नहीं हटाया जाएगा, लेकिन ईरान युद्ध के बाद ट्रम्प की लोकप्रियता घटने से स्थिति बदल गई है। ईरान से जंग के बीच अमेरिकी सरकार में तेजी से प्रशासनिक बदलाव हो रहे हैं। सबसे पहले होमलैंड सिक्योरिटी चीफ क्रिस्टी नोएम को बेदखल किए जाने से इसकी शुरुआत हुई। उन्हें किस वजह से हटाया गया इस बारे में आधिकारिक तौर पर कोई वजह नहीं बताई गई है। कुछ समय से उनकी काम करने की शैली और फैसलों पर सवाल उठ रहे थे। होमलैंड सिक्योरिटी विभाग की जिम्मेदारी होती है कि देश को अंदर और बाहर से आने वाले खतरों से सुरक्षित रखा जाए। उनकी राजनीतिक छवि भी विवादों में रही, जिससे सरकार पर दबाव बढ़ रहा था। आलोचकों का कहना था कि वे ज्यादा राजनीतिक बयानबाजी कर रही हैं। ट्रम्प ने राष्ट्रपति बनने से पहले ही साउथ डकोटा की गवर्नर क्रिस्टी नोएम को होमलैंड सिक्योरिटी विभाग का चीफ बनाने के लिए नामित कर दिया था। व्हाइट हाउस के एक करीबी ने द अटलांटिक से कहा कि क्रिस्टी नोएम को हटाने पर जो प्रतिक्रिया मिली, उससे ट्रम्प को हिम्मत मिली और उन्होंने बॉन्डी को हटाने का फैसला आगे बढ़ाया। माना जा रहा है कि पैम बॉन्डी ने एपस्टीन मामले को ठीक से नहीं संभाला। दरअसल, एपस्टीन मामले से जुड़ी सच्चाई सामने लाने की मांग लंबे समय से हो रही थी, खासकर 'क्लाइंट लिस्ट' को लेकर, जिसमें यह बताया जाता है कि किन-किन प्रभावशाली लोगों का उससे संबंध था। एपस्टीन पर आरोप था कि वह नाबालिग लड़कियों का शोषण करता था और एक बड़ा नेटवर्क चलाता था, जिसमें ताकतवर और अमीर लोग शामिल हो सकते थे। इसी वजह से लोग यह जानना चाहते हैं कि उस नेटवर्क में कौन-कौन शामिल था। इसी दबाव में बॉन्डी ने कुछ लोगों को व्हाइट हाउस बुलाया और उन्हें एपस्टीन फाइल्स फेज 1 नाम का फोल्डर दिया। फोल्डर देने के बाद मामला उल्टा बॉन्डी के लिए परेशानी बन गया। दरअसल उम्मीद थी कि कोई बड़ी जानकारी या खुलासा सामने आएगा, लेकिन जब लोगों ने उन्हें देखा, तो पता चला कि उनमें कोई नई या चौंकाने वाली जानकारी नहीं थी।

■ काश पटेल-तुलसी गबार्ड को भी हटाने की चर्चा



### रैंडी जॉर्ज समय से एक साल पहले जबरन निकाले गए

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल रैंडी जॉर्ज को भी तुरंत रिटायर होने का आदेश दिया गया है। सूत्रों ने दावा किया है कि रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने यह आदेश दिया। रैंडी का पद साल 2027 में समाप्त होने वाला था। उनके जाने के बाद वाइस चीफ ऑफ स्टाफ जनरल क्रिस्टोफर लॉ नेव कार्यवाहक आर्मी चीफ की जिम्मेदारी संभालेंगे। ला नेव पहले हेगसेथ के सहायक रह चुके हैं। इस पूरे मामले में आधिकारिक तौर पर कोई वजह नहीं दी गई है। पेंटागन ने सिर्फ इतना कहा कि वह रिटायर हो रहे हैं और उनकी सेवा के लिए धन्यवाद दिया,लेकिन जो संकेत मिलते हैं, उनसे लगता है कि यह फैसला व्यक्तिगत गलती की वजह से नहीं, बल्कि बड़े स्तर पर हो रहे बदलाव का हिस्सा है। रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ अपने पद संभालने के बाद कई वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों को हटा या बदल चुके हैं। यानी सेना के टॉप लेवल पर नई टीम बनाई जा रही है। एक और बात यह है कि रैंडी जॉर्ज को पिछली सरकार के समय नियुक्त किया गया था।

# तारागिरी युद्धपोत भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल

## रक्षा मंत्री ने कहा: मजबूत व सक्षम नौसेना समय की जरूरत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मजबूत और सक्षम नौसेना को समय की जरूरत बताते हुए कहा है कि भारतीय नौसेना महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों, 'चोक प्वॉइंट्स' और राष्ट्रीय हितों से जुड़े डिजिटल ढांचों की सुरक्षा कर रही है, जिससे भारत जिम्मेदार समुद्री शक्ति के रूप में पहचान बना रहा है।

प्रोजेक्ट 17 ए श्रेणी के चौथे अत्याधुनिक स्वदेशी युद्धपोत आईएनएस तारागिरी को शुक्रवार को आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में श्री सिंह की उपस्थिति में भारतीय नौसेना में शामिल किया गया। आधुनिक नौसैनिक जहाज निर्माण का उत्कृष्ट उदाहरण यह नवीनतम स्टील्थ फ्रिगेट, लगभग 6,670 टन के वजन के साथ, युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो द्वारा डिजाइन किया गया है और मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड द्वारा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के सहयोग से ब हु - भा ू मि का अभियानों के लिए निर्मित किया गया है। यह उन्नत स्टील्थ तकनीक का उपयोग करता है, जिससे इसकी रडार पहचान क्षमता काफी कम हो जाती है और इसे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में घातक बढ़त मिलती है। पचहत्तर प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री और कम समय में निर्मित आईएनएस तारागिरी भारत की जहाज निर्माण क्षमता और मजबूत सार्वजनिक- निजी सहयोग का उदाहरण है। रक्षा मंत्री ने अपने संबोधन में आईएनएस तारागिरी को केवल एक युद्धपोत नहीं, बल्कि भारत की बढ़ती तकनीकी क्षमता, आत्मनिर्भरता और सशक्त नौसैनिक शक्ति का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि यह जहाज उच्च गति से संचालित हो सकता है और लंबे समय तक समुद्र में तैनात रह सकता है। इसमें ऐसे तंत्र लगे हैं जो दुश्मन की गतिविधियों पर नजर रखते हैं, अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं और आवश्यकता पड़ने पर तुरंत जवाब दे सकते हैं। इसमें आधुनिक रडार, सोनार और ब्रह्मोस जैसी मिसाइल प्रणालियां तथा सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें लगी हैं, जो इसकी क्षमता को और बढ़ाती हैं।

**तारागिरी केवल एक युद्धपोत नहीं, बल्कि भारत की बढ़ती तकनीकी क्षमता, आत्मनिर्भरता और सशक्त नौसैनिक शक्ति का प्रतीक: राजनाथ सिंह**



# हम अकेले जिसने होर्मुज में अपने नाविक खोए: भारत

## भारतीय विदेश सचिव ने कहा: इस संकट का समाधान बातचीत से ही संभव

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन की पहल पर होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने के लिए एक बड़ी ऑनलाइन बैठक हुई, जिसमें 60 से ज्यादा देशों ने हिस्सा लिया। इस बैठक में भारत की तरफ से विदेश सचिव विक्रम मिसरी शामिल हुए। बैठक में विक्रम मिसरी ने कहा कि होर्मुज संकट में अब तक सिर्फ भारत के ही नागरिक मारे गए हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक होर्मुज स्ट्रेट संकट में अब तक 3 भारतीय नाविक मारे जा चुके हैं, ये सभी विदेशी जहाजों पर काम कर रहे थे। भारत ने कहा कि इस पूरे संकट का हल सिर्फ बातचीत और शांति से ही निकल सकता है। भारत ने सभी देशों से अपील की कि तनाव कम करें और आपसी बातचीत के जरिये रास्ता निकालें। वहीं भारत के लिए आ रहा ईरानी कच्चे तेल का टैंकर अचानक अपना रास्ता बदलकर चीन की ओर मुड़ गया। यह टैंकर करीब 7 साल बाद भारत पहुंचने वाला पहला ईरानी तेल जहाज था और गुजरात के वाडिनार पोर्ट की ओर आ रहा था। इसमें करीब 6 लाख बैरल कच्चा तेल लदा हुआ था। शिप ट्रैकिंग डेटा के मुताबिक जहाज पिछले तीन दिनों से भारत की ओर बढ़ रहा था, लेकिन गुजरात के पास पहुंचने से ठीक पहले उसने अपना रास्ता बदल दिया और अब चीन के डोंगयिंग शहर की तरफ जा रहा है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि इसके पीछे पेमेंट से जुड़ी दिक्कतें हो सकती हैं। केपलर के लीड रिसर्च एनालिस्ट सुमित रितोलिया के मुताबिक, पहले सप्लायर्स 30 से 60 दिन का क्रेडिट देते थे, लेकिन अब वे एडवांस या तुरंत भुगतान की मांग कर रहे हैं। इसी वजह से डील अटक गई और टैंकर ने रूट बदल लिया। हालांकि, जहाज का एआईएस (ट्रैकिंग सिस्टम) डेस्टिनेशन कभी भी बदला जा सकता है। अगर पेमेंट से जुड़े मुद्दे सुलझ जाते हैं, तो टैंकर दोबारा भारत की ओर भी आ सकता है। वाडिनार पोर्ट पर नायरा एनर्जी की करीब 20 मिलियन टन क्षमता वाली रिफाइनरी है, जहां इस टैंकर के पहुंचने की संभावना थी। गौरतलब है कि 2018 तक भारत ईरान से बड़ी मात्रा में सस्ता तेल खरीदता था। उस समय भारत रोजाना करीब 5.18 लाख बैरल ईरानी तेल आयात करता था, जो कुल आयात का लगभग 11.5 प्रतिशत था। लेकिन अमेरिकी प्रतिबंधों के बाद भारत ने ईरान से तेल खरीदना बंद कर दिया और अन्य देशों से सप्लाई बढ़ा दी।




■ ऑनलाइन बैठक में 60 देश हुए शामिल
■ भारत आने वाला ईरानी तेल टैंकर चीन मुड़ा, गुजरात के पास बदला रूट, पेमेंट विवाद की आशंका

# एमसीडी और एएसआई के रिश्वतखोरी रैकेट का भंडाफोड़

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने राष्ट्रीय राजधानी में दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के अधिकारियों को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है।

पहला मामला 31 मार्च को दर्ज किया गया था, जिसमें शाहदरा नॉर्थ जोन में तैनात एक बेलदार पर आरोप है कि उसने एक व्यक्ति के घर को न गिराने के बदले 80,000 रुपये की रिश्वत मांगी। एक अप्रैल को सीबीआई ने जाल बिछाकर आरोपी को 5,000 रुपये लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। जांच में सामने आया कि वह अपने लिए 5,000 रुपये और एक जूनियर इंजीनियर के लिए 70,000 रुपये मांग रहा था। इसके बाद जूनियर इंजीनियर की भूमिका भी सामने आने पर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। दूसरे मामले में, सीबीआई ने नई दिल्ली स्थित जंतर-मंतर सब-सर्कल में तैनात एएसआई के एक संरक्षण सहायक और एक मॉन्यूमेंट अटेंडेंट को गिरफ्तार किया। आरोप है कि मॉन्यूमेंट अटेंडेंट ने संरक्षण सहायक की ओर से 3.50 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी, ताकि 24 मार्च को जारी नोटिस वापस लिया जा सके और काम जारी रखने की अनुमति दी जा सके।

■ अधिकारियों को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया

## संक्षिप्त समाचार

### तमिलनाडु विस चुनाव को कांग्रेस ने उतारे 27 प्रत्याशी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने तमिलनाडु विधानसभा के लिए शुक्रवार को प्रदेश अध्यक्ष के सेल्वपेरुठन्गे सहित 27 उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए। कांग्रेस ने 234 सदस्यों वाली तमिलनाडु विधानसभा के लिए जिन उम्मीदवारों की सूची जारी की है उसमें पूर्व विधायक के सेल्वापेरुन्थगई तथा एएम मुनिरत्नम भी शामिल हैं। पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति ने इन उम्मीदवारों के नाम का चयन किया है। कांग्रेस का राज्य विधानसभा चुनाव के लिए सत्तारुढ़ द्रमुक के साथ गठबंधन है। तमिलनाडु विधानसभा के लिए इस बार एक ही चरण में 23 अप्रैल को मतदान होगा और चुनाव के नतीजे 04 मई को घोषित होंगे।

### गांधी को है हार का शतक लगाने की जल्दी : मौर्य

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि उन्हें अपनी हार का शतक लगाने की जल्दबाजी है, असम में भारतीय जनता पार्टी की जीत उनकी इस ख्वाहिश जरूर पूरा करेगी। श्री गांधी द्वारा असम के मुख्यमंत्री हेमंता विस्वा सरमा पर की गई टिप्पणी को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। श्री मौर्य ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर कहा कि असम के लोकप्रिय मुख्यमंत्री पर ओछी टिप्पणी कर गांधी ने साबित कर दिया है कि उनका सांसद के तौर पर पांच बार और एक बार लोकसभा में विपक्ष के नेता का अनुभव कुंठा से लबालब है। आमजन की तो छोड़िए, गांधी संवैधानिक पद पर बैठे किसी जम्मिेदार व्यक्ति को भी किसी क्षण अपमानित कर सकते हैं।

# दिल्ली-एनसीआर में चार व पांच को बारिश

## तेज हवाओं ने बिगाड़ा मौसम, धूल भरी आंधी से लोग रहे परेशान

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ यूपी के कई जिलो में तेज आंधी के साथ बारिश का अलर्ट कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि की संभावना जताई गई है

दिल्ली-एनसीआर में शुक्रवार सुबह धूल भरी तेज आंधी चलने के साथ हल्की बूंदाबांदी हुई। तेज हवाओं की वजह से लोगों का बाहर निकलना मुश्किल हो गया और चारों तरफ धूल ही धूल नजर आई।

मौसम विभाग ने 3, 4 और 5 अप्रैल को बारिश की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार इस दौरान तेज हवाएं भी चलेंगी, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी। इसे लेकर आईएमडी ने अलर्ट भी जारी किया है। मौसम विभाग ने कहा है कि ये बदलाव पश्चिमी विक्षोभ के कारण हो रहा है। आज दिल्ली का अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 21 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। आईएमडी के अनुसार 4 अप्रैल को दिल्ली में दोपहर के समय बिजली कड़कने और तेज हवाओं के साथ आंधी-तूफान और शाम के समय बारिश के आसार हैं। मौसम में यह बदलाव 8 अप्रैल तक जारी रह सकता है। आईएमडी के अनुसार ईरान के पास सक्रिय हो रहे नए पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम में बदलाव हो रहा है, जिस कारण यूपी के कई जिलो में तेज आंधी के साथ बारिश हो सकती है। वहीं कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि की संभावना जताई गई है। हवा 40 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती है, जिस कारण तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने से लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी। आईएमडी के अनुसार आज बिहार में मौसम साफ रहेगा, लेकिन 5 अप्रैल के बाद आंधी, बारिश और बिजली गिरने को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार आज बिहार में बारिश के आसार नहीं हैं। राज्य में 5 से 7 अप्रैल के बीच मौसम में बदलाव होगा। एमपी के कई जिलों में कल बारिश के साथ ओले भी गिरे थे। मौसम विभाग ने कहा कि है राज्य के कई जिलों में 5 अप्रैल तक बारिश होने और ओले गिरने के आसार है। आज भी बादल छाए रहने और बारिश की संभावना जताई गई है। वहीं राजस्थान में भी तेज आंधी के साथ बारिश और ओले गिरने का अलर्ट जारी किया गया है। राजस्थान के मौसम में यह बदलाव 8 अप्रैल तक जारी रहेगा, जिस कारण तापमान में गिरावट होने से लोगों को गर्मी से राहत मिलने की संभावना है।

# पीओके बनेगा भारत का हिस्साः इलियासी

## अखिल भारतीय इमाम संघ प्रमुख बोलेः पश्चिम एशिया में शांति बनाने में मोदी भूमिका निभाएंगे

**श्रीनगर।** अखिल भारतीय इमाम संघ (एआईआईओ) के प्रमुख इमाम उमर अहमद इलियासी ने शुक्रवार को कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) जो भारत का अभिन्न अंग है, बहुत जल्द भारत में शामिल होगा।

इसके साथ ही उन्हें यह भी उम्मीद है कि पश्चिम एशिया में शांति बनाने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने दावा किया कि एकीकरण की यह इच्छा स्वयं पीओके के लोगों की ओर से आ रही है। श्रीनगर में पत्रकारों से बात करते हुए श्री इलियासी ने कहा कि पीओके के निवासी अपनी आकांक्षाओं को व्यक्त करने के लिए जनमत संग्रह कराना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मैं कश्मीर से अपने पड़ोसी देश को कुछ बताना चाहता हूं कि पीओके हमारा अभिन्न अंग है और निश्चित रूप से फिर से भारत में शामिल होगा। पीओके के लोग जनमत संग्रह कराना चाहते हैं और अपने घरों को वापस लौटना चाहते हैं। इमाम ने कहा कि पीओके के लोग जम्मू-कश्मीर की प्रगति देखकर खुश हैं और उनकी भावनाएं भारत के साथ जुड़ने के पक्ष में हैं। उन्होंने टिप्पणी की कि यह हम नहीं, बल्कि पीओके के लोग हैं, जो ऐसा चाहते हैं। इंशाल्लाह! उनकी 'घर वापसी' जल्द होगी और पीओके भारत में शामिल हो जाएगा। अंतरधार्मिक संवाद में सक्रिय रहने वाले श्री इलियासी 'सत्तारूढ़ भाजपा-आरएसएस से निकटता' के लिए जाने जाते हैं। वह उन चुनिंदा मुस्लिम धर्मगुरुओं में भी शामिल थे, जिन्हें 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आमंत्रित किया गया था। श्री इलियासी ने कहा कि अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद कश्मीर 'नया कश्मीर' में बदल गया है। उन्होंने दावा किया कि इस क्षेत्र में विकास, शिक्षा और पर्यटन में भारी इजाफा हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि 2019 में अनुच्छेद 370 को हटाने से पूरे कश्मीर में खुशहाली आई और जमीनी स्तर पर प्रत्यक्ष बदलाव देखने को मिले हैं। उन्होंने कहा कि मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि आज कश्मीर एक 'नया कश्मीर' है। अनुच्छेद 370 हटने के बाद यहां विकास हुआ है और पर्यटन में भी वृद्धि हुई है। लोग खुश हैं। इलियासी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में युवाओं की स्थिति में काफी बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि एक समय था, जब छोटे बच्चे पत्थरबाजी किया करते थे। आज बच्चों के हाथों में कलम है। इलियासी ने जम्मू-कश्मीर वक्फ बोर्ड की अध्यक्ष और भाजपा नेता दरख्शां अंद्राबी के काम की भी सराहना की।

# चड्ढा ने 'आप' पर लगाया आवाज दबाने का आरोप

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ वीडियो जारी कर कहा-मेरी आवाज खामोश करने से क्या फायदा

आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने पद से हटने के बाद अपनी पहली प्रतिक्रिया देते हुए चड्ढा ने एक वीडियो संदेश जारी किया है, जिसमें उन्होंने सीधे तौर पर अपनी ही पार्टी के फैसले पर सवाल उठाए हैं और एक शायराना अंदाज में चेतावनी भी दी है।

संसद भवन के बाहर से रिकॉर्ड किए गए इस वीडियो में चड्ढा काफी आक्रामक और भावुक नजर आ रहे हैं। उन्होंने अपनी बात की शुरुआत करते हुए कहा कि मुझे जब-जब संसद में बोलने का मौका मिलता है, मैं जनता के मुद्दे उठाता हूं। मैंने हवाई अड्डों पर महंगे खाने, जोमैटो-ब्लिंकिट के डिलीवरी राइडर्स की समस्याओं, टोल प्लाजा की लूट और मिडिल क्लास पर टैक्स के बोझ जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया है। चड्ढा ने आगे तीखे स्वर में पूछा कि क्या इन जनहित के मुद्दों पर बात करना कोई गुनाह है? उन्होंने कहा कि पार्टी ने राज्यसभा सचिवालय को पत्र लिखकर उनके बोलने पर रोक लगाने की सिफारिश की है, जो बेहद हैरान करने वाला है। राघव चड्ढा ने वीडियो में स्पष्ट किया कि पार्टी ने राज्यसभा को सूचित किया है कि उन्हें अब सदन में बोलने का मौका न दिया जाए। उन्होंने सवाल किया कि आखिर पार्टी उनकी आवाज को क्यों दबाना चाहती है? चड्ढा ने कहा कि भला कोई मेरे बोलने पर रोक क्यों लगाना चाहेगा? मेरी आवाज को खामोश करने से आम आदमी पार्टी का क्या फायदा है?

## मुख्यमंत्री योगी ने गृह विभाग की बैठक में दिए निर्देश

# यूपी पुलिस में 81 हजार पदों पर होंगी भर्तियां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ भर्ती प्रक्रिया में वरीयता और आरक्षण का कड़ाई से पालन किया जाए, 75 जिलों में डिजिटल ढांचा मजबूत हो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गृह विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में कानून-व्यवस्था, पुलिस आधुनिकीकरण और जनसुरक्षा को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ व प्रभावी बनाया जाए। योग ने गुरुवार देर रात हुई बैठक में निर्देश दिया कि वर्ष 2026 के दौरान उत्तर प्रदेश पुलिस में 81 हजार से अधिक पदों पर भर्ती की प्रक्रिया पूरी की जाए। उन्होंने कहा कि भर्ती प्रक्रिया में वरीयता और आरक्षण नियमावली का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि पारदर्शिता बनी रहे। कानून-व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रदेश में अपराध नियंत्रण के लिए और अधिक प्रभावी रणनीति अपनाई जाए। उन्होंने पीआरवी 112 की कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए कहा कि वर्तमान में 6 मिनट का रिस्पांस टाइम सराहनीय है, लेकिन इसे और कम करने के लिए तकनीकी और प्रबंधन स्तर पर सुधार किए जाएं। लखनऊ में लंबे समय से तैनात पुलिसकर्मियों को लेकर भी सख्ती दिखाई। उन्होंने राजभवन, मुख्यमंत्री आवास और पुलिस मुख्यालय सहित संवेदनशील स्थलों पर वर्षों से जमे पुलिसकर्मियों का स्थानांतरण करने के निर्देश दिए। अग्निशमन सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए मुख्यमंत्री ने एक तहसील-एक दमकल वाहन योजना को तेजी से लागू करने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने जेलों में आभासी माध्यम से पेशी की समुचित व्यवस्था विकसित करने को कहा, ताकि सुरक्षा और समय दोनों की बचत हो सके। उन्होंने पुलिस रेडियो में ई-ऑफिस प्रणाली लागू करने और प्रदेश के सभी 75 जिलों में डिजिटल ढांचे को मजबूत करने के निर्देश दिए।

## असम को लव जिहाद और लैंड जिहाद की धरती नहीं बनने देंगे

**बारपेटा( असम )।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने असम के बारपेटा विधान सभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा से चुनावी रण की हुंकार भरी है। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि असम की ये पावन धरा पूर्वोत्तर का द्वार है और हर भारत वासी मां कामाख्या का दर्शन करने यहां आता है। असम के इस पावन धरा पर आपसे संवाद करने आया हूँ, असम की अपनी गौरवशाली परंपरा रही है, यहां की आध्यात्मिक व सांस्कृतिक परम्परा गौरवशाली रही है। सीएम योगी ने इस जनसभा में कहा कि असम को लव जिहाद और लैंड जिहाद की धरती नहीं बनने देंगे। सीएम ने कहा कि डेमोग्राफी बदलने की कांग्रेस और यूडीएफ की साजिश को सफल नहीं होने देंगे। असम को घुसपैठियों का अड्डा नहीं बनने देंगे, ये केवल एनडीए की सरकार कर सकती है।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010


सेंसेक्स 71608.05
निफ्टी 22383.40


सोना 150930
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार


चांदी रु. 250000
प्रति किलो



# इस सप्ताह के पांच धांसू शेयर, गिरते बाजार में मिला 50 प्रतिशत रिटर्न

**नई दिल्ली, वार्ता**

भारतीय शेयर बाजार में इस हफ्ते भले ही कमजोरी का माहौल रहा हो, लेकिन कुछ चुनिंदा शेयरों ने इस गिरावट के बीच भी शानदार प्रदर्शन किया। विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली, कच्चे तेल की ऊंची कीमतें और पश्चिम एशिया में जारी तनाव के चलते बाजार पर दबाव बना रहा।

सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन 2 अप्रैल को बेंचमार्क इंडेक्स लगातार छठे हफ्ते गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी इस हफ्ते 2.5 प्रतिशत यानी 593.35 अंक गिरकर 22,713.10 पर बंद हुआ। वहीं बीएसई सेंसेक्स 2.6 प्रतिशत यानी 1,953.90 अंक टूटकर 73,319.55 के स्तर पर आ गया। इस दौरान बाजार में उतार-चढ़ाव का माहौल बना रहा। निवेशकों को एक तरफ ग्लोबल संकेतों से थोड़ी राहत मिली, वहीं दूसरी ओर क्रूड ऑयल की ऊंची कीमतों और कमजोर रुपये ने सेंटीमेंट पर दबाव बनाए रखा। इसके अलावा, इस हफ्ते ट्रेडिंग सेशन भी कम रहे। शुक्रवार 3 अप्रैल को गुड फ्राइडे के कारण बाजार बंद



रहा, जबकि इससे पहले मंगलवार को महावीर जयंती के चलते भी बाजार में छुटी रही। इन तमाम दबावों के बावजूद कुछ शेयरों ने शानदार रिटर्न देकर निवेशकों को चौंका दिया।

कान्फिडेंस पेट्रोलियम इस हफ्ते का सबसे अधिक चढ़ने वाला शेयर है। गणेश इकोस्फीयर टेक्सटाइल इंडस्ट्री की इस कंपनी ने बीते हफ्ते निवेशकों को 44.8 का रिटर्न दिया है। आरपीएसजी वेंचर्स के शेयर ने निवेशकों को 41.7 फीसदी का रिटर्न दिया। पुष्पा ज्वैलर्स जेम्स एंड ज्वैलरी इंडस्ट्री का यह शेयर बीते हफ्ते 34.7 प्रतिशत चढ़ा है। गुरुवार को इसके शेयर 3.18 फीसदी की तेजी के साथ 123.30 रुपये के स्तर पर बंद हुए। नियोजिन फिनटेक के शेयर ने निवेशकों को 31.2 प्रतिशत का दमदार रिटर्न दिया। गुरुवार को यह 4.15 फीसदी की तेजी के साथ 44.39 रुपये के स्तर पर बंद हुआ।

## सोने में आई तेजी, चांदी में कोई बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण सोने और चांदी की कीमत में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। गुड रिटर्न्स के मुताबिक शुक्रवार को सोने की कीमत में जहां तेजी आई, तो वहीं चांदी में कोई बदलाव नहीं हुआ। दोपहर 3 बजे 24 कैरेट सोने की कीमत प्रति 10 ग्राम 1960 रुपये की तेजी के साथ 1,50,930 रुपये पर थी। वहीं चांदी की कीमत प्रति किलो 2.50 लाख रुपये थी। आज शुक्रवार को गुड फ्राइडे के मौके पर एमसीएक्स बाजार बंद है।

इससे पहले बुधवार को जहां सोने और चांदी की कीमत में तेजी आई थी, वहीं गुरुवार को इनमें गिरावट रही। सर्राफा और वायदा दोनों कीमतों में गिरावट आई। सोने की कीमत 1.47 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी की कीमत 2.28 लाख रुपये प्रति किलो के नीचे पहुंच गई। एमसीएक्स पर सोने की कीमत में कारोबार के दौरान 5,000 रुपये की गिरावट आई, जबकि चांदी 19,000 रुपये तक लुढ़क गई। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक 24 कैरेट सोने की कीमत गुरुवार को 4,245 रुपये कम होकर 1,46,608 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई, जो पहले 1,50,853 रुपये प्रति 10 ग्राम थी।

# पेट्रो. पदार्थों की कालाबाजारी पर 233 एफआईआर दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ बीस लोगों को किया गया गिरफ्तार, 237 पर कार्रवाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राज्य में पेट्रोल, डीजल और गैस की कालाबाजारी को लेकर चलाए गए विशेष अभियान के तहत अब तक 233 प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। इस दौरान 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि 237 आरोपियों के खिलाफ अभियोजन की कार्रवाई की जा रही है।

खाद्य एवं रसद विभाग के आयुक्त ने शुक्रवार को यहां बताया कि 12 मार्च से शुरू हुए इस अभियान के तहत प्रदेशभर में 19,882 स्थानों पर छापेमारी और निरीक्षण किए गए। एलपीजी वितरकों के खिलाफ 33 मामले दर्ज हुए हैं, जबकि गैस कालाबाजारी में संलिप्त अन्य व्यक्तियों के खिलाफ 200 प्राथमिकी दर्ज कराई गई हैं। कार्रवाई पूरे प्रदेश में एक साथ चलाकर कालाबाजारी पर प्रभावी अंकुश लगाया गया है। मुख्यमंत्री ने विभिन्न मंचों से स्पष्ट किया है कि अफवाह फैलाकर बाजार में कृत्रिम संकट पैदा करने वालों के खिलाफ भी कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसी क्रम में प्रशासन ने निगरानी बढ़ाते हुए ऐसे तत्वों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। सरकार ने यह भी सुनिश्चित किया है कि कार्रवाई के दौरान आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रदेश में पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य बनी हुई है। राज्य के 12,888 पेट्रोल पंपों के माध्यम से नियमित बिक्री हो रही है, जबकि 28 मार्च से एक अप्रैल तक बिक्री के आंकड़े भी सामान्य स्तर पर रहे हैं। वर्तमान में प्रदेश में 97,000 किलोलीटर पेट्रोल और 1,26,000 किलोलीटर डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। अधिकारियों के अनुसार मांग के अनुरूप आपूर्ति बनाए रखने के लिए निरंतर समन्वय किया जा रहा है। एलपीजी आपूर्ति को लेकर भी विभाग सतर्क है।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# जेवर हवाई अड्डे के उद्घाटन पर सियासत तेज

■ यूपी भाजपा अध्यक्ष चौधरी ने विपक्ष पर साधा निशाना

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी ने जेवर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्घाटन को लेकर विपक्ष पर तीखा हमला बोला है और कहा है कि प्रदेश की जनता के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मेहमान नहीं, बल्कि घर के सदस्य की तरह हैं।

श्री चौधरी ने सोशल मीडिया एक्स पर जारी कहा कि प्रदेश की 25 करोड़ जनता के हर घर में प्रधानमंत्री का अपना स्थान है। उन्होंने विपक्षी दलों पर तंज कसते हुए कहा कि मेहमान वे लोग हैं, जो पांच साल में केवल चुनाव के समय ही जनता के बीच आते हैं और हार मिलने पर व्यवस्था पर सवाल उठाते हैं। केंद्रीय मंत्री ने नोएडा का उल्लेख करते हुए कहा कि जो लोग कभी राजनीतिक कारणों से नोएडा आने से भी कतराते थे, आज उसी नोएडा में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भव्य अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन हुआ है। इसे उन्होंने विकास की नई ऊंचाई करार दिया। श्री चौधरी ने विपक्ष की राजनीति को डरपोक और भ्रष्ट बताते हुए कहा कि पहले नोएडा को केवल निजी लाभ का माध्यम बनाया गया, जबकि अब यह क्षेत्र वैश्विक स्तर पर पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा कि यह एयरपोर्ट विकास की उस उड़ान का प्रतीक है, जिसे संकीर्ण सोच वाले लोग समझ नहीं पाएंगे। उन्होंने 2027 के विस चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश की जनता विपक्ष की राजनीति को पूरी तरह नकारने के लिए तैयार है और लोकतांत्रिक तरीके से उन्हें जवाब देगी। इस बयान के बाद प्रदेश की राजनीति में एक बार फिर नोएडा एयरपोर्ट और विकास बनाम राजनीति का मुद्दा गरमा गया है। पीएम मोदी ने जेवर हवाई अड्डा के उद्घाटन के दौरान अपने संबोधन में कहा था कि पहले की सरकारों ने नोएडा के विकास को नजरअंदाज किया और आरोप लगाया था कि सपा सरकार के समय इस क्षेत्र को योजनाबद्ध से आगे बढ़ाने के बजाय निजी स्वार्थों के लिए इस्तेमाल किया गया।

# डा. अंबेडकर की जयंती को गांव स्तर पर मनाएगी सपाः अखिलेश यादव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ यह अमृत काल नहीं, संकट काल है, जहां संतों तक की हत्या हो रही

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि समाजवादी पार्टी ने निर्णय लिया है कि डा. बीआर अंबेडकर की जयंती को इस बार गांव स्तर पर मनाया जाएगा। इस दौरान संविधान पर मंडरा रहे खतरे और सामाजिक न्याय के मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

श्री यादव ने शुक्रवार को कहा कि संविधान देश की बुनियाद है और इसे कमजोर करने की कोशिशें की जा रही हैं, जिन्हें समाजवादी लोग रोकने का काम करेंगे। उन्होंने पार्टी मुख्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला और कहा कि यह अमृत काल नहीं बल्कि संकट काल है, जहां संतों की हत्या तक हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार सौदागर की तरह काम कर रही है और हर चीज को बेचने में लगी है, जबकि उसका लक्ष्य केवल मुनाफा कमाना है। श्री यादव ने कहा कि हमें और आपको जो महंगाई देखने को मिल रही है भ्रष्टाचार की वजह से, भ्रष्टाचार के साथ-साथ तो मुनाफा ज्यादा कमा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह से 2024 में पीडीए के लोगों ने एकजुट होकर भारतीय जनता पार्टी का मुकाबला करके उन्हें हराया था। आने वाले समय में 2027 में बूथ स्तर पर काम करके बीजेपी को हरा कर समाजवादी सरकार बनाने का काम प्रदेश में करेंगे। उन्होंने कहा कानून व्यवस्था को चौपट करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग को खत्म कर दिया है। समाजवादी सरकार में अभिनव स्कूल जो बनाए गए थे, उसकी हालत किसी से छिपी नहीं है। कोरोना के समय समाजवादी सरकार का लैपटॉप शिक्षा का सहारा बना था। उन्होंने कहा कि यह शिक्षा को नहीं बढ़ाना चाहते हैं, यह रूढ़िवादी रखना चाहते हैं। एंबुलेंस में लोगों की जान जा रही है, गलत ऑपरेशन हो रहा है। जो जिंदा है उन्हें जहां पर मुर्दाघर होता है, वहां ले जा रहे हैं। यादव ने कहा कि हम लोग सब मिलकर तकनीक का सहारा लेकर नकारात्मक प्रचार नहीं करेंगे, सकारात्मक रहेंगे। वह नकारात्मक लोग हैं, उनके अंदर और इतनी नकारात्मकता है कि उनके चेहरे पर आने लगी है।

# संसद की तीन दिनी बैठक बुलाना सरकार की मनमानी

■ कांग्रेस ने लगाया आरोप, 16 को बैठक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि कुछ राज्यों के विधानसभा चुनावों के बीच 16 अप्रैल से महिला आरक्षण विधेयक में संशोधन पर चर्चा के लिए संसद की तीन दिवसीय बैठक बुलाना सरकार का एकतरफा निर्णय है और इस बैठक को लेकर विपक्ष को नजरअंदाज कर पूरी तरह से मनमानी की गई है।

कांग्रेस के संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि संसद की बैठक 16, 17 और 18 अप्रैल को बुलाई गई है। इस बारे में सरकार के साथ जो विचार विमर्श हुआ था उसमें कहा गया था कि कुछ राज्यों के विधानसभा चुनाव हो रहे हैं इसलिए 29 अप्रैल के बाद सर्वदलीय बैठक बुलाकर इस बारे में विचार किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि 16 मार्च को संसदीय कार्य मंत्री किरन रिजिजू ने राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिखकर 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023' में प्रस्तावित संशोधनों पर चर्चा की इच्छा जताई, तो श्री खड़गे ने 15 मिनट के भीतर ही पत्र का जवाब देते हुए सुझाव दिया कि अलग-अलग चर्चा करने के बजाय सभी विपक्षी दलों को एक साथ आमंत्रित कर सर्वदलीय बैठक बुलाई जाए।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी कहा कि यदि सरकार महिला आरक्षण विधेयक में संशोधन करना चाहती है, तो इस पर सभी दलों की सहमति आवश्यक है और इसके लिए सर्वदलीय बैठक सबसे उपयुक्त मंच होगा।

# देहरादून को स्वच्छ, सुंदर व आधुनिक शहर बनाने के प्रयास: सीएम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को नगर निगम देहरादून में निगम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण एवं संवर्धन के अंतर्गत 02 करोड़ 32 लाख 50 हजार रुपये की लागत से जुगमन्दर हॉल के जीर्णोद्धार एवं नवीनीकरण कार्य का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने केदारपुरम स्थित ए.बी.सी. सेंटर में कैनालों के निर्माण एवं नगर निगम क्षेत्रांतर्गत 06 स्थानों पर पार्कों के विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का शिलान्यास भी किया।



■ सीएम ने जुगमन्दर हॉल के नवीनीकरण कार्य का किया लोकार्पण, देहरादून में पार्कों के विकास कार्यों का शिलान्यास ■ "विकास भी, विरासत भी" के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही राज्य सरकार ■ 1400 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं पर तेजी से काम

मुख्यमंत्री ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार "विकास भी और विरासत भी" को ध्यान में रखते हुए कार्य कर रही है। आज हमारा देहरादून अपनी समृद्ध पहचान और सांस्कृतिक धरोहर को संजोते हुए आगे बढ़ रहा है। तेज विकास के साथ-साथ अपनी संस्कृति और पहचान को सहेजने के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के शहरी क्षेत्रों को सुव्यवस्थित और आधुनिक बनाने के लिए व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं। स्वच्छ भारत मिशन के माध्यम से देश के शहरों, कस्बों और नगरों में स्वच्छता की एक नई संस्कृति विकसित हुई है।

अमृत योजना के माध्यम से शहरों में जल आपूर्ति, सीवरेज व्यवस्था और हरित क्षेत्रों के विकास की दिशा में भी अनेक कार्य किए जा रहे हैं। स्मार्ट सिटी मिशन के माध्यम से देशभर के शहरों को आधुनिक, सुविधायुक्त और भविष्य के अनुरूप विकसित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से लाखों गरीब परिवारों का स्वयं का घर होने का सपना साकार हुआ है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने, युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करने तथा अन्य क्षेत्रों में भी पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य किए जा रहे हैं। देहरादून को स्वच्छ, सुंदर और विकसित शहर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। स्वच्छ भारत मिशन के माध्यम से शहरों में ठोस कचरा प्रबंधन और सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाया जा रहा है।

स्मार्ट सिटी मिशन, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, अमृत मिशन, ओडीएफ अभियान और लीगेसी वेस्ट प्रबंधन जैसी योजनाओं के माध्यम से नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए अर्बन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर भी स्थापित किए गए हैं।नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के अंतर्गत स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में देहरादून ने देशभर में 19वां स्थान प्राप्त किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देहरादून में ट्रैफिक दबाव कम करने के लिए रिस्पना और बिंदाल नदियों के ऊपर एलिवेटेड रोड निर्माण की योजना भी तैयार की जा रही है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, रामसिंह कैड़ा, खजान दास, मेयर देहरादून सौरभ थपलियाल, विधायक उमेश शर्मा काऊ, सविता कपूर, सहदेव सिंह पुंडीर, नगर आयुक्त देहरादून नमामि बंसल एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

### 1400 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं पर तेजी से काम

मुख्यमंत्री ने कहा कि देहरादून को आधुनिक शहर के रूप में विकसित करने के लिए 1400 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं पर व्यापक स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। कचरा प्रबंधन के लिए आधुनिक मैकेनाइज्ड ट्रांसफर स्टेशन का निर्माण किया गया है। कूड़ा वाहनों की रियल-टाइम मॉनिटरिंग के लिए इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर की स्थापना भी की गई है। हरित और स्वस्थ देहरादून के निर्माण के लिए शहर में 35 पार्कों का निर्माण कराया गया है। केदारपुरम में योगा थीम पर आधारित शहर का सबसे बड़ा पार्क विकसित किया गया है। वीर बलिदानियों की स्मृति में विशेष स्मृति पार्कों के माध्यम से 50 हजार वर्ग मीटर से अधिक हरित क्षेत्र विकसित किया गया है। जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए जलभराव वाले चिन्हित स्थानों पर रिचार्ज पिट बनाए जा रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए शहर में 30 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जा रहा है। निजी इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए 11 स्थानों पर चार्जिंग स्टेशन भी स्थापित किए गए हैं।

### प्रधानमंत्री जल्द करेंगे दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे का शुभारंभ

मुख्यमंत्री ने कहा कि जल्द ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे का शुभारंभ करेंगे। इससे आवागमन और तेज होगा। इन संभावित चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए पार्किंग, पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के विकास पर सरकार विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में देहरादून को देश के शीर्ष स्वच्छ शहरों की श्रेणी में शामिल करने के लिए और अधिक मेहनत करनी होगी।

# 5 किमी दूरी में बैंकिंग सेवा के लिए 3 वर्षों में 34 नए डाकघर हुए स्थापित

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** प्रत्येक 5 किलोमीटर में बैंकिंग सेवा उपलब्धता लक्ष्य अनुसार, 3 वर्षों में 34 नए डाकघर स्थापित हुए हैं। संसद में दी जानकारी अनुशार, उत्तराखंड सर्किल के 1.70 लाख कार्यालयों को पूर्णतया डिजिटली इंटीग्रेड किया गया है।

प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने संसद के पटल पर उत्तराखंड के सुदूर पहाड़ी क्षेत्रों में डाक सेवा के आधुनिकीकरण और विस्तार को लेकर जानकारी मांगी गई थी। जिसके जबाव में संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर में जानकारी दी कि सरकार ने वर्ष 2022-23 से आठ वर्ष की अवधि के लिए 5785 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ डाक विभाग की आईटी आधुनिकीकरण परियोजना 2.0 को अनुमोदन प्रदान किया है। उक्त परियोजना के अंतर्गत, विभाग ने नया उन्नत डाक प्रौद्योगिकी प्लेटफॉर्म शुरु किया है। उत्तराखंड सर्कल सहित सभी 23 डाक सर्कलों के लगभग 1.70 लाख कार्यालय इंटीग्रेट किए गए हैं। इस परियोजना के अंतर्गत, उत्तराखंड सर्कल के सभी शाखा डाकघरों को एंड्राइड स्मार्टफोनों से लैस किया

■ उत्तराखंड सर्किल के 1.70 लाख डाक कार्यालय पूर्णतया डिजिटली इंटीग्रेड

गया है। सेवा डिलीवरी को सुदृढ़ बनाने, बेहतर कनेक्टिविटी तथा क्यूआर कोड आधारित भुगतान प्रणाली के माध्यम से दूरस्थ पहाड़ी क्षेत्रों में उपयोगकर्ताओं को बेहतर अनुभव प्रदान करने हेतु इन स्मार्टफोनों में इन-हाउस शडिजिटल रुरल एंटरप्राइज एप्लीकेशन फॉर मोबाइल ऐप इन्स्टॉल किया गया है। इसके अलावा, डाकघर बचत बैंक, कोर बैंकिंग सोल्यूशन प्लेटफॉर्म पर प्रचालनरत है। यह एटीएम, डीबीटी भुगतान, इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, एनईएफटी, आरटीजीएस, ई-पासबुक, और आईपीपीबी-पीओएसए लिंकेज के माध्यम से यूपीआई सेवाओं सहित आधुनिक डिजिटल सेवाएं प्रदान करता है। ये सेवाएं ग्रामीण डाकघरों के माध्यम से उत्तराखंड के दूरस्थ क्षेत्रों में भी पूरी तरह से उपलब्ध हैं।

उन्होंने बताया कि इसमें पांच किलोमीटर की दूरी के भीतर बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के उध्देश्य से पिछले तीन वर्ष में उत्तराखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में 34 नये डाकघर खोले गए हैं।

# 'ऑपरेशन प्रहार' अपराधियों और नशा तस्करों पर छापेमारी में 35 गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** मुख्यमंत्री उत्तराखंड के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे ष्ऑपरेशन प्रहारष के तहत दून पुलिस ने जिले भर में व्यापक कार्रवाई की है। एसएसपी देहरादून के नेतृत्व में पुलिस की विभिन्न टीमों ने देर रात तक शहर के संदिग्ध ठिकानों, सार्वजनिक स्थानों और नशा तस्करी में लिप्त लोगों के अड्डों पर आकस्मिक छापेमारी की। इस अभियान के दौरान पुलिस ने 900 से अधिक लोगों से पूछताछ की और विभिन्न अपराधों में संलिप्त 35 लोगों को गिरफ्तार किया।

अभियान के दौरान एसपी सिटी और एसपी देहात के निर्देशन में पुलिस टीमों ने सड़कों पर उतरकर

■ पुलिस ने 900 से अधिक लोगों से की पूछताछ

सघन चेकिंग अभियान चलाया। देर रात बेवजह घूमने वाले 900 से अधिक लोगों को रोककर पूछताछ की गई, जिनमें से 99 व्यक्तियों का पुलिस एक्ट में चालान कर 24,750 रुपये का जुर्माना वसूला गया। वहीं सार्वजनिक स्थानों पर हुड़दंग कर शांति भंग करने वाले 7 अभियुक्तों को प्रेमनगर और डालनवाला क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। नशे के खिलाफ प्रहार करते हुए पुलिस ने डोईवाला क्षेत्र से तीन शातिर तस्करों को दबोचा। पकड़े गए अभियुक्तों में सुनील साहनी और अर्जुन के कब्जे से 52-52 टेट्रा पैक अवैध शराब बरामद हुई, जबकि रंजीत सिंह के कब्जे से 310 ग्राम अवैध चरस बरामद की गई। इसके अतिरिक्त, शराब पीकर वाहन चलाने वाले 21 चालकों को गिरफ्तार कर उनके वाहनों को मौके पर ही सीज कर दिया गया।

यातायात नियमों के उल्लंघन पर भी पुलिस का डंडा चला। एमवी एक्ट के तहत 109 चालकों से 72,500 रुपये का जुर्माना वसूला गया, जबकि 163 चालकों के कोर्ट चालान किए गए। कुल 52 वाहनों को ओवरलोडिंग और नियमों के उल्लंघन पर सीज किया गया है। सत्यापन अभियान के तहत पीजी व हॉस्टल की जांच में भी पुलिस ने सख्त रुख अपनाया।

# योगेन्द्र रावत व आयुष अग्रवाल संभालेंगे कुंभ मेले की कमान

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** उत्तराखंड में आईपीएस अधिकारियों के तबादले हुए हैं। शासन ने 4 आईपीएस अधिकारियों की जिम्मेदारी में बदलाव किया है। यह आदेश शुक्रवार को देहरादून से जारी किया गया। जिसका उद्देश्य प्रशासनिक कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाना तथा विभागीय कार्यप्रणाली में संतुलन स्थापित करना है।

भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारियों के तबा. दलों और नई तैनाती को लेकर आदेश जारी किया है. इन तबादलों में खास तौर पर आगामी कुंभ मेला को देखते हुए महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। योगेन्द्र सिंह रावत को पुलिस महानिरीक्षक (कार्मिक/मुख्यालय) से हटाकर

■ टिहरी एसएसपी बनी श्वेता चौबे

कुंभ मेला पुलिस महानिरीक्षक बनाया गया है.

आयुष अग्रवाल को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक टिहरी से हटाकर कुंभ मेला में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की जिम्मेदारी दी गई है। इन दोनों अधिकारियों पर कुंभ मेले के दौरान कानून-व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था की बड़ी जिम्मेदारी होगी। श्वेता चौबे को टिहरी का एसएसपी बनाया गया है।

विशाखा अशोक भदाणे को पुलिस अधीक्षक क्राइम अगेंस्ट वुमेन/सीसीटीएनएस/प्रशिक्षण से आईआरबी द्वितीय सेनानायक बनाया गया है।

# पांच जनपदों के लिए आज ऑरेंज अलर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** भारत मौसम विज्ञान विभाग, देहरादून द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार 4 अप्रैल को उत्तराखण्ड राज्य के जनपद उत्तरक. ाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर एवं पिथौरागढ़ में कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने, ओलावृष्टि तथा झोंकेदार हवाएं (40-50 किमी/घंटा, जो बढ़कर 60 किमी/घंटा तक) चलने की संभावना व्यक्त की गई है। उक्त जनपदों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, जबकि अन्य जनपदों में येलो अलर्ट घोषित किया गया है।

मौसम विभाग द्वारा जारी एलर्ट के दृष्टिगत राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र देहरादून द्वारा संबंधित जनपदों को सावधानी बरतने हेतु पत्र जारी किया गया है। पत्र में निर्देश दिए गए हैं कि मौसम

■ गरज-चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की संभावना जताई

की स्थिति को देखते हुए पर्वतीय क्षेत्रों में ट्रैकिंग गतिविधियों को प्रतिकूल मौसम के दौरान प्रतिबंधित/नियंत्रित रखा जाए, संवे. दनशील क्षेत्रों में आवागमन को नियंत्रित करते हुए प्रत्येक स्तर पर सतर्कता बनाए रखी जाए तथा किसी भी आपदा/दुर्घटना की स्थिति में त्वरित स्थानीय कार्रवाई के साथ सूचनाओं का तत्काल आदान-प्रदान सुनिश्चित किया जाए। आपदा प्रबंधन की आईआरएस प्रणाली के अंतर्गत नामित समस्त अधिकारी एवं विभागीय नोडल अधिकारी हाई अलर्ट पर रहें तथा सभी संबंधित विभाग सक्रिय रूप से फील्ड में कार्यरत रहें। इसके साथ ही मोटर मार्ग बाधित होने की स्थिति में तत्काल बहाली सुनिश्चित करने, राजस्व उपनिरीक्षक, ग्राम विकास अधिकारी एवं ग्राम पंचायत अधिकारियों की क्षेत्र में सक्रिय उपस्थिति बनाए रखने तथा सभी चौकियों/थानों में आपदा प्रबंधन संबंधी उपकरण एवं वायरलेस प्रणाली के साथ हाई अलर्ट बनाए रखने को कहा गया है।

इस अवधि में किसी भी अधिकारी/कर्मचारी के मोबाइल/फोन स्विच ऑफ न रहने, अधिकारियों द्वारा आवश्यक उपकरण जैसे बरसाती, छाता, टॉर्च, हेलमेट आदि अपने स्तर पर उपलब्ध रखने तथा संभावित स्थिति में लोगों के फंसने पर खाद्य सामग्री एवं चिकित्सा सुविधा की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया है।

# उत्तराखंड में 'तीसरे मोर्चे' की आहट

शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

**देहरादून।** उत्तराखंड समानता पार्टी की कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक रिंग रोड, नत्थनपुर स्थित एक होटल में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष बलवीर सिंह भंडारी ने की, जबकि संचालन राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव इंजीनियर एल.पी. रतूड़ी ने किया।

बैठक में राज्य की बिगड़ती कानून व्यवस्था, जंगली जानवरों के बढ़ते आतंक, परीक्षामान का आधार जनसंख्या के साथ-साथ क्षेत्रफल को बनाए जाने और स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थिति जैसे गंभीर मुद्दों पर व्यापक चर्चा हुई। पार्टी नेताओं ने कहा कि इन सभी विषयों को लेकर लगातार पत्राचार, रैलियों और अधिकारियों से मुलाक. ात के जरिए सरकार का ध्यान



■ समानता पार्टी कर रही सबको एकजुट
■ कानून व्यवस्था व आरक्षण को लेकर सरकार पर साधा निशाना

आकर्षित किया जा रहा है।

पार्टी को मजबूत करने के लिए पूरे प्रदेश में भ्रमण कार्यक्रम चलाने और अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने की रणनीति भी बनाई गई। साथ ही क्षेत्रीय दलों को एकजुट करने की दिशा में प्रयास तेज करने पर जोर दिया गया, ताकि राष्ट्रीय दलों के विरोध में पड़ने वाले मतों का विभाजन रोका जा सके। चार क्षेत्रीय दलों के गठबंधन पर सैद्धांतिक सहमति बनने की भी जानकारी दी गई।

बैठक में स्पष्ट किया गया कि पार्टी अपने मूल उद्देश्यों से कोई समझौता नहीं करेगी। इसमें "सबके साथ समानता", एससी-एसटी एक्ट के दोषपूर्ण प्रावधानों में संशोधन और आरक्षण में क्रीमी लेयर को बाहर रखने जैसे मुद्दों पर पार्टी अडिग रहेगी।

आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए प्रत्याशी चयन पर भी मंथन किया गया। पार्टी पहले ही 12 विधानसभा क्षेत्रों के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी कर चुकी है, जिसे संभावित गठबंधन के बाद अंतिम रूप दिया जाएगा।

इस अवसर पर कई नए लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की, जिनमें सिंचाई विभाग से सेवानिवृत्त अधिकारी रमेश नौटियाल, शिक्षाविद् प्रेम नौटियाल, सचिवालय सेवा से सेवानिवृत्त अधिकारी रीता कौल, छात्र आलोक थपलियाल और कृषि विभाग से सेवानिवृत्त सहायक कृषि अधिकारी भूपेंद्र वशिष्ठ शामिल रहे। सभी नवसदस्यों का फूल-मालाओं और अंगवस्त्र से स्वागत किया गया।

# सूबे के सहकारी बैंकों का लाभ बढ़कर हुआ 269 करोड़: डॉ. रावत

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** सूबे के राज्य सहकारी बैंकों एवं जिला सहकारी बैंकों की 290 शाखाओं ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में उल्लेखनीय प्रदर्शन कर अपनी वित्तीय मजबूत कर 269.72 करोड़ का लाभ अर्जित किया है। एनपीए नियंत्रण के मोर्च पर भी बैंकों ने सख्त वित्तीय अनुशासन दिखाते हुये 39.88 करोड़ का एनपीए कम किया है, जोकि विगत वित्तीय वर्ष की तुलना में 6 फीसदी से अधिक कम हुआ है।

सूबे के सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने मीडिया को जारी एक बयान में बताया कि राज्य सरकार की पारदर्शी नीतियों के चलते प्रदेश में सहकारी बैंकों का वित्तीय प्रदर्शन लगातार बेहतर हो रहा है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में दस जनपदों के जिला सहकारी बैंकों व राज्य सहक. ारी बैंकों की 290 शाखाएं लाभ की



■ राज्य व जिला सहकारी बैंकों की 290 शाखाओं ने कमाया मुनाफा

स्थिति में पहुंच गई है जबकि पिछले वित्तीय वर्ष यह संख्या 280 थी। डॉ. रावत ने बताया कि इस अवधि में सहकारी बैंकों ने 269.72 करोड़ का लाभ अर्जित कर 150.82 करोड़ का शुद्ध मुनाफा कमाया है, जो पिछले वर्ष के मुकाबले 28.96 करोड़ अधिक है।

विभागीय मंत्री ने बताया कि सहकारी बैंकों की बैंकिंग प्रणाली में पारदर्शिता, ऋण वितरण में सुधार तथा डिजिटल बैंकिंग सेवाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया गया। एनपीए की समयबद्ध वसूली के परिणामस्वरूप बैंकों की वित्तीय स्थिति लगातार सुदृढ़ हो रही है साथ ही एनपीए में भी उल्लेखनीय कमी आई है। उन्होंने कहा कि विगत वर्ष बैंकों का सकल एनपीए जहां 690. 11 करोड़ था वहीं वित्तीय वर्ष 2025-26 में यह कम होकर 650. 23 करोड़ रहा गया है यानी विगत वर्ष के मुकाबले 6.22 फीसदी सकल एनपीए में कमी दर्ज की गई है। जिसके चलते बैंकों का शुद्ध एनपीए जहां विगत वर्ष 183.87 करोड़ था वह घटकर अब 173.65 करोड़ रह गया है। डॉ. रावत ने बताया कि सहकारी बैंकों का वित्तीय प्रदर्शन प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लिये बेहद सकारात्मक संकेत हैं।


उन्होंने कहा कि सरकार की सख्त एनपीए वसूली नीति और पारदर्शी व्यवस्था का लाभ आम लोगों को मिल रहा है।

### लाभ की स्थिति में 290 बैंक शाखाएं

सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि सहकारी बैकों में बेहतर वित्तीय प्रबंधन के चलते वित्तीय वर्ष 2025-26 में 290 बैंक शाखाएं लाभ की स्थिति में आ गई है। जिसमें जनपद देहरादून की 21, कोटद्वार 29, चमोली 30, उत्तरकाशी 17, हरिद्वार 22, ऊधमसिंह नगर 32, नैनीताल 36, टिहरी 37, पिथौरागढ़ 26 तथा अल्मोड़ा की 28 बैंक शाखाओं सहित राज्य सहकारी बैंक की 12 शाखाएं शामिल है। जबकि प्रदेश भी की 41 सहकारी बैंक शाखाएं घाटे में रही। कहा कि इन बैंक शाखाओं को घाटे से उभारने के लिये पृथक से और प्रयास करने पड़ेंगे, इसके लिये विभागीय अधिकारियों को ठोस रणनीति बनाने के भी निर्देश दिये।

**सहकारी बैंकों ने कमाया मुनाफा**

वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य एवं जिला सहकारी बैंकों ने बेहतर वित्तीय प्रदर्शन कर अच्छा 269.28 करोड़ का लाभ अर्जित किया है। जिसमें देहरादून जनपद में जिला सहकारी बैंकों ने 29. 11 करोड़ का सकल लाभ उठाया। इसी प्रकार कोटद्वार में 30 करोड़, चमोली 31.79, उत्तरकाशी 25.12, हरिद्वार 9. 32, ऊधमसिंह नगर 25.24, नैनीताल 22.65, टिहरी 31.12, पिथौरागढ़ 21. 65 तथा अल्मोड़ा में 16.91 करोड़ जबकि राज्य सहकारी बैंकों ने 26.37 करोड़ का सकल लाभ अर्जित किया।



# बद्रीनाथ हाईवे के स्लाइडिंग जोन का एसपी निहाहिका ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** आगामी चारधाम यात्रा के दृष्टिगत जनपद में यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिए पुलिस अधीक्षक नीहारिका तोमर ने रुद्रप्रयाग मुख्यालय से लेकर चमोली सीमा तक बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विशेष रूप से कमेड़ा स्लाइडिंग जोन का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान यातायात निरीक्षक एवं चौकी प्रभारी घोलतीर ने जानकारी दी कि वर्ष 2022 में इस क्षेत्र में हाईवे पूरी तरह वॉशआउट हो गया था, जिसके बाद से बरसात के समय यहां यातायात प्रभावित रहता है। इस पर एसपी ने भूस्खलन



**■ व्यवस्थाएं दुरुस्त करने को लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश**

प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षित और सुचारु यातायात संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस दौरान एसपी ने चौकी घोलतीर का औचक निरीक्षण भी किया। उन्होंने चौकी भवन, भोजनालय, प्रशासनिक एवं आवासीय भवनों का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने पर जोर दिया। चौकी परिसर के पीछे क्षतिग्रस्त पुश्ते की मरम्मत कराने तथा पूरे परिसर की रंगाई-पुताई के लिए एस्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, चौकी में चल रहे लघु निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्हें शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। चौकी प्रभारी को निर्देशित किया गया कि आगामी चारधाम यात्रा एवं हेमकुंड साहिब यात्रा को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल के ठहरने सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का समय रहते आंकलन और तैयारी सुनिश्चित करें। इस मौके पर यातायात निरीक्षक कैलाश चन्द्र शर्मा, चौकी प्रभारी घोलतीर जयवीर सिंह एवं प्रभारी आशुलिपिक नरेन्द्र सिंह उपस्थित रहे।

## बेस अस्पताल की अव्यवस्थाओं पर फूटा गुस्सा, किया प्रदर्शन

**कोटद्वार।** स्वास्थ्य सुविधाओं से जूझ रहे राजकीय बेस अस्पताल कोटद्वार की अव्यवस्थाओं पर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। लोगों ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए व्यवस्थओं को बेहतर बनाने की मांग उठाई। कहा कि चिकित्सकों की कमी के कारण अस्पताल रेफर सेंटर बन चुका है।

गुरुवार सुबह लोग बेस अस्पताल में पहुंचे। जहां उन्होंने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। बेरोजगार संघ के अध्यक्ष राम कंडवाल ने कहा कि बेस अस्पताल में पहाड़ के साथ ही मैदान से सैकड़ों लोग उपचार के लिए पहुंचते हैं। राज्य आंदोलनकारी व पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष रमेश भंडारी ने कहा कि व्यवस्थाओं में सुधार के लिए स्थानीय लोग कई बार शासन-प्रशासन को अवगत करवा चुके हैं। लेकिन, हालात जस के तस बने हुए हैं। इस मौके पर मनमोहन खंतवाल, आशीष बिश्नोई, सौरभ गुसाईं, हिमांशु मौजूद रहे।

# रुद्रप्रयाग में पुलिस ने चलाया व्यापक सघन चेकिंग अभियान

**■ संदिग्धों व यातायात उल्लंघन पर की कड़ी कार्रवाई**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जनपद में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से रुद्रप्रयाग पुलिस ने शनिवार सुबह एक व्यापक चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक निहारिका तोमर के निर्देश पर सुबह पांच से नौ बजे तक जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में सघन जांच की गई।

अभियान के तहत जनपद के सभी पांचों कोतवाली क्षेत्रों में पुलिस टीमों ने प्रमुख स्थानों पर बैरियर लगाकर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की गहन तलाशी ली। इस दौरान यातायात नियमों का



उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की गई। ओवरस्पीडिंग, बिना हेलमेट व सीट बेल्ट वाहन चलाने तथा आवश्यक दस्तावेज न होने पर कई चालान किए गए। सुरक्षा के मद्देनजर बाहरी व्यक्तियों, किरायेदारों और मजदूरों का सत्यापन भी अभियान का प्रमुख हिस्सा रहा। पुलिस टीमों ने विभिन्न क्षेत्रों में जाकर सत्यापन की कार्रवाई को अंजाम दिया, ताकि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखी जा सके। पुलिस के अनुसार इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आम जनता में सुरक्षा और विश्वास का माहौल बनाए रखना तथा असामाजिक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना है। रुद्रप्रयाग पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे पुलिस का सहयोग करें और अपने आसपास किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत स्थानीय पुलिस को दें।

# मानदेय बढ़ाने समेत कई मांगों को लेकर सीडीपीओ को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सेविका, मिनी कर्मचारी संगठन ब्लॉक दुगड्डा के कार्यकर्ताओं ने प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर मानदेय में बढ़ोतरी समेत विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन के बाद अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया है। इस मौके पर बाल विकास परियोजना अधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा गया।

संगठन की जिलाध्यक्ष बसंती रावत ने बताया कि संगठन मानदेय में बढ़ोत्तरी करने, बिना अर्हता पूर्ण किए सेवानिवृत होने पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को 10 लाख रुपये दिए जाने एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बायोमीट्रिक मशीन से न जोड़ने,

**■ सरकार पर लगाया अनदेखी का आरोप**

राहत कोष में 300 रुपये की कटौती बंद करने समेत विभिन्न मांगों के निराकरण की मांग लगातार की जा रही है लेकिन शासन की ओर से अभी तक मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई।संगठन के प्रांतीय नेतृत्व के निर्देश पर दुगड्डा ब्लॉक इकाई ने बृहस्पतिवार को बाल विकास परियोजना कार्यालय दुगड्डा में धरना प्रदर्शन कर कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया है। वर्तमान में दुगड्डा ब्लॉक में करीब 420 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सेविका, मिनी कर्मचारी कार्यरत हैं। धरना प्रदर्शन करने वालों में ब्लॉक अध्यक्ष संगीता भट्ट, सुनीता देवी, रोशनी देवी, गीता देवी मौजूद रहे।

# यमुनोत्री विधानसभा का दुर्भाग्य, पार्टी विरोधियों को मिलता है इनामः रावत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़कोट/उत्तरकाशी।** उत्तराखंड की राजनीतिक सरगर्मियों के बीच यमुनोत्री विधानसभा एक बार फिर चर्चाओं में है। यहां के पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता केदार सिंह रावत ने पार्टी के भीतर चल रही गुटबाजी और कथित भीतरघात पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि "यमुनोत्री विधानसभा का दुर्भाग्य है कि यहां पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल रहे नेताओं को सजा के बजाय ईनाम दिया जाता है, जिससे संगठन कमजोर हुआ है।" और पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता ठगा सा महसूस कर रहें हैं।

बता दें कि पूर्व विधायक केदार सिंह रावत का यमुनोत्री विधानसभा में राजनीतिक सफर



**■ यमुनोत्री विधानसभा भीतरघात से कमजोर होती है भाजपाः केदार सिंह**

और अनुभव लंबा रहा है। उन्होंने वर्ष 2002, 2007 और 2012 में कांग्रेस के टिकट पर तीन बार चुनाव लड़ा, जिसमें 2007 में उन्हें जीत मिली है। इसके बाद उन्होंने 2017 में कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थामा और भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ते हुए ऐतिहासिक जीत दर्ज की। यह जीत इसलिए भी खास रही क्योंकि राज्य गठन के बाद पहली बार इस सीट पर भाजपा को सफलता मिली है।

हालांकि 2022 के विधानसभा चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद रावत का कहना है कि "यमुनोत्री में चुनाव लड़ने का जितना अनुभव मेरे पास है, उतना किसी अन्य नेता के पास नहीं है।" उनका यह बयान राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

उन्होंने कुछ भाजपा के स्थानीय नेताओं पर पार्टी में भीतरघात के गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि पार्टी संगठन कमजोर नहीं है, बल्कि कुछ जिम्मेदार पदों पर बैठे लोग ही चुनाव के दौरान निर्दलीय उम्मीदवारों के लिए कार्य कर पार्टी के साथ भीतरघात करते हैं। उन्होंने विशेष रूप से 2017 और 2022 के चुनावों का जिक्र करते हुए कहा कि उन चुनावों में पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल नेताओं के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने कहा, "जो लोग पार्टी को नुकसान पहुंचाते हैं, उन्हें दंडित करने के बजाय पुरस्कृत किया जाता है। इससे कार्यकर्ताओं का मनोबल टूटता है और संगठन की जड़ें कमजोर होती हैं।"

रावत के बयान से यह साफ संकेत मिलता है कि यमुनोत्री विधानसभा में भाजपा के भीतर असंतोष बढ़ रहा है। स्थानीय स्तर पर कई कार्यकर्ता भी इस बात को लेकर नाराज बताए जा रहे हैं कि संगठन में अनुशासनहीनता पर सख्ती नहीं बरती जाती।

# पूर्व विधायक केदार रावत ने गिनाई अपने कार्य काल की उपलब्धियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़कोट/उत्तरकाशी।** यमुनोत्री क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता केदार सिंह रावत ने बताया कि मेरे कार्यकाल में यमुनोत्री विधानसभा में विकास के रिकार्ड कार्य हुए हैं उन्होंने दावा किया है कि उत्तरकशी जिले के तीनों विधानसभाओं से सबसे अधिक कार्य मेरे कार्यकाल में हुए हैं उन्होंने कहा कि अभी मेरे कार्यकाल के स्वीकृत कार्य के द्वितीय चरण के जीओ अब निकाल रहे हैं लेकिन लोग इसका श्रेय लेनी की होड़ मचा रखी है।

उन्होंने बताया कि यमुना घाटी के गंगनानी कुंड के पास सामूहिक विवाह केंद्र के लिए तीन करोड़ से अधिक धनराशि का साल 2018 में तत्कालीन मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने गंगनानी कुंड की जातर में सामूहिक विवाह केंद्र निर्माण की घोषणा की थी। साल 2021 में तत्कालीन यमुनोत्री विधायक केदार सिंह रावत ने सामूहिक केंद्र का विधिवत शिलान्यास किया। लेकिन तीसरी किस्त में देर होने कार्य अब तक हैंड ओबर नहीं हो पाया। उन्होंने अपने कार्य काल की उपलब्धियां बता ते रवाड़ा व राजगढ़ी में खेल मैदान का निर्माण कार्य प्रगति पर।उन्होंने कहा अपने कार्य काल के दौरान बनगांव , चोपड़ा कस्लाना मोटरमार्ग की स्वीकृति करवाई थी लेकिन वन विभाग की स्वीकृत देर से मिली है, अब द्वितीय चरण के कार्य स्वीकृत मिल रही हैं।उन्होंने कहा कि मसाल गांव गंगटाटी, डालिया गांव, खरादी खनेडा, ओल्या - बलिया, टिपरा -झुणगा आदि सड़के है। उन्होंने बताया कि नगाण गांव से बचाण गांव पीएम जीएस वाई से मेरे विशेष प्रयास से स्वीकृत हुई थी। वहीं चपटाडी के रखडी खंड में ट्रॉली स्वीकृति करवाई इसके अतिरिक्त तीन दर्जन से अधिक सड़कें और अन्य विकास के बड़े कार्य किए है। वहीं तीन दर्जन लगभग सड़कों कि डामरीकरण कार्य शामिल हैं।

# चारधाम यात्रा से पहले एसडीआरएफ ने दिया आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** चारधाम यात्रा को सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित बनाने के लिए उत्तरकाशी पुलिस ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी, श्रीमती कमलेश उपाध्याय के निर्देशन में पुलिस लाइन उत्तरकाशी में टीम ने पुलिस जवानों को आपदा प्रबंधन, रेस्क्यू और बचाव संबंधी विशेष प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण के दौरान जवानों को सड़क दुर्घटनाओं, प्राकृतिक आपदाओं और अन्य आपात स्थितियों में त्वरित कार्यवाही करने के तरीके सिखाए गए। साथ ही आपदा प्रबंधन उपकरणों के



उपयोग, खोज एवं बचाव तकनीकों, प्राथमिक उपचार, ब्व्ट, सैटेलाइट फोन संचालन, रोप रेस्क्यू, मरीज को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने (लिफ्टिंग एवं मूविंग), अस्थायी स्ट्रेचर बनाने और ब्लड कंट्रोल जैसी महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं का व्यावहारिक अभ्यास कराया गया।

इसके अलावा प्रशिक्षण में मौके की संवेदनशीलता को समझते हुए त्वरित निर्णय लेने, जोखिम कम करने की रणनीति, सुरक्षित स्थान की पहचान, रियल-टाइम डेटा के उपयोग और टीमवर्क पर विशेष जोर दिया गया।पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आगामी चारधाम यात्रा और मानसून सीजन को देखते हुए सभी थाना-कोतवाली स्तर पर पुलिस कर्मियों को आपदा प्रबंधन एवं राहत कार्यों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही स्थानीय स्वयंसेवकों को भी चयनित कर उन्हें प्राथमिक उपचार और रेस्क्यू कार्यों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा के दौरान तीर्थयात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं, ताकि किसी भी यात्री को असुविधा न हो। प्रशिक्षण में एसडीआरएफ टीम के मुख्य आरक्षी दुर्गेश रतुड़ी, आरक्षी शक्ति सिंह और पैरामेडिक अभिषेक सहित अन्य मौजूद रहे।

# पुरोला में ऑल इंडिया फुटबॉल टूर्नामेंट का रोमांचक मुकाबला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरोला/उत्तरकाशी।** जनपद के पुरोला खेल मैदान में "पुरोला फुटबॉल एकेडमी" के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय ऑल इंडिया लेवल फुटबॉल टूर्नामेंट का दूसरा दिन उत्साह और खेल भावना से भरपूर रहा। टूर्नामेंट में विभिन्न जनपदों और राज्यों से आई टीमों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया।

दूसरे दिन कुल 10 टीमों ने भाग लिया, जिनमें काठगोदाम, देहरादून, टिहरी, विकासनगर, उत्तरकाशी, नाकुरी, ऋषिकेश और बड़कोट सहित अन्य क्षेत्रों की टीमें शामिल

**■ टीमों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोहा**

रहीं। मैदान में खेले गए मुकाबले बेहद प्रतिस्पर्धात्मक रहे, जहां खिलाड़ियों ने अपनी तकनीक और फिटनेस का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।टूर्नामेंट की खास बात यह रही कि इसमें 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए भी विशेष प्रतियोगिता आयोजित की गई है। देहरादून और उत्तरकाशी की टीमों ने भाग लेकर खेल के प्रति अपने जुनून का परिचय दिया।

## एक नजर .......

### प्रमोशन के बाद भावना कैंथोला को उत्तरकाशी पुलिस ने दी भावभीनी विदाई

**उत्तरकाशी।** पुलिस लाइन उत्तरकाशी में शुक्रवार को एक भावुक क्षण देखने को मिला, जब पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी श्रीमती कमलेश उपाध्याय ने तैनात निरीक्षक श्रीमती भावना कैंथोला को पुलिस उपाधीक्षक पद पर पदोन्नति मिलने के बाद जनपद अल्मोड़ा स्थानांतरण पर विदाई दी। विदाई समारोह के दौरान एसपी उत्तरकाशी ने निरीक्षक कैंथोला को पुलिस उपाधीक्षक के बैच से अलंकृत किया गया तथा स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर उनके द्वारा उत्तरकाशी में किए गए उत्कृष्ट कार्यों, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की गई। कार्यक्रम में पुलिस उपाधीक्षक उत्तरकाशी जनक सिंह पंवार, प्रतिसार निरीक्षक शिव कुमार, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली दिनेश कुमार, प्रभारी निरीक्षक धरासू मनोज असवाल, प्रभारी निरीक्षक मनेरी दीपक नौटियाल, निरीक्षक टीकम सिंह चौहान, उपनिरीक्षक (अभिसूचना) राकेश बिष्ट, वाचक कोमल रावत, प्रभारी एसओजी निखिल देव चौधरी, उपनिरीक्षक यातायात लक्ष्मण सिंह चुफाल सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### उत्तरकाशी में संघ का भव्य पथ संचलन, सैकड़ों स्वयंसेवक हुए शामिल

**उत्तरकाशी।** हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2083 एवं चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के पावन अवसर पर उत्तरकाशी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) द्वारा भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया। शुक्रवार को आयोजित इस कार्यक्रम में सैकड़ों स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में रामलीला मैदान में एकत्र हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के चित्र पर माल्यार्पण एवं आद्य सरसंघचालक प्रणाम के साथ हुआ, जिसके बाद ध्वजारोहण किया गया। उल्लेखनीय है कि चौत्र शुक्ल प्रतिपदा का दिन डॉ. हेडगेवार की जयंती के रूप में भी मनाया जाता है। इस अवसर पर वक्ताओं ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदू नववर्ष का यह दिन सृष्टि के आरंभ, युग परिवर्तन और भारतीय संस्कृति की गौरवशाली परंपरा का प्रतीक है। डॉ. हेडगेवार के जीवन चरित्र को प्रेरणास्रोत बताते हुए उनके राष्ट्रभक्ति, संगठन निर्माण और समाज जागरण के योगदान को रेखांकित किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष नागेंद्र चौहान, पूर्व विधायक विजयपाल सजवाण, महामंत्री महावीर नेगी, पूर्व जिलाध्यक्ष मुरारी लाल भट्ट, किशोर भट्ट, वरिष्ठ अधिवक्ता जयप्रकाश नौटियाल, जगूडी, सत्ये सिंह राणा, जगमोहन रावत, विजय संतरी सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

### निगम की बोर्ड बैठक में पार्षदों ने गिनवाई समस्याएं, निराकरण का मिला आश्वासन

**कोटद्वार।** नगर निगम सभागार में बोर्ड बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें पार्षदों ने विभागीय अधिकारियों को जन समस्याओं से अवगत करवाया। इस दौरान जल्द समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया गया। महापौर शैलेंद्र सिंह रावत की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पार्षदों ने सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने की मांग उठाई। कहा कि शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। नगर निगम के हर वार्ड से समय पर कूड़ा उठाया जाएं। पार्षदों ने सड़क किनारे जर्जर हाल में खड़े विद्युत पोल की शिकायत रखी। कहा कि इन विद्युत पोलों से दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। बैठक में पार्षदों ने शहर में लगातार बढ़ रही आवारा गोवंश की समस्या भी रखी। कहा कि गोवंश संरक्षण के लिए गंभीरता से ध्यान दिया जाना चाहिए। कुछ माह पूर्व घर-घर 24 घंटे जल उपलब्ध करवाने के लिए खोदी गई सड़कों की मरम्मत नहीं होने पर भी पार्षदों ने रोष जताया। कहा कि इससे दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है। बोर्ड बैठक में स्टेशन रोड का नाम महाराजा अग्रसेन मार्ग रखने, वार्ड संख्या 29 में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. गोपाल नारायण गौड़ के नाम पर स्मृति द्वार बोर्ड बनाने, वर्षाकाल में जल भराव से बचाने के लिए नाला गैंग रखने संबंधित प्रस्ताव भी पारित हुए। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 1.37 अरब का बजट किया प्रस्तुत किया गया।

# केदारनाथ यात्रा से पहले पुलिस अलर्ट, संचार तंत्र बहाल, ड्रोन व सीसीटीवी से होगी निगरानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** आगामी केदारनाथ यात्रा को लेकर पुलिस विभाग ने अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। कपाट खुलने में अब मात्र 18 दिन शेष हैं। ऐसे में यात्रा को सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित बनाने को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है।

पुलिस अधीक्षक रुद्रप्रयाग के निर्देशन में पुलिस दूरसंचार टीम उपनिरीक्षक कपिल नैथानी के नेतृत्व में केदारनाथ धाम पहुंच चुकी है। टीम ने पूरे पैदल मार्ग और

**■ कपाट खुलने में 18 दिन शेष, यात्रा मार्ग पर सुरक्षा व संचार व्यवस्थाएं युद्धस्तर पर तैयार**

धाम क्षेत्र में वायरलेस सिस्टम को पुनर्स्थापित और सक्रिय करने का कार्य शुरू कर दिया है। ट्रायल के तौर पर सभी पुलिस चौकियों को वायरलेस नेटवर्क से जोड़ने की प्रक्रिया जारी है।

दूरसंचार टीम ने केदारनाथ में बर्फबारी के बीच रुद्राप्वाइंट के पास वायरलेस सेट स्थापित कर जिला नियंत्रण कक्ष से सफल संचार स्थापित किया है। इसके साथ ही वैकल्पिक व्यवस्था के तहत सैटेलाइट फोन से डेल्टा कम्युनिकेशन भी शुरू कर दिया गया है।

इस वर्ष यात्रा मार्ग और धाम क्षेत्र में कुल 181 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जो हर गतिविधि पर नजर रखेंगे। वहीं 21 महत्वपूर्ण स्थानों पर पीए सिस्टम के जरिए श्रद्धालुओं को मौसम, मार्ग और अन्य आवश्यक सूचनाएं दी जाएंगी। यात्रा के दौरान सोनप्रयाग, गुप्तकाशी और जिला मुख्यालय सहित विभिन्न क्षेत्रों में 6 ड्रोन तैनात किए जाएंगे।

# गढ़वाल विवि के वित्त अधिकारी डा. मोहंती ने संभाला कार्यभार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के नवनियुक्त वित्त अधिकारी डा. अशोक कुमार मोहंती ने विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उनके कार्यभार ग्रहण करने पर गढ़वाल विवि के अधिकारियों द्वारा उनका मव्य स्वागत किया गया। बताते चले कि 28 जनवरी को गढ़वाल विवि गढ़वाल विवि के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह की अध्यक्षता में 32वीं कार्य परिषद की बैठक सम्पन्न हुई थी। बैठक में डा. एके मोहंती को गढ़वाल विवि का वित्त अधिकारी पर चयन किया गया था।



**■ शिक्षकों व अधिकारियों ने किया भव्य स्वागत**

गुरुवार को उन्होंने गढ़वाल विवि पहुंचकर उन्होंने विधिवत कार्यभार ग्रहण कर दिया है। डा. मोहंती इससे पहले बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय लखनऊ के वित्त अधिकारी के पद पर कार्यरत थे। मौके पर डॉ. अशोक कुमार मोहंती ने कहा कि वे विश्वविद्यालय के वित्तीय अनुशासन को सुदृढ़ करने के साथ-साथ संसाधनों के बेहतर उपयोग पर विशेष ध्यान देंगे और संस्थान को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का प्रयास करेंगे।इस अवसर पर कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने कहा कि डॉ. मोहंती के अनुभव का लाभ विश्वविद्यालय को मिलेगा और वित्तीय प्रबंधन में और अधिक पारदर्शिता व मजबूती आएगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि विश्वविद्यालय के विकास कार्यों को गति मिलेगी।

# 'अभियान प्रहरी पड़ाव' के तहत ग्राम सल्या में रात्रि चौपाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जिले में पुलिस और जनता के बीच आपसी समन्वय स्थापित करने तथा दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा का वातावरण सुदृढ़ करने को लेकर "अभियान प्रहरी पड़ाव" निरन्तर जारी है। इसी क्रम में शुक्रवार रात्रि को कोतवाली गुप्तकाशी पुलिस ने उप निरीक्षक हर्षमोहन के नेतृत्व में ग्राम सल्या में रात्रि चौपाल का आयोजन किया।

कार्यक्रम में ग्राम प्रधान, महिला मंगल दल, युवक मंगल दल सहित समस्त ग्रामवासियों ने सक्रिय रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने पुलिस के समक्ष गांव की भौगोलिक और सामाजिक परिस्थितियों से जुड़ी



समस्याओं को साझा किया, जिस पर पुलिस टीम ने सकारात्मक कार्यवाही का भरोसा दिलाया।

'अभियान प्रहरी पड़ाव' के व्यापक उद्देश्यों को आगे बढ़ाते हुए पुलिस टीम द्वारा उपस्थित जनसमूह को वर्तमान की गंभीर चुनौतियों, विशेषकर साइबर अपराधों के बढ़ते ग्राफ और उनसे बचाव के तकनीकी तरीकों के बारे में विस्तार से जागरुक किया गया। कोतवाली गुप्तकाशी के साइबर भिज्ञ आरक्षी राकेश रावत ने उपस्थित लोगों को उनकी ही भाषा यानि गढ़वाली बोली में साइबर अपराध की बारीकी से जानकारी दी गई। इसके साथ ही,

**■ नशे और साइबर अपराध के विरुद्ध ग्रामीणों को किया जागरुक**

युवाओं को नशे के चंगुल से बचाने के लिए नशे के दुष्प्रभावों और इसके विरुद्ध कानूनी कठोरता की जानकारी देते हुए समाज को नशा मुक्त बनाने की अपील की गई। पुलिस ने महिला सुरक्षा और बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति को स्पष्ट करते हुए विभिन्न कानूनी हेल्पलाइनों और अधिकारों के प्रति ग्रामीणों को जागरुक किया।

विदित हो कि अभियान प्रहरी पड़ाव के अन्तर्गत पुलिस केवल थाना मुख्यालयों तक सीमित न रहकर स्वयं दुर्गम गांवों में पड़ाव डाल रही है, ताकि गांव के अंतिम व्यक्ति तक पुलिस की पहुंच सुनिश्चित हो सके। ग्राम सल्या में पुलिस के इस मानवीय और संवेदी चेहरे को देखकर ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस की मुक्तकंठ से सराहना की। चौपाल के समापन पर समस्त ग्रामवासियों, महिला एवं युवक मंगल दलों ने क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस प्रशासन को हर संभव सहयोग देने का सामूहिक संकल्प लिया। इस पहल से न केवल पुलिस-जनता के संबंधों में प्रगाढ़ता आई है, बल्कि अपराधियों के विरुद्ध सूचना तंत्र को भी मजबूती मिली है।

## अनुसंधान की अवधारणा व डिजाइन के बारे में बताया

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग एवं भौतिक विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रिसर्च मेथडोलॉजी कार्यशाला के तीसरे दिन अनुसंधान की अवधारणा, अनुसंधान डिजाइन, क्रियात्मक अनुसंधान एवं व्यवस्थित समीक्षा के विषय सहित आदि विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी गई। मौके पर श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय, उत्तराखण्ड के परीक्षा नियंत्रक ने अनुसंधान की अवधारणा, अनुसंधान डिजाइन, क्रियात्मक अनुसंधान एवं व्यवस्थित समीक्षा के विषय में विस्तार से जानकारी दी।

# यात्रा मार्ग के ढाबों, रेस्टोरेंटों में नही आने दी जाएगी एलपीजी की कमी: भट्ट



■ एलपीजी कोटे में 6 फीसदी वृद्धि पर केंद्र का आभार जताया ■ कहा, सफल सुगम सुरक्षित में मददगार होगी यात्रा ■ यात्रा प्रदेश की आर्थिक रीढ़, एलपीजी- पेट्रोलियम पदार्थों की अफवाह से बचे: भाजपा

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने चार धाम यात्रा को देखते हुए, केंद्र द्वारा व्यावसायिक एलपीजी कोटे में की गई वृद्धि का स्वागत किया है। प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने भरोसा दिलाया कि यात्रा को लेकर ढाबों, रेस्टोरेंटों में एलपीजी और वाहनों के लिए पेट्रोलियम पदार्थों की कमी नहीं होने दी जाएगा। मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में इस वर्ष की यात्रा सफल, सुगम, सुरक्षित और नए रिकॉर्ड कायम करने वाली होगी। वहीं सभी लोगों से यात्रा मार्ग में एलपीजी, पेट्रोल डीजल की कमी की अफवाहों से बचने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि वर्तमान खाड़ी युद्ध संकट के चलते उत्तराखंड सरकार भी एलपीजी और पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता को लेकर गंभीरता से कदम उठा रही है। इसी क्रम में 19 अप्रैल से शुरू होने वाली चारधाम यात्रा को लेकर भी इस मुद्दे पर सरकार गंभीर है। उन्होंने सफल और सुरक्षित यात्रा की दृष्टि से प्रदेश सरकार की तैयारियां पर संतोष व्यक्त किया। कहा, आज एलपीजी और पेट्रोलियम पदार्थों की देश और प्रदेश में पर्याप्त स्टॉक है। जिसमें पहले ही केंद्र सरकार, प्रदेश को 20 फीसदी अतिरिक्त कोटा प्रदान कर चुकी है। चूंकि चार धाम यात्रा शुरू होने वाली है, ऐसे में यात्रा मार्गों पर संचालित होने वाले ढाबों, रेस्टोरेंट और होटल में एलपीजी को लेकर चिंता जताई जा रही थी। राज्य सरकार की तैयारी और केंद्र सरकार द्वारा 6 फीसदी अलग से व्यवसायिक कोटा देने के बाद, प्रदेश की यह चिंता भी अब समाप्त हो गई है। इसी तरह यात्रा मार्ग पर पेट्रोल डीजल सीएनजी की उपलब्धता पूरी तरह से बनी रहे , इसको लेकर भी राज्य सरकार मुस्तैदी से कदम उठा रही है। उन्होंने यात्रा के दौरान आपूर्ति व्यवस्था बनाए रखने में केंद्र के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया है।

भट्ट ने कहा कि चारधाम यात्रा राज्य की आर्थिक रीढ़ है और लाखों लोगों का व्यवसाय इससे जुड़ा हुआ है। लिहाजा उन्होंने सभी लोगों से आग्रह किया कि पर्यटकों या तीर्थ यात्रियों की सभी संभव जरूरतों को लेकर अनधिकृत और अपुष्ट दावों पर अनावश्यक चर्चा से बचें। क्योंकि यात्रा के दौरान जरूरी खाने-पीने, आवास और ईंधन को लेकर फैलने वाली अफवाहों का नकारात्मक असर यात्रा पर पड़ सकता है। प्रदेश की जनता को सरकार की तैयारियां पर यकीन है कि एक भी यात्री को इस तरह की कोई दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। अतिथि देवो भव: की भावना के साथ राज्य सरकार सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा के लिए संकल्पबद्ध होकर कार्य कर रही है।

# जिला प्रशासन की कार्रवाई, हीरा गैस सर्विस के 14 हजार कनेक्शन ट्रांसपफर

■ लापरवाही व कालाबाजारी बर्दाश्त नहीं: डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** जनपद में एलपीजी गैस वितरण व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए जिलाधिकारी सविन बंसल ने कड़ा रुख अपनाया है। शिकायतों की पुष्टि होने के बाद जिला प्रशासन ने मैसर्स हीरा गैस सर्विस के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए उसके सभी 14 हजार गैस कनेक्शनों को निकटवर्ती गैस एजेंसियों में स्थानांतरित कर दिया है।

जिलाधिकारी को लंबे समय से हीरा गैस सर्विस द्वारा वितरण में अनियमितता बरतने की शिकायतें मिल रही थीं। जांच में गड़बड़ी पाए जाने और पूर्व में मुकदमा दर्ज होने के बावजूद कार्यप्रणाली में सुधार न होने पर यह सख्त कदम उठाया गया है।

उपभोक्ताओं को असुविधा न हो, इसके लिए इन कनेक्शनों को अनिल इंडेन गैस सर्विस एवं आर्केडिया इंडेन गैस सर्विस को सौंप दिया गया है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि गैस वितरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या कालाबाजारी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिले में शत-प्रतिशत होम डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्रवार क्यूआरटी (क्विक रिस्पांस टीम) का गठन किया गया है। इन टीमों ने आज विभिन्न एजेंसियों का निरीक्षण कर आपूर्ति और स्टॉक की स्थिति जांची। जिला प्रशासन के कंट्रोल रूम और व्हाट्सएप नंबर पर प्राप्त 15 शिकायतों का तत्काल निस्तारण भी किया गया।

आज जिले में कुल 17,527 घरेलू और 970 व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की आपूर्ति की गई। वर्तमान में जनपद में 35,167 घरेलू और 3,642 व्यावसायिक सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है।



# मुख्यमंत्री से की उपसेना प्रमुख ने शिष्टाचार मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में उप सेना प्रमुख (रणनीति) लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने शिष्टाचार भेंट की।

इस अवसर पर दोनों के मध्य विभिन्न समसामयिक एवं सामरिक विषयों पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड जैसे सीमावर्ती राज्य में विकास, आपदा प्रबंधन एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से सेना का सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राज्य सरकार और भारतीय सेना के बीच बेहतर समन्वय से राज्य के विकास कार्यों को और गति मिलेगी।

# मैं दो-चार दिन आराम के लिए विज्ञप्ति जारी नहीं करता: हरक सिंह

■ कहा, पहले मैं नॉनवेज खाता था, अब नही खाता, क्या मैने किसी को बताया

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड कांग्रेस की गुटबाजी अब खुल कर सामने आ चुकी है। हरीश रावत के करीबी पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल और धारचूला विधायक हरीश धामी के बयान के बाद हरक सिंह रावत भी मुखर दिखाई दिये।

शुक्रवार को कांग्रेस भवन पहुंचे चुनाव प्रबंधन समिति अध्यक्ष डॉ. हरक सिंह रावत ने कहा कि, मैं कभी भी दो-चार दिन आराम पर जाने के लिए विज्ञप्ति जारी नहीं करता, मगर हर व्यक्ति की अपने काम करने की शैली अलग होती है, हम कभी इस बात का खुलासा नहीं करते हैं कि हमने 5-6 दिन के लिए व्रत ले लिया है। हरक सिंह ने कहा कि कई बार उनके जीवन में ऐसा हुआ कि जब कभी भी उन्होंने नॉनवेज खाना शुरू किया, दो-चार दिन खाने के बाद अगर किसी पशु के साथ हो रही हिंसा को सोशल मीडिया में देखा, तो उसके बाद मेरा मन नॉनवेज खाने को नहीं करता है। उसके बाद मन ही मन कसम खा लेता था, कि अब कभी मांसाहार का सेवन नहीं करूंगा, पिछले दो-तीन साल से नॉनवेज खाना छोड़ रखा था, उसके बाद एक बार फिर से नॉनवेज खाना शुरू किया, फिर से वही हालात दिखने लगे, उसके बाद अब फिर से नॉनवेज छोड़ दिया। क्या मैंने कभी इसकी विज्ञप्ति सोशल मीडिया पर जारी की, मगर आज मीडिया के माध्यम से अब यह विज्ञप्ति भी जारी हो गई, कि मैंने मांसाहार छोड़ दिया है।

## हरदा बड़े भाई, उन्होंने कांग्रेस के विरुद्ध एक भी शब्द नहीं बोला: हरक



**देहरादून।** चुनाव प्रबंधन समिति अध्यक्ष डॉ. हरक सिंह रावत ने कहा हरीश रावत उनके बड़े भाई के समान हैं, उनकी उम्र भी काफी हो गई है। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में बहुत मेहनत की है। आज उम्र के इस पड़ाव पर पहुंचकर कोई इतनी मेहनत नहीं कर सकता है, जितना हरीश रावत करते हैं। उन्होंने कांग्रेस के विरुद्ध एक भी शब्द अभी तक नहीं बोला है। उनकी तरफ से अभी तक कांग्रेस की कोई आलोचना नहीं की गई है। हरक सिंह रावत का कहना है कि वह पहले से ही इस बात को कहते आए हैं कि अगर आयु बढ़ानी है तो अपने राजनीतिक जीवन काल में चुनाव लड़ते रहना चाहिए।

### 59 वर्षों के अटूट गठबंधन में छोटा सा विराम लेना मेरा स्वाभाविक अधिकार

# अर्जित अवकाश का संकल्प न टूटेगा, न बदलेगा: हरदा



■ कहा, अपनी बात भी कही और हमेशा पार्टी नेतृत्व के निर्णयों को सर्वोपरि माना

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने अपने हालिया 'अर्जित अवकाश' को लेकर उठ रही चर्चाओं पर स्पष्ट और भावुक प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि 59 वर्षों से अधिक समय तक निरंतर कर्तव्य निभाने के बाद थोड़ा विराम लेना उनका स्वाभाविक अधिकार है, जिसे अनावश्यक रूप से पक्ष-विपक्ष का मुद्दा नहीं बनाया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा, 59 वर्षों से अधिक के इस लंबे परिणय-सूत्र बंधन में निरंतर कर्तव्यरत रहने के दौरान एक छोटा अर्जित अवकाश लेना मेरा स्वाभाविक अधिकार बनता है। इस अटूट गठबंधन के दौरान कभी-कभी कुछ ऐसे क्षण आ सकते हैं, जब असहजता का अनुभव हो, लेकिन बड़े परिप्रेक्ष्य में स्थितियों को समझना पड़ता है।

रावत ने अपील की कि उनके अवकाश को लेकर राजनीतिक या वैचारिक खेमेबंदी न की जाए। उन्होंने वरिष्ठ नेता गोविंद सिंह कुंजवाल के साथ अपने संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा, उनसे मेरा लंबा मानसिक और भावनात्मक जुड़ाव है, इसलिए उनके शब्द स्वाभाविक हैं।

उन्होंने आगे कहा कि कुछ लोगों ने उन्हें भाई या पिता समान माना है, इसलिए उनकी भावनाएं भी स्वाभाविक हैं। यदि मेरी वजह से किसी को ठेस पहुंची है, तो मैं विनम्रतापूर्वक क्षमा चाहता हूँ।

अपने लंबे राजनीतिक जीवन का जिक्र करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि उन्होंने हमेशा पार्टी नेतृत्व के निर्णयों को सर्वोपरि माना है। कहा कि, मैंने हमेशा स्वयं को एक कार्यकर्ता माना है और अंतिम रूप से शीर्ष नेतृत्व के निर्णय को शिरोधार्य किया है। कभी-कभी निवेदन किया होगा, लेकिन अंतत: निर्णय का सम्मान ही किया है। अपने संकल्प को दोहराते हुए रावत ने दृढ़ता से कहा कि यह 59 वर्षों का व्रत अब अटूट संकल्प बन चुका है। यह न टूटेगा, न बदलेगा,।

## नौजवानों के लिए मेरी हड्डियां हमेशा उपलब्ध रहेंगी: रावत

**देहरादून।** युवाओं को संदेश देते हुए उन्होंने भावुक अंदाज में कहा, 2027 में जो नौजवान अपने लिए संभावनाएं देख रहे हैं, उनसे कहना चाहता हूँ कि महर्षि दधीचि की तरह यदि उन्हें मेरी हड्डियों की भी आवश्यकता होगी, तो हरीश रावत की हड्डियाँ भी उनके भविष्य को संवारने के लिए हमेशा उपलब्ध रहेंगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अवकाश के दौरान भी वे पूरी तरह सक्रिय हैं। मैं निरंतर सक्रिय हूँ और अपनी हड्डियाँ घिस रहा हूँ। इस लंबे अंतराल में मेरा विभिन्न लोगों, समूहों, क्षेत्रों और जन अपेक्षाओं से गहरा जुड़ाव रहा है। जीवन के इस मोड़ पर मुझे उनके परामर्श की आवश्यकता है और उनसे जुड़ाव को फिर से मजबूत करने के लिए उनके बीच जाना भी जरूरी है।

## पुष्कर ने छोड़ी कांग्रेस

**देहरादून।** कांग्रेस में चल रही जुबानी जंग के बीच रामगढ़ से पूर्व ब्लॉक प्रमुख लाखन नेगी की कांग्रेस में जॉइनिंग के नाराज नैनीताल के पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष पुष्कर नयाल ने कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। पुष्कर नयाल नैनीताल विधानसभा के प्रभारी थे। उन्होने त्याग पत्र देते हुए कांग्रेस संगठन पर अनदेखी का आरोप लगाया। वहीं, बताया जा रहा है कि नयाल भीमताल विधानसभा क्षत्र से अपनी दावेदारी ठोक रहे थे।

# कृषि व बागवानी के क्षेत्र में विकास की संभावनाओं पर चर्चा



■ अरुणाचल प्रदेश आगमन पर ईटानगर एयरपोर्ट पर कृषि मंत्री का पार्टी कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत, उत्तराखंड के कृषि क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों को वांगसू ने सराहा

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून/ईटानगर।** प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी का अरुणाचल प्रदेश आगमन पर ईटानगर एयरपोर्ट पर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इसके उपरांत अरुणाचल प्रदेश के कृषि मंत्री गेब्रियल डी. वांगसू ने शिष्टाचार भेंट कर कृषि मंत्री गणेश जोशी का राज्य में आगमन पर पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

इस दौरान दोनों कृषि मंत्रियों के बीच उत्तराखंड एवं अरुणाचल प्रदेश में कृषि और बागवानी के क्षेत्र में हो रहे नवाचारों, योजनाओं तथा विकास की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। उन्होंने दोनों राज्यों के बीच कृषि तकनीक, आधुनिक खेती के तरीकों एवं किसानों की आय बढ़ाने के लिए आपसी सहयोग को और मजबूत करने पर भी जोर दिया। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि राज्यों के बीच अनुभवों का आदान-प्रदान किसानों के हित में महत्वपूर्ण साबित होगा और इससे कृषि क्षेत्र को नई दिशा मिलेगी। वहीं अरुणाचल प्रदेश के कृषि मंत्री गेब्रियल डी वांगसू ने उत्तराखंड के कृषि क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य में संयुक्त प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया।

# दिव्यांशु हत्याकांड: प्रदर्शन के बाद सीएम से मिली किसानों की 13 सदस्यीय कमेटी

■ आंदोलन समाप्त, न्याय मिलने तक सक्रिय रहेगी समिति



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** राजधानी देहरादून में मुजफ्फरनगर के रहने वाले छात्र दिव्यांशु जटराना की हत्या के विरोध में शुक्रवार को किसानों ने प्रदर्शन किया। किसान नेता राकेश टिकैत के नेतृत्व में प्रदर्शन हुआ। किसानों ने मामले में मुख्यमंत्री से मुलाकात की मांग की, जिसके बाद 13 सदस्यीय कमेटी को सीएम धामी ने मुलाकात का वक्त दिया। सीएम धामी से मुलाकात के बाद देहरादून में किसानों ने अपना आंदोलन खत्म कर दिया है। अब मामले में न्याय मिलने तक 13 समिति कमेटी सक्रिय रहेगी।

इससे पहले शुक्रवार सुबह से ही पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के अलग-अलग जिलों से बड़ी संख्या में किसान देहरादून आईएसबीटी के पास स्थित आशारोड़ी चौकी पर जुटने शुरू हो गए। सभी किसान दिव्यांशु जटराना को श्रद्धांजलि देने के साथ-साथ हत्या के आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और न्याय की मांग कर रहे हैं। किसानों की बढ़ती संख्या और आक्रोश को देखते हुए देहरादून पुलिस और प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर रहा। हालात को नियंत्रित करने के लिए पुलिस और किसान नेताओं के बीच कई दौर की वार्ता हुई। पहले एसपी सिटी स्तर पर बातचीत हुई, लेकिन सहमति नहीं बनने पर देहरादून के एसएसपी प्रमेंद्र डोभाल खुद धरना स्थल पर पहुंचे और किसान नेता राकेश टिकैत सहित अन्य नेताओं से बात. चीत की। लंबी बातचीत के बाद एक सहमति बनी, जिसके तहत किसानों की 13 सदस्यीय कमेटी बनाई गई है। वहीं, किसानों ने तय किया कि कमेटी लगातार सरकार और पुलिस के साथ संपर्क में रहकर दिव्यांशु हत्याकांड की जांच और कार्रवाई की निगरानी करेगी, ताकि दोषियों के खिलाफ जल्द से जल्द सख्त कदम उठाए जा सकें। इस पूरे मामले पर एसएसपी प्रमेंद्र डोभाल ने बताया कि पुलिस जांच तेजी से जारी है। कुछ आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि फरार आरोपियों पर ईनाम की राशि बढ़ाकर 50 हजार रुपये कर दी गई है। साथ ही उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की विशेष टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि किसान संगठनों की मांग न्याय की है और पुलिस का भी यही उद्देश्य है कि दोषियों को जल्द से जल्द पकड़कर सख्त कार्रवाई की जाए. इसके अलावा 13 सदस्यीय किसान कमेटी को जांच से जुड़े हर पहलू की जानकारी देने का भरोसा भी दिया गया है।

# प्रख्यात समाजसेवी स्व डॉ. नित्यानंद के जन्म शताब्दी वर्ष में डाक टिकट जारी करने की मांग

■ राज्यसभा सांसद डॉ नरेश बंसल ने सदन के माध्यम से की मांग

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा राष्ट्रीय सहकोषाध्यक्ष एवं सांसद राज्यसभा डा. नरेश बंसल ने सदन के माध्यम से सरकार से मांग की कि देहरादून के डीबीएस कॉलेज में भूगोल के प्रोफेसर रहे प्रख्यात समाजसेवी स्व डॉ नित्यानंद के जन्म शताब्दी वर्ष में एक डाक टिकट जारी किया जाय व पदम पुरस्कार से सम्मानित किया जाए।डा. नरेश बंसल ने सदन मे कहा कि स्व डॉ नित्यानंद का पूरा जीवन सेवा, समर्पण व त्याग की अनूठी मिसाल है। 1991 में गढ़वाल में आये विनाशकारी भूकंप से प्रभावित परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने व उनके बच्चों को पढ़ाने के लिए डॉ नित्यानंद ने मनेरी को केंद्र बनाकर संघ के स्वयंसेवकों द्वारा 50 गांवों में शुरू किये गये सेवा कार्यों का मार्गदर्शन किया। 1975 से पार्शियल पैरालिसिस से ग्रस्त इस कर्म योगी ने डॉक्टर की सलाह को अनदेखा कर पहाड पर प्रवास जारी रखा। 400 से अधिक परिवारों को भूकंप रोधी घर बनाकर दिए।डा. नरेश बंसल ने कहा कि 1945 से जीवन की अंतिम सांस तक संघ के पूर्णकालिक वर्षों प्रांत कार्यवाह रहे डॉ नित्यानंद को उत्तरांचल दैवीय आपदा पीडित सहायता समिति के गठन का श्रेय जाता है। जो 34 वर्षों से देश के किसी भी हिस्से में आई आपदा में पीडितों की मदद का हर संभव प्रयास करती है।

# यात्रा तैयारियों को लेकर बीकेटीसी ने कसी कमर

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ यात्रा तैयारियों को लेकर बद्री-केदार मंदिर समिति ने कमर कस ली है। समिति की एक टीम धाम पहुंच गई है, जो मंदिर के सामने और आस-पास बर्फ सफाई के कार्य में जुट गई है। साथ ही बिजली व पानी व्यवस्था में जुट गई है।

बता दें कि ओंकारेश्वर मंदिर में भैरव पूजा के साथ बाबा केदारनाथ यात्रा का आगाज होगा। डोली 19 अप्रैल को शीतकालीन गद्दीस्थल से रवाना होकर 21 अप्रैल दोपहर तक धाम पहुंच जाएगी। जिसके बाद 22 अप्रैल की सुबह बाबा केदारनाथ के कपाट खोल दिए जाएंगे। ऐसे में यात्रा तैयारियों को लेकर बद्री-केदार मंदिर समिति ने भी कमर कस ली है। बीकेटीसी सदस्य विनीत पोस्ती के नेतृत्व में धाम पहुंची टीम इन दिनों मंदिर प्रांगण में बर्फ सफाई के कार्य में जुटी हुई है। जबकि भवनों में बिजली और पानी की व्यवस्थाएं भी दुरूस्त की जा रही है। मंदिर समिति का दावा है कि धाम पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को बेहतरीन सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। धाम में व्यवस्थाओं को बनाने में जिला प्रशासन का भी सहयोग लिया जाएगा।


**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।


# उपनल कर्मचारियों के साथ सरकार ने फिर किया विश्वासघात: धस्माना

■ नियमितीकरण की जगह फिर से अनुबंध का प्रावधान

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उपनल कर्मचारियों के साथ हो रहा यह व्यवहार किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सीधा तमाचा है। यह सिर्फ एक प्रशासनिक निर्णय नहीं, बल्कि सुनियोजित अन्याय, क्रूरता और विश्वासघात का जीवंत उदाहरण है। देश के शीर्ष न्यायालय के स्पष्ट आदेशों को दरकिनार कर उत्तराखंड सरकार की और से समान वेतन और नियमितीकरण देने के बजाय कर्मचारियों को और अधिक असुरक्षित बनाने के लिए जबरन अनुबंध थोपना, न्यायपालिका की खुली अवमानना है, यह बात शुक्रवार को उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने अपने कैंप कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। उन्होंने कहा कि कार्मिक विभाग की और से 10 वर्ष की सेवा पूरी कर चुके उपनल कर्मियों के लिए जारी यह अनुबंध पत्र वास्तव में एक 'काला कानून' है, ऐसा दस्तावेज, जो कर्मचारियों के अधिकारों को कुचलने और उनके भविष्य को बंधक बनाने के लिए तैयार किया गया है। धस्माना ने बिल्कुल कहा है कि यह अनुबंध सरकार की दमनकारी, निरंकुश और तानाशाही सोच का आईना है।

# डीबीएस कॉलेज में नेत्र जांच शिविर आयोजित

■ इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स का विवेकपूर्ण उपयोग करें: डॉ. अनिल वर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

देहरादून। ऑनलाइन पढ़ाई के कारण शिक्षा ग्रहण करना भले ही सुगम हो गया हो, मगर लगातार लैपटॉप या मोबाइल आदि के डिजिटल स्क्रीन को देखने से आँखों पर गंभीर दुष्प्रभाव देखने को मिल रहे हैं, यह बात जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के प्रबंधन समिति सदस्य व यूथ रेड क्रास के आपदा प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. अनिल वर्मा ने डीबीएस महाविद्यालय में आयोजित नि:शुल्क नेत्र परीक्षण एवं परामर्श शिविर के उद्घाटन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि कही।

उन्होंने कहा कि लम्बे समय तक स्क्रीन देखने से होने वाले दुष्प्रभावों में कंप्यूटर विजन सिंड्रोम, मायोपिया, सूखी आँखे, आँखों से पानी बहना तथा चश्मे का नम्बर बढ़ना शामिल है। कार्यक्रम अध्यक्ष व कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनिल पाल ने कहा कि लगातार स्क्रीन पर नजर टिकाये रखने से डिजिटल आई स्ट्रेन का खतरा बहुत बढ़ गया है। शिविर संयोजक व कॉलेज के रेड क्रास सोसाइटी प्रभारी डॉ. अजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि आँखें ईश्वर की जीवों को अनमोल उपहार हैं। स्पेक्स स्मार्ट के नेत्र परीक्षक डॉ. अरविन्द पाठक ने डिजिटल आई स्ट्रेनया कम्प्यूटर विजन सिंड्रोम से बचने के लिए कुछ उपाय बताते हुए कहा कि 20-20-20 का फार्मूला अपनाने की सलाह दी। डॉ. अजय श्रीवास्तव ने बताया कि 289 प्राध्यापकों तथा छात्र-छात्राओं ने नि:शुल्क जांच कराकर परामर्श प्राप्त किया। इस मौके पर यूथ रेड क्रास सह प्रभारी डॉ. देवदत्त, डॉ. सोनू द्विवेदी, डॉ. राधेश्याम, डॉ. राकेश सिंह, पूर्व एनएसएस अधिकारी डॉ. शैल कुलश्रेष्ठ, डॉ. राज लक्ष्मी दत्ता, पूर्व एनएस एस अधिकारी डॉ. सुरेखा कन्नौजिया, एनएसएस अधिकारी डॉ. बिद्युत बोस, डॉ. पारितोष सिंह, डॉ. केपी सिंह, डॉ. गरिमा चौहान, डॉ. दिलीप शर्मा, डॉ. अरविन्द चौधरी, भूगर्भ विभागाध्यक्ष डॉ. दीपक भट्ट, डॉ. अटल बिहारी वाजपेई, डॉ. जे पी गुप्ता व लाइब्रेरियन पूजा पंवार आदि मौजूद रही।

# महाराज ने दृष्टि की मृत्यु पर गहरी संवेदना व्यत्तफ कर उनके पिता को ढांढस बंधया

■ डीएफओ को आदमखोर गुलदार को शीघ्र मारने के निर्देश

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**पौड़ी।** प्रदेश के कैबिनेट मंत्री एवं चौबट्टाखाल विधायक सतपाल महाराज ने अपने विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कुंजखाल/भतकोट में गुलदार के हमले मारी गई भतकोट गाँव निवासी 4 वर्षीय बच्ची दृष्टि की मृत्यु पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए उनके पिता हरेंद्र सिंह को ढांढस बंधाया। उन्होंने प्रभागीय वनाधिकारी पौड़ी को निर्देश दिए हैं कि आदमखोर गुलदार को पकड़ने के लिए पर्याप्त पिंजरे लगाने के साथ-साथ शीघ्र उसे मार कर स्थानीय लोगों की सुरक्षा की जाये।

महाराज ने विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत में गुलदार के हमले मारी गई भतकोट गाँव निवासी 4 वर्षीय बच्ची दृष्टि पुत्री हरेंद्र सिंह की मृत्यु पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए उनके परिवार को ढांढस बंधाया और प्रभागीय वनाधिकारी पौड़ी को निर्देश दिए कि वह आदमखोर गुलदार को पकड़ने के लिए अपनी टीम को मुस्तैद रखने के साथ-साथ पिंजरों की संख्या बढाने के अलावा आदमखोर को शीघ्र मार कर स्थानीय लोगों की सुरक्षा की जाये। प्रभागीय वनाधिकारी ने महाराज के निर्देशों का संज्ञान लेते हुए पिंजरों बढ़ाने के अलावा आदमखोर को मारने की विधिवत् स्वीकृति ले ली।

# युवती से विवाद के बाद युवक ने खुद को गोली मारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** रानीपुर कोतवाली क्षेत्र के गैस प्लांट चौकी इलाके में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक युवक ने कथित तौर पर खुद को गोली मारकर अपनी जान दे दी। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। वहीं पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, फैजाबाद (उत्तर प्रदेश) की मूल निवासी और वर्तमान में जमालपुर स्थित राम वाटिका में रहने वाली एक युवती ने गैस प्लांट चौकी पर शिकायत दर्ज कराई। युवती का आरोप है कि उसके गांव का रहने वाला सुजेश उर्फ सुजीत उससे जमालपुर चौक के पास मिला। इस दौरान युवक के पास पिस्टल थी और उसने उसके साथ मारपीट की। आरोप है कि युवक ने उसका मोबाइल फोन भी छीन लिया और जान से मारने की धमकी देते हुए



मौके से फरार हो गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी का मोबाइल नंबर लेकर उसकी लोकेशन ट्रेस की। लोकेशन के आधार पर पुलिस टीम बहादराबाद स्थित इंडियन वोटिंग प्लांट गैस प्लांट क्षेत्र के पास एक खाली मैदान में पहुंची, जहां युवक मृत अवस्था में मिला। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि युवक ने अपने पास मौजूद पिस्टल से खुद को गोली मार ली थी। पुलिस ने मौके से हथियार बरामद कर लिया है और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि युवक ने अपने पास मौजूद पिस्टल से खुद को गोली मार ली थी। पुलिस ने मौके से हथियार बरामद कर लिया है और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और जांच के निर्देश दिए। फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है और युवती के आरोपों समेत सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और जांच के निर्देश दिए। फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है और युवती के आरोपों समेत सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### मुख्यमंत्री के निर्देशन में जनपद को स्वच्छ, सुंदर, क्लीन एवं मॉडल जनपद बनाने का है लक्ष्य

# शहरी क्षेत्रों से लेकर गांव कस्बों तक चलाया जा जा रहा है वृहद सफाई अभियान

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** तीर्थ नगरी हरिद्वार को साफ स्वच्छ,सुंदर जनपद बनाए जाने की दिशा में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित निरंतर प्रयासरत है तथा विगत 05 माह से जनपद में चलाया जा रहा सफाई अभियान, इस अभियान को ओर गति देने के लिए एवं चार धाम यात्रा के दृष्टिगत जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में जनपद के शहरी क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है,इस अभियान की सफलता के लिए जिलाधिकारी द्वारा नोडल अधिकारी तैनात किए गए है, जिनके द्वारा अपने अपने क्षेत्रों में वृहद सफाई अभियान चलाया जा रहा है। दूसरे चरण में शुरू किए गए के सफाई अभियान में तैनात किए गए सभी नोडल अधिकारियों द्वारा अपने अपने क्षेत्रों में वृहद सफाई अभियान में




अपनी भागीदारी सुनाश्चित करते हुए सफाई का कार्य किया जा रहा है, जिससे कि जनपद हरिद्वार को साफ,स्वच्छ जनपद बनाए जा सके।

सोमवार को चलाए गए सफाई अभियान में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 18, 6,70 किलोग्राम सूखा एवं गीला कूड़ा एकत्रित किया गया। आज चलाए गए सफाई अभियान में युवा कल्याण विभाग के माध्यम से महिला मंगल दलों एवं युवक मंगल दल द्वारा सफाई अभियान चलाया गया,महिला समूह एवं स्वयं सेवी संस्थाओं सैनिक कल्याण पर्यटन विभाग, कृषि मण्डी उत्पादन समिति, सिडकुल, बी एच ई एल नगर निगम, नगर पंचायत, जिला पंचायत एवं खण्ड विकास अधिकारियो आदि सहित अपने अपने क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

# दमड़ी यात्रा के स्वागत की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज के 649वें प्रकाश उत्सव के उपलक्ष्य में पंजाब से आने वाली पारंपरिक दमड़ी यात्रा के भव्य स्वागत की तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं। दमड़ी यात्रा के स्वागत को लेकर शुक्रवार को यात्रा संयोजक राजबीर सिंह कटारिया के आवास पर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में यात्रा की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया और श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गयी।

राजबीर सिंह कटारिया ने बताया कि दमड़ी यात्रा 4 अप्रैल को सुबह करीब 10 बजे ज्वालापुर पुल जटवाड़ा पहुंचेगी। यहां से हजारों श्रद्धालु पैदल यात्रा करते हुए हरकी पैड़ी स्थित गुरु रविदास मंदिर तक प्रस्थान करेंगे। यात्रा मार्ग पर



श्रद्धालुओं के स्वागत, जलपान और सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस बार यात्रा में 20 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। आयोजन को भव्य और ऐतिहासिक बनाने की तैयारी की जा रही है। रविदासिया समाज के लोग जगह-जगह बैठकों के माध्यम से यात्रा को सफल बनाने में जुटे हैं। उन्होंने बताया कि दमड़ी यात्रा के दौरान भजन-कीर्तन, सत्संग और गुरु रविदास महाराज के उपदेशों का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। यह यात्रा सामाजिक समरसता, समानता और भाईचारे का संदेश देते हुए बेगमपुरा की परिकल्पना को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेगी। बैठक में एडवोकेट मोनू राणा, रवि गौतम, विनीत कुमार, प्रशांत गौतम, सनी गौतम और प्रदुमन कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# शांतिकुंज साधकों का रक्तदान, जरूरतमंदों को मिलेगा जीवनदान

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** पं. श्रीराम शर्मा आचार्य जन्मशताब्दी चिकित्सालय, शांतिकुंज एवं हिमालयन हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में गायत्री तीर्थ शांतिकुंज में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शांतिकुंज के साधकों तथा विभिन्न साधना सत्रों एवं प्रशिक्षण शिविरों में आए प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्तदान किया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता देखने को मिली, जिससे मानव सेवा का संदेश सशक्त रूप से प्रसारित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ देवसंस्कृति विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर डॉ. पण्ड्या ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है, जो किसी जरूरतमंद को



नया जीवन दे सकता है। उन्होंने युवाओं से समय समय में इस प्रकार के सामाजिक कार्यों में भाग लेने का आह्वान किया। चिकित्सालय प्रबंधन के अनुसार शिविर के दौरान लगभग 100 लोगों ने रक्तदान किया। एकत्रित रक्त को हिमालयन हॉस्पिटल, जौलीग्रांट की डॉक्टरों की टीम को सौंप दिया गया, उन्होंने इसे जरूरतमंद मरीजों के लिए सुरक्षित रखने का आश्वासन दिया। उल्लेखनीय है कि देवसंस्कृति विश्वविद्यालय एवं शांतिकुंज में समय-समय पर रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाता है, जिनमें देसंविवि व शांतिकुंज परिवार के सदस्य उत्साहपूर्वक रक्तदान करते हैं। इस दौरान जन्मशताब्दी चिकित्सालय प्रभारी डॉ. मंजू चौपदार तथा हिमालयन हॉस्पिटल के डॉ वीणा, डॉ लतिका, श्री सुधीर जोशी आदि सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने समाज में सेवा, सहयोग और मानवीय संवेदनाओं को मजबूत करने का संदेश दिया।

# कार में तोड़फोड़ करने का आरोप

**काशीपुर।** नई सब्जी मंडी निवासी एक युवक ने दूसरे युवक पर उसकी मर्सिडीज गाड़ी में तोड़फोड़ करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। मौ. शक्ति नगर निवासी अरुण दीप खुराना पुत्र अशोक खुराना ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी मर्सिडीज कार 30 मार्च 2026 की रात्रि के 12.45 बजे नई सब्जी मण्डी के स्थित लक्ष्मी डेरी के पास खड़ी थी। राहुल भल्ला निवासी नई सब्जी मण्डी ने उसकी उक्त गाड़ी में तोड़फोड़ की। उक्त घटना सीसीटीवी कैमरे में भी रिकार्ड हुई है। अरुण दीप ने बताया कि अगले दिन उसने राहुल भल्ला से उक्त नुकसान की भरपाई को कहा तो वह गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। पुलिस ने त राहुल भल्ला के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# जानलेवा हमला करने वालों के खिलाफ मुकदमा

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** क्षेत्र के ग्राम अलीपुर निवासी ईसम सिंह ने थाने में तहरीर देकर बताया कि मेरे बेटे मंजीत व भाई अशोक कुमार पर गत 28 मार्च को गांव के रवि पुत्र पृथ्वी ने वालीवाल देख रहे मेरे बेटे मंजीत के साथ गली गलौच की जिस पर मेरे भाई अशोक पूर्व ब्लॉक कनिष्ठ प्रमुख ने उसे रोका तो उसके साथ भी मारपीट कर उसका सिर फोड़ दिया। बीच बचाव करने आए उप ग्राम प्रधान के पति सत्यवीर पुत्र त्रिलोक चंद, श्यामलाल सिंह पुत्र हरनंद सिंह, रणवीर सिंह पुत्र बलबीर सिंह के साथ भी मारपीट कर दी, झगडे में गंभीर घायल मंजीत व अशोक कुमार को जब




हम लोग अस्पताल ले जाने लगे तब चंद्र काला पत्नि पृथ्वी, पूनम पत्नि कंवर पाल उर्फ कमरी एवं मुनेश पत्नि करन आदि ने लाठी डंडो से हमला कर दिया। हमलावरो ने धमकी देते हुए कहा कि अगर पुलिस में शिकायत की तो इसका अंजाम बहुत बुरा होगा।

पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जाँच शुरू करदी है।

# कांग्रेस ने जनहित के उठाए मुद्दों को अनसुना करने का लगाया आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कुंभ मेला हाईपावर कमेटी की बैठक में उनके द्वारा उठाए गए मुद्दों को अनसुना करने का आरोप लगाया है। प्रेस क्लब में पत्रकारवार्ता के दौरान पूर्व सभासद अशोक शर्मा ने आरोप लगाते हुए कहा कि बृहस्पतिवार को मुख्य सचिव आनंदवर्द्धन द्वारा सीसीआर में ली गयी कुंभ मेला हाईपावर कमेटी की बैठक के दौरान अधिकारियों द्वारा कांग्रेस कार्यकताओं द्वारा रखे गए जनहित के मुद्दे नहीं सुने गए। अशोक शर्मा ने कहा कि रोडवेज बस स्टैंड स्थानांतरित नहीं होना चाहिए। जब बस स्टैंड से स्थानीय लोगों को परेशानी नहीं है तो शासन प्रशासन को किस प्रकार की परेशानी है। उन्होंने कहा कि बस स्टैंड के पास ही हाईवे भी है और रेलवे स्टेशन भी है। यात्रियों को नजदीक ही सभी सुविधा मिल रही है। ऐसे में बस स्टैंड को स्थानांतरित करने का कोई औचित्य नहीं है। अशोक शर्मा ने कहा कि तत्कालीन मेयर अनीता




शर्मा के कार्यकाल के दौरान नगर निगम बोर्ड ने मेडिकल कालेज के लिए नि:शुल्क भूमि दी थी। लेकिन आज तक अस्पताल में जनता को सुविधा नही मिल नहीं मिल पा रही हैं। सीवर लाइन की सफाई समय से नहीं होने पर यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। रोडवेज बस स्टैंड के बाहर वेश्यावृत्ति हो रही है। लोगों का शाम को निकलना भी मुश्किल है। कोई आवाज उठाए तो अधिकारी उस पर निजी हित का आरोप लगा देते हैं। सांसद, विधायक आंखे बंद कर बैठे हैं। पार्षद सुनील एवं विवेक भूषण विक्की ने कहा कि अर्धकुंभ को कुंभ बताकर बजट के बंदरबांट की तैयारी चल रही है। धार्मिक मान्यताओं के साथ खिलवाड़ हो रहा है। अस्पतालों में शवों को चूहे खा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ज्वालापुर क्षेत्र को कुंभ क्षेत्र में शामिल किया जाए। पार्षद हिमांशु गुप्ता व सोहित सेठी ने आरोप लगाया कि गृहमंत्री के स्वागत के लिए 35 लाख का शौचालय तोड़ दिया गया। भाजपा सरकार बजट को ठिकाने लगाने में लगी हुई है। पूरा शहर खोदकर छोड़ दिया है। चारधाम यात्रा शुरू होने वाली है। सीवर सफाई भी नहीं की जा रही है। पार्षद प्रतिनिधि पुनीत कुमार व सुंदर सिंह मनवाल ने कहा कि उनके क्षेत्र में बड़े नाले का कार्य रोक दिया गया है। जिसके कारण लोगों समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। पत्रकारवार्ता में सतेंद्र वशिष्ठ, राजकुमार ठाकुर, नितिन शर्मा, रामकुमार राजपूत, दीपक कोरी आदि मौजूद रहे।

# एसआईआर को लेकर कांग्रेस के बूथ लेवल एजेंट की बैठक आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** चुनाव आयोग द्वारा कराए जा रहे एसआईआर को लेकर जिला महानगर कांग्रेस कमेटी उत्तरी हरिद्वार स्थित वशिष्ठ आश्रम में बूथ लेवल एजेंट की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में 14 बूथ के बीएलए शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए जिला महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमन गर्ग और स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मुरली मनोहर ने कहा कि सभी बीएलए अपने -2 बूथ पर मतदाता गहन पुनरिक्षण का विशेष ध्यान रखें। जिससे कोई भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहे और जो व्यक्ति अपात्र हो उसे सूची से हटाया जाए। पूर्व पार्षद कैलाश भट्ट और पार्षद प्रतिनिधि ऋषभ



वशिष्ठ ने कहा कि सभी बीएलए एसआईआर प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाएं। बैठक में मुख्य रूप से बीएलए शुभम जोशी, अनुज माहेश्वरी, राजेश रतूड़ी, पुष्पा जोशी, तरूण बेरी, राहुल पाठक, अक्षय कुमार, निर्मल चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# सकारात्मक ऊर्जा का केंद्र है श्री दक्षिण काली मंदिर : रविंद्रपुरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य म.मं. स्वामी कैलाशानंद गिरी द्वारा विश्व कल्याण के लिए श्री दक्षिण काली मंदिर में किए जा रहे 16 दिवसीय विशेष धार्मिक अनुष्ठान शुक्रवार को अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी के सानिध्य में संपन्न हो गया। अनुष्ठान के समापन अवसर पर उपस्थित श्रद्धालु भक्तों को संबोधित करते हुए स्वामी कैलाशानंद गिरी ने कहा कि धार्मिक अनुष्ठानों से वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। अनुष्ठान के दौरान किए जाने वाले यज्ञ से उत्पन्न होने वाली ऊर्जा के प्रभाव से नकारात्मकता दूर होती हैं। जिससे खुशहाली और प्रगति का मार्ग प्रशस्त होता है। अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा कि नील



धारा के गंगा तट पर स्थित सिद्ध पीठ श्री दक्षिण काली मंदिर सकारात्मक ऊर्जा का प्रमुख केंद्र है। आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी द्वारा भक्तों और विश्व के कल्याण के लिए किया गया विशेष अनुष्ठान अवश्य फलदायी होगा। मां दक्षिण काली की कृपा से विश्व कल्याण का मार्ग प्रशस्त होगा। इस अवसर पर महामंडलेश्वर स्वामी रामानुज सरस्वती, स्वामी अनंतानंद गिरी, स्वामी ललितानंद गिरी, स्वामी अवंतिकानंद ब्रह्मचारी, समाजसेवी गुप्ता बंधु, आचार्य प्रमोद मिश्रा, अनिल गोयल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। स्वामी अवंतिकानंद ब्रह्मचारी ने बताया कि गुरूदेव स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज 4 अप्रैल से मुरादाबाद में श्रीराम कथा करेंगे।

# ईएमए की बैठक आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** इएमए देहरादून की बैठक होटल ग्रांड लिगेसी में आयोजित की गयी। प्रदेश अध्यक्ष डा. मुकेश चौहान की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष डा.केपीएस चौहान मुख्य अथिती के तौर पर शामिल हुए। बैठक को सम्बोधित करते हुए डा. चौहान ने कहा कि एआई एंड रेटिना स्कैन तकनीक आइरिस एनालिसिस से शरीर में होने वाली कमी का पहले ही एडवांस में पता चल जाता है। डा.चौहान ने कहा कि एआई एंड रेटिना स्कैन तकनीक (आइरिस एनालिसिस) ऐसी तकनीक है। जिससे शरीर की वर्तमान, भूत, भविष्य में होने वाली कमी का भी पता चल जाता है। इस तकनीकी जांच से बिना रक्त परीक्षण के ही रोग निदान हो जाता है। इस तकनीक का शरीर पर कोई साइड इफेक्ट नहीं होता। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष डा.मुकेश चौहान ने कहा कि जनता में इस तकनीक के प्रचार प्रसार की कमी है। इएमए नि:शुल्क




चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन कर इसका प्रचार प्रसार तथा रोगियों को चिकित्सा लाभ देने का कार्य शीघ्र ही करने जा रही है। बैठक में डा.आदर्श शर्मा, डा. वीके सैनी, डा. निपाल सिंह, डा. सीपी रतूडी, डा.एमएस कश्यप, डा. कैलाश बडथवाल, डा.एनएस टाकुली, डा.कमलेश खंडूडी, डा. ज्ञानेशवर शर्मा, डा.बिवस अधिकारी, डा.शाहिद खान, डा.ऋचा आर्य आदि शामिल रहे।

# कोर्ट के आदेश पर महिला सहित सात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** थाना क्षेत्र के गांव बहादुरपुर जट निवासी एक महिला ने गांव के रहने वाले महिला सहित सात लोगो के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने महिला सहित सात लोगो के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस के अनुसार गांव बहादुरपुर जट निवासी अनीता पत्नी बबलू ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि चार फरवरी की शाम लगभग पांच बजे वादी की सात वर्षीय पुत्री अपने घर के बाहर गेंद से खेल रही थी खेलते-खेलते उसकी गेंद रविन्द्र के घर के अंदर चली गई। जब उसकी पुत्री अपनी गेंद लेने उसके घर में गई तो रविन्द्र ने उसके साथ गाली-गलौच मारपीट कर घर से भगा दिया जब वादी ने विरोध किया तो रास्ते में विपक्षियों गणो द्वारा ईंट पत्थर लाठी डंडों से वादी की माता के सिर पर वार कर घायल कर दिया था, मामले में पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन कार्रवाई ना होने पर पीड़ित महिला ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया और पुलिस ने माननीय न्यायालय के आदेशानुसार रविन्द्र पुत्र स्व० मान्नी, सतबीर पुत्र रविन्द्र, अर्जुन पुत्र रविन्द्र, कुसुम पत्नि रविन्द्र, सपना पुत्री रविन्द्र, मोनी पत्नी सतबीर, कविता पत्नि अर्जुन के खिलाफ संबंधित धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है। पथरी थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि कोर्ट के आदेशानुसार महिला सहित सात लोगो के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# पुलिस ने 6 व्यक्तियों का किया शांतिभाग में चालान

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** थाना क्षेत्र के गांव घोसीपुरा में सत्यापन अभियान के अंतर्गत कुछ युवक शांतिभंग करने का प्रयास किया। पुलिस के समझाने पर नही माने पुलिस ने छह व्यक्तियों को गिरफ्तार किया थाने लाकर शांतिभाग में चालान किया गया है। पुलिस के अनुसार गांव घिससुपुरा, घोसीपुरा सपेरा बस्ती में ऑपरेशन प्रहार के तहत सत्यापन अभियान चलाया गया जिसमें कुछ व्यक्तियों द्वारा शांतिभंग करने का प्रयास किया। पुलिस ने समझाने का भी प्रयास किया मगर नही माने शांति व्यवस्था बिगड़ती देख पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर लिया। थाने लाकर पूछताछ की पूछताछ में उन्होंने अपना नाम सनी 35वर्ष पुत्र मेंमानाथ, आतिश 25वर्ष पुत्र शशीनाथ, हमराज 23 वर्ष पुत्र अंजुनाथ, नीलू 32 वर्ष पुत्र रमेशनाथ, माइकल 19 वर्ष पुत्र जोनू, अंकुल 19 वर्ष पुत्र नीटू, निवासी ग्राम पंचायत धनपुरा घोसीपुरा सपेरा बस्ती बताया। पुलिस ने सभी छह व्यक्तियों का शांति भंग में चालान कर न्यायालय में पेश किया गया। पथरी एसओ रविन्द्र कुमार ने इसकी पुष्टि की है।


हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।

**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com


# विधायक आदेश चौहान एवं मेयर किरण जैसल ने बॉक्सिंग प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** रोशनाबाद स्थित योग स्थली स्पोर्टस स्टेडिम में आयोजित राज्य स्तरीय यूथ बॉक्सिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ रानीपुर विधायक आदेश चौहान व मेयर किरण जैसल ने किया। बालक एवं बालिका वर्ग में आयोजित तीन दिवसीय प्रतियोगिता में प्रदेश के 10 जिलों व 10 स्पोर्टस कालेज की टीमों के 154 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। जिनमें 97 बालक एवं 57 बालिकाएं शामिल हैं। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच स्पोर्ट्स कालेज पिथौरागढ़ एवं साई ट्रेनिंग काशीपुर के बीच खेला गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए रानीपुर विधायक आदेश चौहान ने कहा कि सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कदम उठा रही हैं। सरकार के प्रयासों से उत्तराखंड देवभूमि के साथ खेल भूमि के रूप में देश में पहचान बना रहा है। मेयर किरण जैसल ने सभी टीमों को बधाई देते हुए कहा कि खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करें। उन्होंने कहा कि खेल कैरियर का भी बेहतर माध्यम हैं। निरंतर अभ्यास और कठिन परिश्रम से खेलों में उच्च मुकाम पाया जा सकता है। जिला मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष डा. विशाल गर्ग ने कहा कि मुक्केबाजी खेल को बढ़ावा देने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता



के आयोजन से स्थानीय खिलाड़ियों में मुक्केबाजी के प्रति रूझान बढ़ेगा। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश गिरी, भाजपा जिलाध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उत्तराखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन के सचिव गोपाल खोलिया, आजीवन अध्यक्ष मुखर्जी निर्वाण, हरिद्वार बॉक्सिंग एसोसिएशन के सचिव नवीन चौहान, शिवकुमार त्यागी, राकेश चौधरी, सुनीता चौधरी, सुधीर जोशी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# शव दिखाने को लेकर चाचा-भतीजों में विवाद हुई मारपीट

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** क्षेत्र के गांव इब्राहिमपुर में एक बुजुर्ग महिला के शव को नही दिखाने को लेकर चाचा भतीजों में विवाद हो गया। मामले में मारपीट भी हुई। सूचना पर पहुची पुलिस ने विवाद शांत कराया। मामले में एक पक्ष ने पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार ग्राम इब्राहिमपुर निवासी मोसिन पुत्र नसीर की माता का देहांत हो गया था। ग्रामीण शव देखने के लिये आ जा रहे थे। शव को देखने मोसिन के भतीजे भी आये जिन्हें मोसिन ने रोक दिया और घर से बाहर निकाल दिया। गुस्साए भतीजो ने मारपीट की प्लानिग कर अपने घर के सामने एकत्रित हो गए। सभी लोग जब शव को कब्रस्तान में दफनाकर वापस लौट रहे थे तो



पहले से रास्ते मे खड़े शहनवाज पुत्र नवाब ने मोसिन के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरु कर दी। मामले ने तूल पकड़ लिया और दोनो ओर से कुछ देर मारपीट हुई लेकिन ग्रामीणों ने दोनों पक्षो में बीच बचाव करा दिया। मामले की सूचना पुलिस को भी दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा बुझाकर शांत कराया। बताया जा रहा है कि दोनों पक्ष चाचा भतीजे है और दोनो का पिछले कई वर्षो से जमीन विवाद चल रहा है। इसी विवाद के चलते मोसिन ने अपनी माता का शव उन्हें दिखाने से रोका है। फिलहाल मामले में मोसिन की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। एसओ पथरी रविन्द्र कुमार ने बताया दोनो में आपसी विवाद चल रहा है। तहरीर आई है मामले की जांच की जा रही है।

# रोस्टर के माध्यम से किया जाए रसोई गैस वितरण:सीडीओ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** मुख्य विकास अधिकारी वरूणा अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एलपीजी वितरण एवं सिटी गैस वितरण संरचना परियोजना की प्रगति समिति बैठक आयोजित हुई।
मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित गैस कंपनी गैस एजेंसी एव पूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक लेते हुए सख्त निर्देश दिए की जनपद में गैस आपूर्ति शासन के आदेशों के तहत आम उपभोक्ताओं को रोस्टर के माध्यम से वितरण करना सुनिश्चित करें।
उन्होंने कहा कि कहीं भी एजेंसियो में उपभोक्ताओं की लाईन दिखनी नहीं चाहिए सरल एवं सुगमता से उपभोक्ता को होम डिलीवरी करवाना सुनिश्चित करें, समीक्षा के दौरान एजेंसी द्वारा बताया गया कि कम्पनियों द्वारा लोड समय पर प्राप्त नहीं हो रहा है जिस पर मुख्य



■ एलपीजी वितरण को लेकर बैठक आयोजित

विकास अधिकारी ने संबंधित गैस कंपनी को स्पष्ट निर्देश दिए है कि गैस एजेंसी को समय पर पर्याप्त गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाए। उन्होने गैस एजेंसीयो को गैस वितरण के समय जिन लोगों की केवाईसी किन्ही कारणो से नहीं हो पाई है उनकी स्वयं भी वितरण स्थल पर केवाईसी करने में मदद करना सुनिश्चित करें। उन्होंने संबंधित उप जिलाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र के अंतर्गत सधन चेकिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने जन मानस से अपील की है कि जनपद में एलपीजी आपूर्ति सामान्य है घबराने की जरूरत नहीं है। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि ढालवाला क्षेत्र के अंतर्गत कमर्शियल गैस उपभोक्ता अपनी गैस बुकिंग के लिए पी.एन.जी गैस हेतु आदर्श सिंग गैस सो नेट ढालवाला ऋषिकेश के कार्यालय में बुकिंग कर सकते हैं। जिला पूर्ति अधिकारी मनोज कुमार डोभाल ने समीक्षा बैठक के दौरान बताया कि विगत दिवस जनपद की गैस एजेंसियों को 2378 घरेलू एलपीजी सिलेण्डर प्राप्त हुए, जिनमें से 1967 सिलेण्डर उपभोक्ताओं को वितरित किए गए। वितरण के बाद एजेंसियों के पास 3846 सिलेण्डर स्टॉक में उपलब्ध हैं।उन्होंने बताया कि कण्डियालगांव, नौघर, कण्डिखाल, भदूरा, भरपुरियागांव, धारकोट, नरेन्द्रनगर, मणगांव सहित विभिन्न क्षेत्रों में नियमित रूप से गैस सिलेण्डरों की आपूर्ति की जा रही है।कमर्शियल एलपीजी के लिए जनपद को प्रतिदिन 212 सिलेण्डर का आवंटन प्राप्त हो रहा है। विगत दिवस 19 किग्रा श्रेणी में 183 सिलेण्डर प्राप्त हुए, जबकि 214 सिलेण्डर वितरित किए गए।एलपीजी आपूर्ति की निगरानी के लिए गठित त्वरित प्रतिक्रिया दल (फत्ज) द्वारा अब तक 450 निरीक्षण किए जा चुके हैं, जिनमें 14 घरेलू सिलेण्डरों की जब्ती की गई है। शिकायत निस्तारण हेतु स्थापित कंट्रोल रूम में अब तक 87 शिकायतें दर्ज की गई हैं, जिनका निरंतर समाधान किया जा रहा है।
जला पूर्ति अधिकारी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे आवश्यकता अनुसार ही गैस बुकिंग करें तथा सिलेण्डर होम डिलीवरी या प्वाइंट डिलीवरी के माध्यम से प्राप्त करें। साथ ही, जिन उपभोक्ताओं ने अभी तक ई-केवाईसी नहीं कराई है, वे शीघ्र अपनी गैस एजेंसी से संपर्क कर इसे पूर्ण करें। किसी भी प्रकार की शिकायत के लिए उपभोक्ता कंट्रोल रूम के नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर अवसर पर अवधेश कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी कमलेश, संबंधित एजेंसी के संचालक एवं वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से गैस कंपनी के सदस्य जुड़े रहे।

# संजय गुप्ता बने बार एसोसिएशन के अध्यक्ष



■ शूरवीर सिंह को 10 मतो से पराजित किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** बार एसोसिएशन विकासनगर के चुनाव में संजय कुमार गुप्ता ने शुरवीर सिंह चौहान को 10 मतों से हराकर अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया। संजय कुमार को 188 और शूरवीर को 178 मत प्राप्त हुए। उपाध्यक्ष पद पर शयरी गैरोला को निर्विरोध निर्वाचित किया गया। सचिव पद पर मयंक सेमवाल ने शशी तोमर को 86 मतो से पराजित किया। मयंक को 159 व शशी को 73 मत आशीष को 90 मत प्राप्त हुए। सहसचिव पद पर गोविंद सिंह पुंडीर को निर्विरोध विजय घोषित किया गया। कोषाध्यक्ष पद पर विवेक गुप्ता को भी निर्विरोध घोषित किया गया।
इसी प्रकार आडिटर पद पर रोहित कुमार निर्विरोध घोषित हुए। पुस्ताकाल्य पद पर सुमनलता देवी भी निर्विरोध घोषित की गई। संस्था के सदस्यों पद पर 10 प्लस के लिए अंकित चौरसिया, सदस्य 7 प्लस के लिए सिमरन को 5 प्लस के लिए अमन शर्मा को व सदस्य 3 प्लस पर रवि कुमार वर्मा एडवोकेट को निर्वाचित घोषित किया गया।
चुनाव धीरसिंह आजाद और नरेश चौहान की देखरेख में संपंन हुए।

## स्लिम एयर डिजाइन के साथ रियलमी 165जी हुआ लॉन्च

**देहरादून।** स्मार्टफोन के शौकीन दून के युवाओं के लिए सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन, रियलमी ने आज रियलमी 16 5जी पेश किया है। यह नई जनरेशन के युवा यूजर्स के लिए बनाया गया है, जो अपनी क्रिएटिविटी, पोर्ट्रेट फोटोग्राफी के साथ रोजमर्रा की विज्युअल स्टोरीटैलिंग प्रदर्शित करना चाहते हैं। इसमें ए.आई आधारित ड्युअल 50 मेगापिक्सल का पोर्ट्रेट कैमरा और जबरदस्त सेल्फी इनोवेशन दिए गए हैं। साथ ही 7,000 एम.ए.एच की शक्तिशाली बैटरी के बावजूद अल्ट्रा-लाईट रियलमी 16 5जी मिड-रेंज का सबसे बेहतर स्मार्टफोन है। रियलमी इंडिया के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, फ्रैंसिस वोंग ने कहा, ''स्मार्टफोन उद्योग में मूल्य रीसेट हो रहे हैं।

# गढ़वाली फिल्म 'निखाण्यां जोग' का भव्य प्रीमियर

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**विकासनगर।** पछवादून गढ़वाल सभा के अध्यक्ष रोशन नेगी ने न्यू उपासना सिनेमा, विकासनगर में गढ़वाली फीचर फिल्म 'निखाण्यां जोग' के प्रीमियर शो का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि स्थानीय भाषा और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए सभी लोग इस फिल्म को अपने परिवार के साथ अवश्य देखें।
फिल्म के कार्यकारी निर्माता डॉ. एम.आर. सकलानी ने बताया कि 'निखाण्यां जोग' एक पारिवारिक एवं सामाजिक विषय पर आधारित फिल्म है, जिसमें पहाड़ की संस्कृति और सामाजिक मूल्यों को दर्शाया गया है। इस अवसर पर फिल्म की निर्मात्री आशा मुनीन्द्र सकलानी, सभा के कोषाध्यक्ष सुभाष ममगांई, पूर्व अध्यक्ष कैप्टन चन्दन सिंह सजवान, वरिष्ठ साहित्यकार हेमचंद सकलानी, सुमन मोहन ममगांई, त्रिलोक सिंह रावत, पूरण प्रसाद भट्ट , कैप्टन महेंद्र सिंह नेगी, इंजीनियर रघुनाथ सिंह नेगी, सविता ध्यानी, बीना डोभाल और जयंती पटवाल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# गैस की किल्लत से उपभोक्ता परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहिया।** जौनसार बावर के साहिया क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेंडरों की डिलिवरी करने पहुँचे वाहन से पहले सिलेंडर लेने पहुंचे उपभोक्ताओं को बुकिंग के बाद भी सिलेंडर नहीं मिल पा रहे है। शुक्रवार को लक्ष्मी बालाजी ईण्डेन गैस एजेंसी शेरपुर से गैस सिलेंडर वितरण वाहन सिलेंडरों की डिलीवरी के लिए सहिया पहुँचा। जहां पहले से ही उपभोक्ता अपने खाली सिलेंडर लेकर पहुंचे थे।
वाहन के पहुंचने पर गैस लेने के लिए पहुँचे उपभोक्ताओं की लंबी कतार लगी रहीं। लेकिन सहिया में केवल 60 उपभोक्ताओं को ही सिलेंडर उपलब्ध हो पाए, लगभग




25 उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर न मिलने से खाली हाथ लौटना पड़ा। सहिया पुलिस के निगरानी में गैस वितरण किया गया। लगभग 10 दिन बाद गैस डिलिवरी करने पहुंचे वाहन में 60 सिलेंडर ही डिलिवर हो रहे है, जिससे सहिया के आसपास के इंडेन गैस उपभोक्ताओं को बुकिंग के बाद भी गैस सिलेंडर नहीं मिल रहे है।
कई उपभोक्ताओं ने कहा कि गैस बुक के बाद भी कई दिनों बाद गैस मिल रही है। क्षेत्र में गैस सिलेंडर आपूर्ति की समस्या पिछले दो सप्ताह से बनी हुई है। इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष सहिया विना. ेद भसीन, रणवीर सिंह चौहान, केशर सिंह तोमर, रविन्दर, कपिल राय, सतपाल राय, महेंद्र सिंह तोमर, चतर सिंह, गंभीर सिंह तोमर, नरेश तोमर, उदय सिंह, अतर दास आदि मौजूद रहे।

# बड़कोट में बसपा कार्यकर्ताओं की बैठक, विधानसभा चुनाव पर मंथन

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**बड़कोट ( उत्तरकाशी )।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक बड़कोट में संपन्न हुई, जिसमें संगठन की मजबूती और आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में विधानसभा, सेक्टर एवं बूथ स्तर के संगठन की समीक्षा करते हुए कार्यकर्ताओं को चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार रहने का आह्वान किया गया। बैठक में उपस्थित प्रदेश महासचिव संजय खत्री ने कार्यकर्ताओं से घर-घर जाकर पार्टी की नीतियों और मायावती द्वारा किए गए विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। उन्होंने समयबद्ध तरीके से पो. लिंग बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने अंबेडकर जयंती को भव्य रूप से मनाने के लिए भी चर्चा कर रणनीति तैयार की। बैठक में जिला अध्यक्ष उत्तरकाशी बुद्धि लाल, टिहरी लोकसभा प्रभारी नेमचंद, जिला उपाध्यक्ष कुशल पाल नाथ, जिला संयोजक विनोद शाह, पुरोला विधानसभा प्रभारी उपेंद्र चौहान, नगर अध्यक्ष दीपक भारती, नगर प्रभारी पूर्णा देवी, नगर प्रभारी चंद्र मोहन रोंगटा, जिला सचिव मुरारी प्रसाद, सुशील कुमार, हरिलाल, श्रीमती कलम पत्ती, मनोज सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गर्मी बढ़ते ही पर्यटकों से गुलजार हुआ चकराता

■ पर्यटन कारोबार में लौटी रौनक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** गर्मी के मौसम की शुरुआत के साथ ही चकराता क्षेत्र एक बार फिर पर्यटकों से गुलजार हो उठा है। पिछले सप्ताह से ही पर्यटकों की आमद में लगातार वृद्धि देखी जा रही थी, वहीं शुक्रवार को भी चकराता और आसपास के पर्यटन स्थलों पर भारी भीड़ देखने को मिली।
चकराता के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल टाइगर फॉल, लोखंडी, चुरानी और मोइला डांडा, चिलमीरी टॉप जैसे क्षेत्रों में पर्यटकों की अच्छी खासी भीड़ उमड़ी। इन स्थानों पर सैलानियों की चहल-पहल से जहां



क्षेत्र में रौनक बढ़ी, वहीं पर्यटन से जुड़े स्थानीय व्यवसायियों के चेहरों पर भी खुशी साफ नजर आई। गर्मी का मौसम आते ही चकराता का सुहावना वातावरण, शुद्ध हवा, हरियाली और प्राकृतिक सौंदर्य पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है। यही कारण है कि चकराता धीरे-धीरे सैलानियों की पहली पसंद बनता जा रहा है। विशेष रूप से टाइगर फॉल में पर्यटक झरने के नीचे स्नान करते हुए नजर आए, जहां उनके चेहरों पर अलग ही उत्साह और खुशी देखने को मिली।
प्राकृतिक शांति और सुकून से भरा यह क्षेत्र शहरों की भागदौड़ से दूर सैलानियों को एक अलग अनुभव प्रदान कर रहा है। पर्यटकों की बढ़ती संख्या से स्थानीय होटल, रेस्टोरेंट और छोटे व्यापारियों को भी अच्छा लाभ मिल रहा है, जिससे पूरे क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को नई ऊर्जा मिली है।

# शिक्षक महेश्वर सेमवाल शैलेश मटियानी राज्य शैक्षिक पुरस्कार के लिए चयनित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** विकासखंड भिलंगना के प्रतिभाशाली शिक्षक महेश्वर प्रसाद सेमवाल को उत्तराखंड के प्रतिष्ठित शैलेश मटियानी राज्य शैक्षिक पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है।
यह सम्मान शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य, नवाचार, गुणवत्तापूर्ण सुधार और छात्रहित में विशेष योगदान देने वाले शिक्षकों को प्रदान किया जाता है। मूल रूप से हिंदाव पट्टी (भिलंगना) निवासी सेमवाल वर्तमान में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, बहेड़ी गनगर में कार्यरत हैं। वह न केवल एक समर्पित शिक्षक हैं, बल्कि बहुमुखी प्रतिभा के धनी भी हैं। शिक्षा के क्षेत्र में उनके नवाचार और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किए गए प्रयासों को इस सम्मान के माध्यम से मान्यता मिली है।
इसके साथ ही सेमवाल इंद्रमणी बडोनी कला एवं साहित्य मंच, घनसाली में सलाहकार के रूप में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं और सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधियों में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र के सामाजिक, राजनीतिक और शैक्षणिक संगठनों से जुड़े लोगों में हर्ष का माहौल है।
सभी ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। यह उपलब्धि न केवल उनके लिए, बल्कि पूरे भिलंगना और घनसाली क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है।

# निर्मल आश्रम अस्पताल ने स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का किया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऋषिकेश।** निर्मल आश्रम अस्पताल में 18वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। जिसमें 114 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान के जरिए मानवता की सेवा में अपना योगदान दिया। शुक्रवार को नेपाली फार्म खैरी कलां समीप स्थित निर्मल आश्रम में परिवर्तन चौरिटेबल बल्ड बैंक के सहयोग आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ आश्रम के महंत बाबा राम सिंह महाराज ने रिबन काट कर किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मनुष्य को जीते जी रक्तदान एवं मरणोंपरांत नेत्रदान का संकल्प लेना चाहियें। कहा कि मानव सेवा से बढ़कर दुनियां में कोई दूसरा कार्य



नहीं है। आश्रम के व्यवस्थापक संत जोध सिंह महाराज ने चिकित्सा एवं शिक्षा के क्षेत्र में निर्मल आश्रम की ओर से चल रहे जन कल्याणकारी कार्यों को जारी रखने का आश्वासन दिया। अस्पताल चिकित्सा निदेशक डा. अजय शर्मा ने कहा कि संस्था द्वारा साल में दो बार रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है और इस कड़ी में यह 18वाँ स्वैच्छिक रक्तदान शिविर है।
जिसमें 114 लोगों ने रक्तदान किया। मौके पर डा. इंदू शर्मा, अमन कुमार, अजय शर्मा, आत्म प्रकाश कोचर, ललिथा कृष्णास्वामी, डा. सुनीता शर्मा, अमृतपाल डंग, करमजीत सिंह, चरनजीत सिंह आदि उपस्थित रहे।

# जेबीआईटी में एनसीआरईइटीएस का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेलाकुई।** जेबीआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स ने अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता और अनुसंधान नवाचार की परंपरा को एक नए आयाम पर पहुँचाते हुए छटी नेशनल कांफ्रेंस ऑन रिसेंट इन्नोवेशन इन इमरजिंग टेक्नॉलोजी एंड साइंस (एनसीआरआईइटीएस 2026) का उद्घाटन किया। यह सम्मेलन न केवल तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में बल्कि बहुविषयक अनुसंधान और नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए एक ऐतिहासिक मंच साबित हुआ।
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.




■ वक्ताओं ने शिक्षा में तकनीकी नवाचार और डिजिटल परिवर्तन की दिशा को उर्जा प्रदान की

) बुद्ध चंद्रशेखर, मुख्य समन्वय अधिकारी (सीसीओ), नई दिल्ली ने अपने विचारों से शिक्षा में तकनीकी नवाचार और डिजिटल परिवर्तन की दिशा को नई ऊर्जा प्रदान की। विशेष अतिथि डॉ. राज. ेश उपाध्याय, रजिस्ट्रार वीएमएसबी यूटीयू ने शोध और अकादमिक सहयोग की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे सम्मेलन छात्रों और शोधकर्ताओं को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करते हैं।
प्रो. वी.के. तिवारी, पूर्व कुलपति उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय, आलोक मिश्रा, संयुक्त निदेशक तकनीकी शिक्षा उत्तराखंड सरकार, डॉ. अपराजिता प्रसाद, प्रबंध निदेशक मेटा कनेक्ट कन्सलटिंग, डॉ. मुकेश केस्तवाल, मुख्य नवाचार अधिकारी अवध आईआईटी-रोपड़, तथा नितिन कुमार शर्मा, एआई मैनेजर कॉगनीजेंट ने अपने विचारों से सम्मेलन को समृद्ध किया। इन सभी ने उद्योग और अकादमिक जगत के बीच सहयोग को भविष्य की आवश्यकता बताया। विशेष आमंत्रितों में ई. विजय वीर सिंह यादव, अधीक्षण अभियंता सिंचाई विभाग (उत्तर प्रदेश सरकार), ई. भारत भूषण, एसडीओ हेडवर्क्स-हरिद्वार, तथा देवेन्द्र दत्त जमलोकी, वरिष्ठ कार्यकारी केवीआईसी, देहरादून ने जमीनी स्तर पर विकास और नवाचार के महत्व को रेखांकित किया।
इस सम्मेलन में देशभर से आए अनेक शोधार्थियों ने अपने शोध-पत्र प्रस्तुत किए। इस मौके पर संदीप सिंघल, उपाध्यक्ष जेबीआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स, प्रो. (डॉ.) पी.के. चौधरी, निदेशक जेबीआईटी, तथा प्रो. (डॉ.) विषांत कुमार चौधरी, रजिस्ट्रार जेबीआईटी आदि मौजूद रहे।

## बौराडी बाजार डे वाहन पर लगी आग, जलकर राख

**नई टिहरी।** बीती बृहस्पतिवार रात्रि को नई टिहरी बौराडी बाजार में स्टेट बैंक के समीप एक मारूति सुजुकी अल्टिका कार में आग लगने से कार जलकर राख हो गई। बौराडी बाजार में बीती रात को स्टेट बैंक के समीप खडा स्थानीय निवासी बिमल कुकरेती के वाहन में आग लगने से मारूति धू-धूंकर जल गई। बताया जा रहा है कि किसी मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्ति द्वारा आग सेंकने के लिए कूडे के ढेर में आग लगाई गई जिस कारण समीप खडा वाहन संख्या- यूके 09बी-9828 ने आग पकड ली जिससे वाहन पूरी तरह जल गया। गनीमत यह रही कि आस-पास के वाहनों ने आग नहीं पकडी जिससे बडी घटना होने से बच गई।

# पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय का वार्षिकोत्सव सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय तहसील देवप्रयाग का द्वितीय वार्षिकोत्सव रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी ने विद्यालय में फेब्रिकेट रूम निर्माण के लिए पांच लाख रुपये देने की घोषणा की। वार्षिकत्सव की शुरुआत विधायक कंडारी, नगरपालिका अध्यक्ष ममता देवी व सीआरपी मेधा राणा ने दीप जलाकर की।
सरस्वती वंदना के बाद छात्र-छात्राओं ने गीत, नृत्य, नाटक की 16 प्रस्तुतियां दीं। बच्चों ने स्कूल चले हम, पापा कहते है, लिलिपुट, बेडू पाको, ओटूवा बेलेंणा, ढोल जागर, योग, गंगा गीत, अरुणांचली नृत्य आदि पर खूब तालिया बटोरीं। पीएमश्री विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय सिंह रावत व अन्य शिक्षकों ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि इस सत्र से विद्यालय में बाल वाटिका भी शुरू होगी।
कार्यक्रम में सभासद सुनीता तिवारी, सीएमसी अध्यक्ष ऋतु कोटियाल, सरिता जोशी, रीना रावत, पंकज नेगी, प्रेमा भट्ट आदि मौजूद रहे।

# जलकुड़ घाटी में विकास की मांग ने पकड़ा जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जलकुर घाटी जनविकास समिति की बैठक मे प्रतापनगर क्षेत्र क्षेत्र के समग्र विकास से जुड़े मुद्दों पर चार्चा की गई जिसमे वक्ताओं ने टिहरी बांध की झील से सबसे अधिक प्रभावित हुए प्रतापनगर क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं की बदहाल स्थिति पर चिंता व्यक्त की।
शुक्रवार को समिति के अध्यक्ष गुलाब सिह पंवार की अध्यक्षता मे संपन्न हुई बैठक मे समिति के सदस्यों ने क्षेत्र की शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने पर जोर देते हुए राज्य सरकार से प्रतापनगर मे उच्च तकनीकी संस्थान एवं पैरामेडिकल कॉलेज

■ जनविकास समिति की बैठक में उठे अहम मुद्दे

की स्थापना करने की मांग की इसके साथ ही विकास खंड प्रतापनगर की पट्टी उपली रमोली, रौणद रमोली और भदूरा के मध्य उप तहसील स्थापित करने तथा सेरा मे संचालित आईटीआई भवन के निर्माण करवाने, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौंड लंबगांव को स्वायत्तता प्रदान कर अस्पताल में बाल रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ और अल्ट्रासाउंड जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा दीनगांव मे हंस फाउंडेशन द्वारा संचालित अस्पताल की सेवाएं 24 घंटे संचालित करवाने की मांग की है इसके अलावा समिति के पदाधिकारियों ने प्रसिद्ध सेम मुखेम मोटर मार्ग को चारधाम यात्रा से जोडने, सडक सुविधा से वंचित सिलोडा ,सदडगांव व किमखेत बीजाबागी को सडक मार्ग से जोडने, सदडगांव से रैका होते हुए मां दिन्याली देवी-मौहल्या बैंड से ओनालगांव तथा दोली से प्राथमिक विधालय तक नवीन मोटर मार्ग स्वीकृत करने सहित क्षेत्र की जर्जर सड़कों के शीघ्र मरम्मत कराने की मांग की बैठक में समिति के सदस्य नरेंद्र चमोली, अब्बल सिंह रावत, विशन सिंह कैंतुरा, नरेंद्र कैंतुरा, हेमराज राणा, राम भरोसे राणा, अतर सिंह चौहान, राधाकृष्ण डिमरी, धनपाल कैंतुरा आदि मौजूद थे

# शिक्षण संस्थाना में पढाई के साथ अन्य कार्यक्रम भी हो संचालित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिला सभागार में आयोजित बैठक में मुख्य विकास अधिकारी वरूणा अग्रवाल ने समस्त उच्च शिक्षण, शैक्षणिक संस्थानों, कोचिग संस्थानों को कहा की छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के साथ-साथ ईतर अन्य कार्यक्रमों को संचालित करे। सीडीओ ने कहा कयिह जानने का प्रयास करें कि विद्यार्थियों को किस प्रकार की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है कही बच्चों को सोशल मीडिया, पढ़ाई, पारिवारिक समस्या, मेंटली डिस्टर्ब के अलावा अन्य दिक्कतो का सामना तो नहीं करना पड़ रहा है, उसे अवश्य जाने ताकि उसका समाधान समय रहते निकाला जा सकता है। उन्होंने कहा कि काउंसलिंग के माध्यम से छाष्त्रों की समस्याओं का समाधान का प्रयास किया जाए। साथ उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों में आए दिन बच्चों की उपस्थिति कम हो रही है जो चिंता का विषय है। बच्चों के साथ काउंसलिंग के माध्यम से बच्चों की बात को समझा जा सकता है जिसके लिए सभी शिक्षण संस्थानों को अपने-अपने स्तर से सामूहिक प्रयास करना होगा। ताकि बच्चों को एक अच्छा भविष्य मिल सके । इस अवसर पर डीपीओ संजय गौरव, श्रम पर्वतन अधिकारी आइशा, प्रोफेसर एके सिंह, डॉ केस जौहरी, छाया चतुर्वेदी, डॉं बीना रानी, डॉ. बीआर भद्री, डॉ. मनोज कुमार विजेन्द्र लिंगवाल, मयक, मुकेश प्रसाद सहित विभिन्न महाविधालयो के प्रोफेसर, प्राचार्य उपस्थित रहे।

# मदननेगी-टिहरी रोपवे बंद होने से क्षेत्रवासियों में रोष

■ एक अप्रैल को बंद हो गया था रोपवे

**नई टिहरी।** प्रतापनगर क्षेत्र की जीवनरेखा मानी जाने वाली मदन. नेगी-टिपरी रोपवे सेवा एक अप्रैल से बंद होने के फैसले पर क्षेत्र में आक्रोश बढ़ गया है।
इस मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह नेगी ने उत्तराखंड शासन के मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन को पत्र लिखकर रोपवे सेवा को पूर्व की भांति संचालित करने की मांग की है। विधायक ने कहा कि यह रोपवे सेवा वर्ष 2012 से सिडकुल के माध्यम से संचालित हो रही है, जो टिहरी बांध से प्रभावित प्रतापनगर क्षेत्र के लोगों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2012 में औद्योगिक विकास विभाग की बैठक के बाद मदननेगी क्षेत्र की 11.119 हेक्टेयर भूमि सिडकुल को हस्तांतरित की गई थी और तभी से यह सेवा सिडकुल के अधीन संचा. लित हो रही है।
यह रोपवे सेवा क्षेत्र के लोगों के लिए लाइफलाइन का काम करती है। इसके बंद होने से आम जनता को ब्लाक और जिला मुख्यालय तक पहुंचने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। विशेषकर बुजुर्गों, बच्चों और बीमार लोगों के लिए यह सेवा अत्यंत जरूरी है। विधायक ने कहा कि रोपवे संचालनकर्ता ने डीएम टिहरी नितिका खंडेलवाल और उन्हें सूचित किया है कि एक अप्रैल से सेवा बंद कर दी गई है।
इस निर्णय से क्षेत्र में गहरा असंतोष और आक्रोश है, जिससे जन आंदोलन की स्थिति भी उत्पन्न हो सकती है। उन्होंने मुख्य सचिव से मांग की है कि संबंधित विभाग को निर्देशित कर मदननेगी-टिपरी रोपवे सेवा का संचालन पूर्व की भांति शीघ्र शुरू कराया जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके

# केदारनाथ यात्रा को लेकर धरातल पर उतरा जिला प्रशासन

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** आगामी केदारनाथ धाम यात्रा को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन की ओर से तैयारियों को अंतिम चरण में तेजी के साथ पूरा किया जा रहा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी विशाल मिश्रा की अध्यक्षता में एनआईसी सभागार में जिला स्तरीय समन्वय एवं समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा की गई तैयारियों एवं शेष कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में अधिकारियों ने विभागीय दायित्वों एवं व्यवस्थाओं की जानकारी प्रस्तुत की। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व सभी कार्य पूर्ण कर लिए जाएं तथा किसी भी प्रकार की लाप. रवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



■ जिलाधिकारी के सख्त निर्देश, लापरवाही पर होगी कड़ी कार्रवाई, समन्वय से सफल होगी यात्रा

यात्रा मार्ग की स्थिति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने भूस्खलन एवं भू-धंसाव संभावित क्षेत्रों में चल रहे कार्यों की प्रगति जानी। नरकोटा, तिलवाड़ा, गुप्तकाशी सहित विभिन्न स्थानों पर पैचवर्क, पैराफिट, रोड मार्किंग, झाड़ी कटान, चौड़ीकरण एवं क्रैश बैरियर जैसे कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही मार्गों पर साइनेज एवं डायवर्जन बोर्ड लगाने के निर्देश भी दिए गए।

गौरीकुंड से केदारनाथ तक पैदल मार्ग पर पेयजल, स्वास्थ्य सेवाएं, रैन शेल्टर, सुरक्षा, नेटवर्क कनेक्टिविटी एवं इमरजेंसी हेलिपैड की उपलब्धता पर चर्चा की गई। घोड़ा-खच्चर संचालन के पंजीकरण एवं बीमा की स्थिति की भी समीक्षा की गई। स्वास्थ्य विभाग को यात्रा मार्ग पर डॉक्टरों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही एक्स-रे, ईसीजी सहित आवश्यक चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया, ताकि आपात स्थिति में त्वरित उपचार मिल सके।

जिलाधिकारी ने कूड़ा निस्तारण, शौचालयों की साफ-सफाई, महिला शौचालयों में सेनेटरी पैड डिस्पोजल एवं जल टंकियों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गंदगी फैलाने वालों पर कार्रवाई करने तथा नियमित निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया। इसके अतिरिक्त पार्किंग, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, सोलर लाइट, यातायात एवं आपदा प्रबंधन, संचार व्यवस्था एवं एलपीजी सिलेंडर की उपलब्धता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

जिलाधिकारी ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा सभी विभाग आपसी समन्वय एवं टीम भावना के साथ कार्य करें। संवे. दनशील (सिंकिंग) जोन में अनिवार्य रूप से साइनेज लगाने के भी निर्देश दिए गए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह रावत, अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा, उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी, उपजिलाधिकारी अनिल रावत, एसीएमओ डॉ. सीमा टेकचंदानी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# घमतोली क्षेत्र में गूंजे स्वच्छ गांव, स्वस्थ समाज जैसे नारे

शाह टाइम्स संवाददाता

**ऊखीमठ/रुद्रप्रयाग।** आगाज यूथ क्लब श्रीनगर एवं विभिन्न विद्यालयों के नौनिहालों ने घिमतोली ग्वांस क्षेत्र में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान बच्चों और युवाओं ने क्षेत्र में फैले कूड़े-कचरे को एकत्र कर उसका उचित निस्तारण किया तथा आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। स्वच्छता अभियान के साथ ही प्रतिभागियों द्वारा एक जन-जागरूकता रैली भी निकाली गई। रैली में शामिल छात्र-छात्राएं हाथों में तख्तियां और स्वच्छता संबंधी स्लोगन लेकर चल रहे थे। "स्वच्छता अपनाएं, बीमारी भगाएं" और "स्वच्छ गांव, स्वस्थ समाज" जैसे नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। अभियान में शामिल युवाओं ने लोगों से अपील की कि वे अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखें और कूड़ा इधर-उधर न फेंकें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य के लिए जरूरी है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों में सामा. जिक जिम्मेदारी की भावना विक. सित करते हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान को केवल एक दिन तक सीमित न रखकर इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना आवश्यक है। प्रधान कविता देवी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। उन्होंने आगाज यूथ क्लब और बच्चों के प्रयासों को प्रेरणादायक बताया तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की अपेक्षा जताई। अभियान के दौरान पूरे क्षेत्र में साफ-सफाई कर स्वच्छ वातावरण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के अंत में आगाज यूथ क्लब के सचिव धीरज नेगी के मार्ग-दर्शन में सभी प्रतिभागियों ने स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया। पूर्व प्रधान बसन्ती देवी, भाजपा चोपता मण्डल अध्यक्ष अर्जुन सिंह नेगी, महामंत्री दीपक सिंह नेगी ने आगाज यूथ क्लब का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यूथ क्लब निरन्तर समाज व पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन के क्षेत्र में कार्य कर रहा है।

# आपदा के बाद राहत, हिमगिरि बस फिर पहुंची पहाड़

शाह टाइम्स संवाददाता

**रूद्रप्रयाग।** बसुकेदार तहसील के अंतर्गत छेनागाड क्षेत्र में आई भीषण आपदा के सात महीने बाद आखिरकार यातायात व्यवस्था पटरी पर लौटने लगी है। हरिद्वार से बसुकेदार-छेनागाड मोटर मार्ग पर हिमगिरि बस सेवा पुन: शुरू हो गई है, जिससे स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है।

गत 28 अगस्त 2025 को छेनागाड क्षेत्र में आई विनाशकारी आपदा के बाद से इस मार्ग पर बस सेवाएं पूरी तरह ठप हो गई थीं। हरिद्वार से चलने वाली हिमगिरि और देहरादून से संचालित विश्वनाथ सेवा बंद होने से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। पुन: शुरू हुई बस सेवा के तहत हिमगिरि बस सुबह 5 बजे हरिद्वार से रवाना होकर दोपहर 2 बजे अगस्त्यमुनि पहुंची और शाम 5 बजे छेनागाड से करीब एक किलोमीटर पहले पाट्यूं बाजार तक पहुंची। इससे क्षेत्र के लोगों को आवागमन में बड़ी राहत मिली है।

स्थानीय समस्याओं को लेकर बीते महीने तालजामण के प्रधान दीनानाथ, जोला बड़ेथ की प्रधान दीपा देवी और पूर्व प्रधान शिवानंद नौटियाल के नेतृत्व में ग्रामीणों ने भूख हड़ताल की थी। इस दौरान विधायक आशा नौटियाल के मौके पर पहुंचकर समाधान का आश्वा. सन देने के बाद आंदोलन समाप्त हुआ था।



■ आपदा के 7 माह बाद बहाल हुई बस सेवा, क्षेत्र में खुशी की लहर

अब बस सेवा की बहाली को उसी संघर्ष का परिणाम माना जा रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता राजेंद्र सिंह नेगी सहित स्थानीय लोगों ने बस सेवा शुरू होने पर खुशी जताते हुए मांग की है कि इस बस को छेनागाड से आगे तालजामण तक संचालित किया जाए।

साथ ही देहरादून से चलने वाली विश्वनाथ बस सेवा को भी पूर्व की भांति जल्द शुरू करने की मांग उठ रही है।विधायक आशा नौटियाल ने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं और जनहित से जुड़े मुद्दों पर प्राथमिकता से कार्रवाई की जाएगी।

# पूर्व मंत्री धनाई ने जनसंवाद कार्यक्रम में काणाताल में सुनी जन समस्याएं



शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** पूर्व कैबिनेट मंत्री दिनेश सिंह धनाई ने जन संवाद कार्यक्रम के तहत विकासखंड चंबा के ग्राम पंचायत खुरेत काणाताल का भ्रमण कार्यक्रम में जन समस्याओं को सुना और ग्रामीणों को उनके निराकरण का आश्वासन दिया। शुक्रवार को विकासखंड चंबा के ग्राम पंचायत खुरेत काणाताल में जनता से सीधा जन-संवाद करते हुए पूर्व मंत्री धनाई ने कहा कि सुरकंडा पेयजल की मांग वर्षों से इस क्षेत्र में की जा रही थी, जिसको उन्होंने अपने कार्यकाल में स्वीकृति दिलाकर धरातल पर उतरा था। उन्होंने कहा सुरकंडा रोपवे चालू कराने के बाद आज हजारों श्रद्धालु मां सुरकंडा के दर्शन को पहुंच रहे हैं। आज मंदिर की भी अच्छी-खासी आय बढ़ चुकी है। काणाताल क्षेत्र में होमस्टे योजना से जुड़कर प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से सैकड़ो लोगों को रोजगार मिला है। पूर्व मंत्री धनाई ने कहा कि उन्होंने इस क्षेत्र में कई सड़कें स्वीकृत कराई हैं, जो आज तक बन रही हैं। धनाई ने कहा कि पहाड़ के अधिकांश युवा होटल लाइन में हैं, इसको देखते हुए उन्होंने नई टिहरी में होटल मैनेजमेंट कालेज खुलवाया। जिससे स्थानीय युवाओं को सम्मानजनक रोजगार मिल रहा है। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने जंगली जानवरों की समस्याएं प्रमुखता से रखी, जिनके शीघ्र निराकरण का आश्वसन पूर्व मंत्री ने ग्रामीणों को दिया है। इस मौके पर प्रधान खुरेत आदिति भट्ट , ज्येष्ठ प्रमुख चंबा संजय मैठाणी, पूर्व प्रधान देव सिंह पुंडीर, दिनेश रमोला, पूर्व प्रधान प्रभू लाल डबराल, प्रधान सिलोगी सत्यपाल गुसाईं, कृष्णा मंमगांई, सुनीता डबराल, प्रमोद भट्ट आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# केदारनाथ धाम पैदल मार्ग पर घोड़े-खच्चरों की आवाजाही शुरू

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम यात्रा को लेकर तैयारियां जोरों-शोरों पर चल रही हैं। पैदल मार्ग से बर्फ हटाने के बाद मालवाहक घोड़े-खच्चरों की आवाजाही शुरू हो गई है। पिछले एक सप्ताह से डीडीएमए के मजदूर लगातार मार्ग को सुचारू बनाने में जुटे हुए थे।

डीडीएमए के मजदूरों ने बीते दिनों छोटी लिनचोली के पास बर्फ हटाने का कार्य शुरू किया था। कुबेर और भैरव ग्लेशियर क्षेत्रों में भारी बर्फ के कारण रास्ता बनाने में सबसे अधिक कठिनाई का सामना करना पड़ा। मजदूरों ने कड़ी मेहनत करते हुए इन स्थानों पर बर्फ काटकर मार्ग तैयार किया। रुद्रा पॉइंट और बेस कैंप क्षेत्र में जेसीबी मशीनों की मदद से बर्फ हटाई गई, जिससे कार्य में तेजी आई। डीडीएमए ने मजदूरों को अलग-अलग टीमों में विभाजित कर विभिन्न स्थानों पर मार्ग निर्माण का कार्य कराया। शनिवार तीन अप्रैल से निर्माण सामग्री लेकर मालवाहक



■ एक सप्ताह के भीतर मजदूरों ने मार्ग से हटाई बर्फ, निर्माण कार्य के साथ खाद्यान्न सामग्री का हो रहा ढुलान

घोड़े-खच्चरों की आवाजाही शुरू कर दी गई है। साथ ही खाद्यान्न सामग्री भी पहुंचाई जा रही है। पहले दिन करीब 20 से 30 घोड़े-खच्चर सामग्री लेकर केदारनाथ धाम के लिए रवाना हुए, जिससे पुनर्निर्माण कार्यों को गति मिलने की उम्मीद है। वहीं, डीएम विशाल मिश्रा ने कहा कि केदारनाथ धाम यात्रा को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। लोनिवि गुप्तकाशी पैदल रास्ते को दुरूस्त करने में जुटा हुआ है, जबकि धाम में बर्फ सफाई का कार्य जारी है। 22 अप्रैल को बाबा केदारनाथ धाम के कपाट खुलने हैं। ऐसे में 15 अप्रैल तक सभी व्यवस्थाओं को दुरूस्त किया जाना जरूरी है। यात्रा से संबंधित सभी विभागों को अलर्ट मोड में रहने को कहा गया है। पैदल रास्ते से बर्फ साफ कर घोड़े-खच्चरों से ढुलान भी शुरू हो गया है। मौसम अगर साफ रहा तो यात्रा तैयारियों को समय पर पूर्ण कर लिया जाएगा।

## मोबाइल गिरा और नर्सरी संचालक के खाते से उड़े लाखों

**हल्द्वानी।** मोबाइल खोने के बाद साइबर ठगी का एक और मामला सामने आया है। आवास विकास क्षेत्र के एक नर्सरी संचालक का मोबाइल जेब से गिरने पर साइबर अपराधियों ने उनके बैंक खाते लाखों उड़ा लिए। पीड़ित युवक ने ऑनलाइन साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। जिसके बाद रुद्रपुर स्थित कुमाऊं साइबर क्राइम थाने में एफआईआर दर्ज होने के बाद हल्द्वानी कोतवाली को ट्रांसफर कर दी। जानकारी के अनुसार पीड़ित युवक जगदीश आवास विकास निवासी ने बताया कि बीती 22 फरवरी को वह एमबीपीजी कॉलेज से सिंधी चौराहे की ओर जा रहा था। रास्ते में उसका मोबाइल फोन जेब से कही गिर गया। युवक ने बताया कि मोबाइल की काफी खोजबीन की लेकिन उसका पता नहीं चला। जिस दिन मोबाइल खोया उसी रात अज्ञात अपराधियों ने मोबाइल में मौजूद यूपीआई एप का दुरुपयोग करते हुए सबसे पहले चार हजार रुपये निकाले।

# पानी के टैंक में डूबने से बालक की मौत

## कठघरिया में परिवार के साथ गेहूं की कटाई में लगा था 11 साल का सौरभ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** बीते गुरूवार की शाम परिवार के साथ गेंहू की कटाई कर रहा एक 11 वर्षीय युवक पास ही बने एक पानी के टैंक में जा गिरा। आनन फानन में परिजनों द्वारा उसे टैंक से बाहर निकालकर उपचार के लिए अस्पताल लाया गया जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

शुक्रवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। घटना के बाद से परि. जनों का रो-रोकर हाल बुरा है। पुलिस के अनुसार मूलरूप से बदायूं उत्तर प्रदेश के रहने वाले चंद्रभान कश्यप पेशे से राजमिस्त्री हैं और परिवार के साथ कठघरिया स्थित बच्चीनगर में किराए के मकान में रहते हैं। सीजन



सौरभ का फाइल फोटो

के समय चंद्रभान परिवार के साथ फसल कटाई का काम भी करते हैं। बताया जाता है कि चंद्रभान ने एक गेहूं के खेत में कटाई का ठेका लिया था। गुरुवार की शआम पूरा परिवार अपने 11 साल के बेटे सौरभ के साथ खेतों में गेहूं की कटाई में लगा था। परिवार गेहूं काट रहा था, कुछ लोग गेहूं का बंडल बना रहे थे, जबकि सौरभ गेहूं के बंडल को भिगोने के लिए खेत से कुछ दूरी पर स्थित पानी के टैंक में ले जा रहा था। गेहूं का एक ऐसा ही बंडल ले जाने के बाद सौरभ लौट कर परिजनों के पास नहीं आया। काफी वक्त गुजर गया और बंडलों का ढेर लगने लगा तो परिजनों ने सौरभ को आवाज लगाई। कई आवाज देने के बावजूद सौरभ से कोई जवाब नहीं आया तो कुछ लोगों को उसे तलाशने के लिए भेजा गया। आस-पास की दुकान तक लोग तलाश करके लौट आए, लेकिन सौरभ नहीं मिला। जिसके बाद कटाई छोड़ सभी लोग उसकी तलाश में जुट गए। शक होने पर परिवार के लोग खेत के पास मौजूद 8 फीट गहरे पानी के टैंक के पास पहुंचे तो चीख-पुकार मच गई।

परिवार ने सौरभ का शव टैंक के तल में पाया। आनन-फानन में उसे बाहर निकाल कर फौरन अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाल विजय कुमार मेहता ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। परिजन शव को अंतिम संस्कार के लिए बदायूं ले गए हैं।

## 80 साल के बुजुर्ग ने गौला बैराज में लगाई छलांग, तैराक ने बचाई जान

**हल्द्वानी।** शुक्रवार की सुबह गौला बैराज में एक बुजुर्ग सेवानिवृत्त बैंक कर्मी ने कूद लगा दी। बुजुर्ग को बैराज में कूदता देख वहां काम कर रहे मजदूरों में चीख-पुकार मच गई। बिना समय गंवाए तैराक ने भी बुजुर्ग के पीछे बैराज में छलांग लगा दी और उन्हें गहराई से ऊपर खींच लाए। लोगों की मदद से बुजुर्ग को बैराज से बाहर निकाल कर उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। जानकारी देते हुए काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि गंगा विहार कुसुमखेड़ा निवासी 80 वर्षीय मोहन चंद्र उपाध्याय पुत्र नरोत्तम उपाध्याय को-ऑपरेटिव बैंक से सेवानिवृत्त हैं। वह गंगा विहार कुसुमखेड़ा में अपने परिवार के साथ रहते हैं। बताया जाता है कि शुक्रवार की सुबह करीब 10 बजे अचानक ही मोहन घर से किसी को बिना कुछ बताए निकल गए और करीब 12 बजे गौला बैराज पहुंच गए। कुछ देर तक उन्हें लोगों ने यहां-वहां टहलते देखा और तभी अचानक उन्होंने बैराज में कूछ लगा दी। जब यह घटना हुई तो कुछ मजदूर वहां काम कर रहे थे। मजदूरों के चीख-पुकार मचाते ही वहां तैनात तैराक हेड कांस्टेबल प्रताप गड़िया भी बुजुर्ग को बचाने के लिए बैराज में कूद पड़े। प्रताप के साथ तैर पाने वाले कुछ और लोगों ने बैराज में छलांग लगा दी। कुछ ही देर में प्रताप ने लोगों की मदद से डूबते मोहन को पानी से बाहर निकाल लिया। जिसके बाद उन्हें काठगोदाम थाने लाया गया। उनसे पूछताछ की गई और फिर उनके बेटे यतीश को बुलाया गया। यतीश ने पुलिस को बताया कि उनकी पिता काफी समय से मानसिक रूप से बीमार चल रहे हैं। थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि बुजुर्ग को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

## पौड़ी में नरभक्षी गुलदार का आतंक, स्कूलों में छुट्टियां घोषित

**पौड़ी गढ़वाल।** उत्तराखंड में पौड़ी गढ़वाल जिले के विकासखंड पोखड़ा और आसपास के इलाकों में इन दिनों लोग नरभक्षी गुलदार के बढ़ते आतंक से दहशत में हैं। ऐसे हालात में बच्चे स्कूल जाने से भी डर रहे हैं। बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए जिला प्रशासन ने एहतियातन 10 विद्यालयों में तीन दिन का अवकाश घोषित किया गया है।

शुक्रवार को खंड शिक्षा अधिकारी पोखड़ा और बीरोंखाल मनोज कुमार जोशी ने बताया कि आदेश के अनुसार न्याय पंचायत कोलाखाल के अंतर्गत संचालित राजकीय प्राथमिक विद्यालय पाटल्यूं, मयलगांव, पटोटी के अलावा जनता इंटर कॉलेज कुण्जखाल में कक्षा 1 से 12 तक के सभी विद्यालय चार से छ: अप्रैल तक बन्द रहेंगे।

# लोक गायिका डा. माधुरी का सम्मान



शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** स्वर संगम संगीत संस्थान में शुक्रवार को प्रख्यात लोक गायिका डा. माधुरी बड़थ्वाल का सम्मान एवं व्याख्यान-प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लोक संगीत और शास्त्रीय संगीत के समन्वय पर विशेष चर्चा हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य हरीश चंद्र पंत द्वारा रचित लोक वंदना पार्वती ज्यू देवी गौरा की प्रस्तुति से हुआ, जिसे स्वर संगम वृंद गान दल ने विनीता पांडे के निर्देशन में प्रस्तुत किया। प्रस्तुति की डा. माधुरी बड़थ्वाल ने सराहना की। इस अवसर पर उषा पंत, विनीता पांडे और मीरा पंत ने पुष्प गुच्छ व शाल ओढ़ाकर उनका सम्मान किया और स्मृति चिन्ह भेंट किया। अपने व्याख्यान प्रदर्शन में डा. माधुरी बड़थ्वाल ने उत्तराखंड के लोकगीतों में शास्त्रीय संगीत की भूमिका को विस्तार से समझाया। उन्होंने राग भूपाली, दुर्गा, मालकौंस सहित कर्नाटक शैली के रागों का भी लोकगायन के माध्यम से प्रस्तुतीकरण कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने युवा कलाकारों को संगीत साधना के महत्व पर प्रेरित करते हुए कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी निरंतर अभ्यास ही सफलता की कुंजी है। साथ ही संस्थान की उपलब्धियों को प्रदेश व केंद्र सरकार तक पहुंचाने और प्रतिभाशाली कलाकारों को संरक्षण देने का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम में हिमानी बिष्ट ने हारमो. नियम और संदीप सिंह सोंढी ने ढोलक पर संगत दी, जबकि तबला वादक रणविजय सिंह ने संचालन किया। इस मौके पर संस्थान के पदा. धिकारी, छात्र-छात्राएं और अभिभावक मौजूद रहे।

## चाय के ठेले पर पिलाई शराब, ठेले वाला गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** चाय के ठेले पर शराब पिलाना एक दुकानदार को महंगा पड़ा। पुलिस ने शराब पिलाने वाले दुकानदार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

काठगोदाम पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीते गुरूवार की रात्रि काठगोदाम पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी तभी पुरानी आरटीओ ऑफिस रोडवेज बस अड्डे के पास चाय की दुकान पर पहुंचे तो वहां पर दुकानदार द्वारा लोगों को शराब पिलाई जा रही थी।

पुलिस को देख लोग भाग निकले तभी पुलिस ने दुकानस्वामी मल्ला ब्यूरा काठगोदाम निवासी अशोक तोमर पुत्र विजय पाल तोमर ने को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को बताया कि वह चाय की ठेली में चाय के साथ दाल-चावल बेचता हूं और लोग उसके ठेले में आकर शराब पीने हैं।

# लाखन की एंट्री से कांग्रेस की कलह बाहर

## अनदेखी का आरोप लगाकर वरिष्ठ कांग्रेस नेता पुष्कर नयाल ने दिया इस्तीफा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** जैसे-जैसे 2027 विधानसभा चुनाव की घड़ी नजदीक आ रही है वैसे-वैसे कांग्रेस में अंदरूनी कलह सामने आने लगी है। बीते दिनों दिल्ली में रामगढ़ के पूर्व ब्लॉक प्रमुख लाखन सिंह नेगी के कांग्रेस में शामिल होने के बाद विधानसभा प्रभारी एवं पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष रहे पुष्कर नयाल ने कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। शुक्रवार को नैनीताल रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में पत्रकार वार्ता करते हुए पुष्कर नयाल ने अपने इस्तीफे के पीछे संगठन द्वारा उनकी अनदेखी को मुख्य कारण बताया और आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी में बाहर से आए नेताओं को तवज्जो दी जा रही है, जबकि पुराने और जमीनी कार्यकर्ताओं की राय को नजरअंदाज किया जा रहा है।

उन्होंने कहा वह जिले के प्रभारी है और भीमताल विधानसभा से कांग्रेस के मजबूत दावेदार थे लेकिन मुझसे कोई सलाह नहीं ली गई। श्री नयाल ने कहा कि भाजपा से आए नेताओं को महज चार दिन में ऊंचा दर्जा दे दिया जाता है, जबकि हम जो वर्षो से पार्टी के लिए काम कर रहे हैं, हमें कोई पूछता तक नहीं। श्री नयाल ने नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य पर भी आरोप लगाते हुए कहा कि वह कार्यकर्ताओं का उपेक्षा कर रह है। उन्होंने कहा यशपाल आर्य भाजपा के व्यक्ति को कांग्रेस में शामिल कर पूरी कांग्रेस को तोड़ने में लगे है।

उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी जमीनी कार्यकर्ताओं की अनदेखी कर रही है जिसके चलते उन्हें इस्तीफा देना पड़ रहा है। उन्होंने कहा अभी और कांग्रेस कार्यकर्ता इस्तीफा देने को तैयार है। फिलहाल, पार्टी संगठन की ओर से इस इस्तीफे पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।



# चेन्नई ने पंजाब को जीतने के लिए 210 का टारगेट दिया

### आयुष म्हात्रे की फिफ्टी, सरफराज ने 32, दुबे ने 45 रन बनाए, वैशाख ने लिल 2 विकेट



**चेन्नई, वार्ता।** आईपीएल के 7वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स ने पंजाब किंग्स को 210 रन का टारगेट दिया। चेपाक स्टेडियम में शुक्रवार को पीबीएसके ने बालिंग चुनी। सीएसके ने 5 विकेट खोकर 209 रन बनाए। आयुष म्हात्रे ने 73, शिवम दुबे ने 45 और सरफराज खान ने 32 रन बनाए।

विजयकुमार वैशाख को 2 विकेट मिले। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी सीएसके ने 5 विकेट खोकर 209 रन बनाए। शिवम दुबे ने आखिरी 2 गेंद पर 2 चौके लगाकर टीम को इस स्कोर तक पहुंचाया। उन्होंने 45 रन बनाए। उनके सामने प्रशांत वीर 6 रन बनाकर नाटआउट लौटे। 19 ओवर में चेन्नई ने 9 विकेट के नुकसान पर 195 रन बना लिए। प्रशांत वीर और शिवम दुबे नाटआउट रहे। 17वें ओवर में चेन्नई ने पांचवां विकेट गंवाया। ओवर की चौथी बाल विजयकुमार वैशाख ने गुड लेंथ पर लेग कटर फेंकी। सरफराज बड़ा शाट खेलने गए, लेकिन मिड आन पर नेहल वाधोरा के हाथों कैच हो गए। उन्होंने 12 गेंद पर 32 रन बनाए। चेन्नई ने 16वें ओवर में 150 रन पूरे कर लिए। सरफराज खान ने जैवियर बार्टलेट के खिलाफ छक्का लगाया और टीम को इस स्कोर तक पहुंचाया। शिवम दुबे भी पिच पर मौजूद रहे। 14वें ओवर में चेन्नई ने चौथा विकेट गंवाया। ओवर की चौथी बाल मार्को यानसन ने गुड लेंथ पर इन स्विंगर फेंकी। गेंद कार्तिक शर्मा के पैड्स पर लगी। पीबीएसके ने पगबाधा आउट की अपील की, लेकिन अंपायर ने आउट नहीं दिया। कप्तान श्रेयस अज्यर ने रिव्यू लिया, रिप्ले में कार्तिक आउट नजर आए। वे 1 रन ही बना सके। यह मैच में यानसन का पहला ही विकेट रहा। 13वें ओवर में चेन्नई ने तीसरा विकेट गंवा दिया। ओवर की तीसरी बाल विजयकुमार वैशाख ने ऑफ स्टंप के बाहर यार्कर फेंकी। आयुष म्हात्रे ने शाट खेला, लेकिन शार्ट थर्ड मैन पोजिशन पर युजवेंद्र चहल के हाथों कैच हो गए। म्हात्रे ने 73 रन बनाए। 12वें ओवर में चेन्नई ने दूसरा विकेट गंवा दिया। ओवर की पहली बाल युजवेंद्र चहल ने लेग स्टंप की ओर गुड लेंथ पर फेंकी। ऋतुराज गायकवाड ने शाट खेला, लेकिन लान्ग लेग पोजिशन पर कैच हो गए। गायकवाड ने 28 रन बनाए। उन्होंने आयुष म्हात्रे के साथ 96 रन की पार्टनरशिप की।

# मेरे स्ट्राइक रेट पर सवाल उठाने वाले लोग मुझसे जलते हैं: रहाणे

**कोलकाता, वार्ता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 65 रनों के बड़े अंतर से हार झेलनी पड़ी है। आईपीएल 2026 में मुंबई इंडियंस (एमआई) के बाद यह उनकी लगातार दूसरी शिकस्त है। इन दोनों ही मैचों के बाद कप्तान अजिक्य रहाणे एक शब्द का बार-बार प्रयोग कर रहे हैं – 'टीम संतुलन'।

हालांकि एसआरएच के खिलाफ मिली हार ने साफ कर दिया है कि समस्या सिर्फ चोटिल गेंदबाजों तक सीमित नहीं है, बल्कि केकेआर के मध्यक्रम में भी कुछ समस्याएं हैं। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में रहाणे ने एसआरएच के खिलाफ मिली हार का एक प्रमुख कारण बीच के ओवरों में साझेदारी न बन पाना बताया। उन्होंने कहा, ष्आज की विकेट बल्लेबाजी के लिए मुफीद थी, लेकिन हमारी बल्लेबाजी में वह लय नजर नहीं आई। इतने बड़े लक्ष्य का पीछा करने के लिए हमें और बेहतर बल्लेबाजी की जरूरत थी। बीच के ओवरों में हम साझेदारी नहीं कर सके, जबकि जरूरत यह थी कि कुछ बड़ी साझेदारियां हों और खेल को अंत तक ले जाया जाए। मुंबई इंडियंस के खिलाफ पहले मैच में भी केकेआर ने बीच के ओवरों में ही मोमेंटम गंवाया था। उस मैच में केकेआर ने 10 ओवर में 120 रन बना दिए थे, लेकिन अगले 10 ओवरों में टीम सिर्फ 102 रन ही जोड़ सकी।



एसआरएच के खिलाफ भी कहानी लगभग वही रही। शुरुआती पांच ओवर में 67 रन ठोकने के बावजूद टीम उस रफ्तार को बरकरार नहीं रख पाई। इस मैच में रहाणे ने खुद 10 गेंदों पर महज 8 रन बनाए, जिसके बाद उनके स्ट्राइक रेट पर सवाल उठना लाजमी था। हालांकि, आमतौर पर शांत रहने वाले रहाणे ने इस बार जवाब थोड़ा अलग तरीके से दिया। उन्होंने कहा कि 2023 के बाद से पावरप्ले में मेरा स्ट्राइक रेट बेहतरीन रहा है। (552 रन, 167-78 की स्ट्राइक रेट, 69 का औसत) जो लोग मेरे खेल या स्ट्राइक रेट पर बात कर रहे हैं।

## खेल विशेष

### निकहत, प्रिया और प्रीति सेमीफाइनल में, भारत के तीन पदक पक्के

**उलानबटार, वार्ता।** मंगोलिया के उलानबटार में एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2026 के पांचवें दिन, निकहत जरीन, प्रिया और प्रीति पवार ने शानदार जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई, जिससे भारत के तीन पदक पक्के हो गए हैं। भारतीय अभियान की अगुवाई करते हुए, निकहत जरीन महिलाओं के 51 किलोग्राम वर्ग के क्वार्टरफाइनल में पूरी तरह से हावी रहीं। उन्होंने अपने दबदबे भरे प्रदर्शन में पहले ही राउंड में आरएससी (रेफरी द्वारा मुकाबला रोकना) के आधार पर फिलीपींस की जियान बाग.हिन को हरा दिया। अब सेमीफाइनल में उनका सामना अब तक की सबसे कठिन चुनौती से होगा, जब वे चीन की वू यू (पेरिस 2024 ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता) के खिलाफ रिंग में उतरेंगी।

### बॉल टैंपरिंग के खिलाफ फखर जमां की अपील खारिज, दो मैचों का प्रतिबंध बरकरार

**लाहौर, वार्ता।** लाहौर कलंदर्स के बल्लेबाज फखर जमान 3 अप्रैल को मुल्तान सुल्तांस और 9 अप्रैल को इस्लामाबाद यूनाइटेड के खिलाफ होने वाले मैचों में नहीं खेल पाएंगे, क्योंकि पीएसएल टेक्निकल कमेटी ने मैच रेफरी रोशन महानामा द्वारा लगाए गए दो मैचों के प्रतिबंध को बरकरार रखा है। यह सजा गेंद की स्थिति में बदलाव (बॉल टैंपरिंग) के कारण उन्हें दी गई थी। फखर ने इस फैसले के खिलाफ अपील की थी, जो पीएसएल के कोड ऑफ कंडक्ट के तहत उनका अधिकार है। महानामा ने 2026 सीजन में उनके पहले लेवल-3 अपराध के लिए अधिकतम सजा सुनाई थी। फखर ने इस आरोप को चुनौती दी थी, जिसकी सुनवाई के बाद यह फैसला लिया गया। पीएसएल के नियमों के अनुसार, पहली बार लेवल-3 अपराध के लिए खिलाड़ी को कम से कम एक मैच और अधिकतम दो मैचों का निलंबन दिया जा सकता है।

# रियल मैड्रिड को 6-0 से रौंदकर बार्सिलोना सेमीफाइनल में

**मैड्रिड, वार्ता।** एफसी बार्सिलोना ने गुरुवार को दूसरे लेग में अपने घरेलू मैदान पर रियल मैड्रिड को 6-0 से रौंदकर महिला चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। कैंप नोउ में 60,000 से ज्यादा फैन्स ने बार्सिलोना का दबदबा देखा। यह मुकाबला पहले लेग में ही 6-2 की जीत के साथ लगभग तय हो चुका था, जो बार्सिलोना ने रियल मैड्रिड के घरेलू मैदान पर हासिल की थी।

क्लब के लिए अपना 500वां मैच खेल रहीं अलेक्सिया पुटेलस ने आठवें मिनट में पहला गोल किया। उन्होंने यह गोल तब किया जब मीसा रोड्रिग ने इवा पाजोर के शुरुआती शॉट को रोक दिया था। इसके बाद पुटेलस ने 15वें मिनट में कैरोलिन ग्राहम हानसेन को उनके दो गोलों में से पहला गोल करने में मदद की। फिर 27वें मिनट में इरीन परेडेस ने एक कॉर्नर किक पर हेडर से गोल करके स्कोर 3-0 कर दिया। 34वें मिनट में विक्की लोपेध ने पाजोर को क्रॉस दिया, जिस पर पाजोर ने फार पोस्ट पर बार्सिलोना का चौथा गोल किया। इस तरह मेजबान टीम ने अपनी आक्रामक 'हाई प्रेस' रणनीति से रियल मैड्रिड को पूरी तरह से पछाड़ दिया। दूसरे हाफ के 10 मिनट बाद पुटेलस और ग्राहम हानसेन ने मिलकर पांचवां गोल किया।

# मुंबई के खिलाफ दिल्ली का लक्ष्य इतिहास बदलना

### दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस एक बार फिर शनिवार को आमने-सामने होंगी

**नई दिल्ली, वार्ता।** एक जानी-पहच.ानी कहानी की तरह, जो थोड़े-बहुत बदलावों के साथ खुद को दोहराती रहती है, दिल्ली कैपिटल्स एक बार फिर मुंबई इंडियंस के आमने-सामने होगी। इंडियन प्रीमियर लीग 2026 का यह शनिवार का दिन का मैच बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है, लेकिन साथ ही इसमें एकतरफा मुक.ाबले की झलक भी दिख सकती है, क्योंकि दोनों टीमें इस सीजन में अपनी दूसरी जीत की तलाश में हैं।

दिल्ली, लखनऊ सुपर जायंट्स पर छह विकेट की जीत के बाद इस मैच में उतर रही है। इस जीत से टीम को हौसला तो मिला है, लेकिन उनकी बैटिंग लाइन-अप के ऊपरी क्रम में जो पुरानी चिंताएं बनी हुई हैं, वे अभी पूरी तरह से दूर नहीं हुई हैं। दूसरी ओर, मुंबई ने कोलकाता नाइट राइडर्स पर आसान जीत के साथ अपनी लय वापस पा ली है। उन्होंने सबको यह याद दिला दिया है कि इतिहास की तरह ही, अच्छी फॉर्म भी अक्सर जानी-पहचानी टीमों का ही साथ देती है। अक्षर पटेल की कप्तानी में, दिल्ली ने एक खास संतुलन दिखाया है, खासकर अपनी बॉलिंग और निचले मध्य क्रम में। हालांकि, उनका ऊपरी क्रम (टॉप ऑर्डर) अभी भी चिंता का विषय बना हुआ है। केएल राहुल और पथुम निसांका-जो बड़े नाम हैं और जिनसे काफी उम्मीदें हैं-पिछले मैच में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। इसके चलते टीम को एक मजबूत आधार (प्लेटफॉर्म) बनाने के बजाय, मुश्किल हालात से निकालने वाले प्रदर्शनों पर निर्भर रहना पड़ा। समीर रिजवी के हालिया अर्धशतक ने टीम को कुछ हद तक राहत दी है। वहीं, नीतीश राणा, ट्रिस्टन स्टब्स और डेविड मिलर जैसे खिलाड़ी भी मौके का इंतजार कर रहे हैं, ताकि पारी की जरूरत के हिंसाब से वे या तो पारी को संभाल सकें या फिर उसे मुश्किल से बाहर निकाल सकें। इसके विपरीत, उनकी बॉलिंग यूनिट ज्यादा आत्मविश्वास से भरी नजर आती है। लुंगी एनगिडी, मुकेश कुमार, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव और टी- नटराजन की यह टीम तेज गेंदबाजी, स्पिन और विविधता का ऐसा मिश्रण पेश करती है, जो किसी भी मजबूत से मजबूत बैटिंग लाइन-अप को मुश्किल में डाल सकता है। एनगिडी की शुरुआती विकेट लेने की काबिलियत और कुलदीप का बीच के ओवरों में गेंद पर नियंत्रण-ए दोनों ही बातें यह तय कर सकती हैं कि मुंबई की बैटिंग को रोका जा सकेगा या फिर उसे खुलकर खेलने का मौका मिलेगा। हार्दिक पंड्या की कप्तानी में, मुंबई एक ऐसे शांत आत्मविश्वास के साथ खेल रही है, जो अब उनकी आदत सी बन गई है। दिल्ली के खिलाफ उनका रिकॉर्ड-पिछले छह मुकाबलों में पांच जीत-महज एक आंकड़ा नहीं है, बल्कि यह उस मनोवैज्ञानिक बढ़त की याद दिलाता है, जो समय के साथ और भी मजबूत होती गई है। उनकी बैटिंग लाइन-अप, जिसने पिछले मैच में शानदार प्रदर्शन किया था, अभी भी उनकी सबसे बड़ी ताकत बनी हुई है। ऊपरी क्रम में, रयान रिकेटन और रोहित शर्मा की जोड़ी आक्रामकता और स्थिरता-दोनों का ही बेहतरीन तालमेल पेश करती है। ए दोनों ही खिलाड़ी बड़े स्कोर खड़ा करने या फिर बड़े लक्ष्यों का पीछा करने में पूरी तरह से सक्षम हैं। मिडिल ऑर्डर, जिसमें सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा और हार्दिक पंड्या शामिल हैं, टीम को न सिर्फ अंदाज देता है, बल्कि गहराई भी देता है।

# वैभव सूर्यवंशी को रोकना होगी गुजरात की प्राथमिकता

**अहमदाबाद, वार्ता।** मात्र 15 साल की उम्र में अपनी बल्लेबाजी से तहलका मचा रहे युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को रोकना गुजरात टाइटंस की पहली प्राथमिकता होगी जब उसका शनिवार को राजस्थान रॉयल्स से मुकाबला होगा। अहमदाबाद ने कई शानदार मैच देखे हैं, लेकिन आईपीएल की हर शाम एक नई दुल्हन की तरह उम्मीद और एक पुराने जुआरी की तरह अनिश्चितता लेकर आती है।

शनिवार को, नरेंद्र मोदी स्टेडियम गुजरात टाइटन्स और राजस्थान रॉयल्स की मेजबानी करेगा, ए दो टीमें हैं जिन्होंने अपने 2026 के अभियान की शुरुआत बहुत अलग-अलग तरीकों से की है, फिर भी वे यहां अपनी अहमियत और लय के लिए बराबर बेताब हैं। गुजरात थोड़ी



लड़खड़ाती हुई उतरी, अपने शुरुआती मुकाबले में मामूली स्कोर बनाने के बाद लड़खड़ा गई थी, जिसे उसके गेंदबाज बचा नहीं सके। टॉप ऑर्डर पर एक जानी-पहचानी निर्भरता है – साई सुदर्शन, शुभमन गिल और जोस बटलर – तीन नाम जो बराबर उम्मीद और दबाव दोनों रखते हैं। सुदर्शन, जो अपने पिछले सीजन में शानदार और प्रोडक्टिव रहे थे, अब सहजता की तलाश में हैं। गिल, जो ज्यादातर विरोधियों के खिलाफ भरोसेमंद हैं, राजस्थान के खिलाफ उनका औसत ठीक-ठाक है और उनसे आगे बढ़कर लीड करने की उम्मीद की जाएगी। बटलर, जो कभी टीम को बर्बाद करने वाले खिलाड़ी थे, आजकल ऐसे लग रहे हैं जैसे कोई बंद मैच को खोलने के बजाय खोई हुई चाबी ढूंढने की कोशिश कर रहा हो। मिडिल ऑर्डर, जैसा कि अक्सर कई मॉडर्न टीमों के साथ होता है, भरोसेमंद होने के बजाय ज्यादा सजावटी लगता है। वाशिगटन सुंदर, ग्लेन फिलिप्स और शाहरुख खान भरोसे के बजाय ऑप्शन देते हैं। हालांकि, फिलिप्स की पहचान एक ऐसे खिलाड़ी की बनी हुई है जो शांत ओवर को शोरगुल वाले ओवर में बदल सकता है। इसके उलट, गुजरात की बॉलिंग ज्यादा सधी हुई दिखती है। राशिद खान उनके ताबीज बने हुए हैं।

# कोमालिका बारी और अर्जुन खारा ने जीते स्वर्ण पदक

**रायपुर, वार्ता।** पूर्व विश्व जूनियर चैंपियन झारखंड की कोमालिका बारी ने अपने मिक्स्ड टीम खिताब के बाद महिला रिकर्व तीरंदाजी में स्वर्ण पदक जीता, जबकि ओडिशा के अर्जुन खारा ने पुरुष रिकर्व वर्ग में स्वर्ण अपने नाम किया। हालांकि, इन उपलब्धियों के बावजूद अंतिम दिन कर्नाटक को पदक तालिका के शीर्ष स्थान से हटाया नहीं जा सका और वह उद्घाटन खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में शीर्ष पर बना रहा।

टूर्नामेंट के इस संस्करण में 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 3,800 खिलाड़ियों ने नौ खेल विधाओं में प्रतिस्पर्धा की। तीरंदा.जी, एथलेटिक्स, फुटबॉल, हॉकी, तैराकी, भारोत्तोलन और कुश्ती में कुल 106 स्वर्ण पदक दांव पर थे, जबकि मल्लखंभ और कबड्डी जैसे पारंपरिक खेल प्रदर्शन (डेमोंस्ट्रेशन) खेलों के रूप में शामिल थे। इन 106 स्वर्ण पदकों में से कर्नाटक ने 23 स्वर्ण, 8 रजत और 7 कांस्य पदक जीतकर ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। ओडिशा 21 स्वर्ण, 15 रजत और 21 कांस्य पदकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा और 57 पदकों के साथ 50 से अधिक पदक जीतने वाला एकमात्र दल बना। झारखंड 16 स्वर्ण, 8 रजत और 11 कांस्य पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। मेजबान छत्तीसगढ़ ने भी जनजातीय समुदाय की खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 स्वर्ण, 10 रजत और 6 कांस्य पदक जीतकर नौवां स्थान हासिल किया। छत्तीसगढ़ का आखिरी पदक पुरुष फुटबॉल में रजत के रूप में आया, जब वे फाइनल में पश्चिम बंगाल से 0-1 से हार गए। ओवरऑल चैंपियन कर्नाटक ने पहले ही दिन से पदक तालिका में बढ़त बना ली थी, खासकर तैराकी में दबदबा बनाते हुए उन्होंने 15 स्वर्ण, 5 रजत और 3 कांस्य पदक जीते। इसके अलावा एथलेटिक्स में 5 और कुश्ती में 3 स्वर्ण पदक जोड़कर उन्होंने सुनिश्चित किया कि ओडिशा और झारखंड उनसे आगे न निकल सकें। कर्नाटक के मणिकांत एल 8 स्वर्ण और 1 रजत पदक के साथ खेलों के सबसे सफल खिलाड़ी रहे, जबकि उनके साथी धोनिश एन ने तैराकी में 5 स्वर्ण और 1 रजत पदक जीते। महिला वर्ग में ओडिशा की तैराक अंजलि मुंडा ने 5 स्वर्ण पदक जीते, जबकि कर्नाटक की मेघांजलि ने 4 स्वर्ण और 2 कांस्य पदक अपने नाम किए। ओडिशा एकमात्र ऐसा दल रहा जिसने सभी छह खेल विधाओं में कम से कम एक स्वर्ण पदक जीता, जिसमें एथलेटिक्स में 8 और तैराकी में 7 स्वर्ण शामिल हैं।


# कोमालिका बारी और अर्जुन खारा ने जीते स्वर्ण पदक

**रायपुर, वार्ता।** पूर्व विश्व जूनियर चैंपियन झारखंड की कोमालिका बारी ने अपने मिक्स्ड टीम खिताब के बाद महिला रिकर्व तीरंदाजी में स्वर्ण पदक जीता, जबकि ओडिशा के अर्जुन खारा ने पुरुष रिकर्व वर्ग में स्वर्ण अपने नाम किया। हालांकि, इन उपलब्धियों के बावजूद अंतिम दिन कर्नाटक को पदक तालिका के शीर्ष स्थान से हटाया नहीं जा सका और वह उद्घाटन खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में शीर्ष पर बना रहा।

टूर्नामेंट के इस संस्करण में 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 3,800 खिलाड़ियों ने नौ खेल विधाओं में प्रतिस्पर्धा की। तीरंदा.जी, एथलेटिक्स, फुटबॉल, हॉकी, तैराकी, भारोत्तोलन और कुश्ती में कुल 106 स्वर्ण पदक दांव पर थे, जबकि मल्लखंभ और कबड्डी जैसे पारंपरिक खेल प्रदर्शन (डेमोंस्ट्रेशन) खेलों के रूप में शामिल थे। इन 106 स्वर्ण पदकों में से कर्नाटक ने 23 स्वर्ण, 8 रजत और 7 कांस्य पदक जीतकर ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। ओडिशा 21 स्वर्ण, 15 रजत और 21 कांस्य पदकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा और 57 पदकों के साथ 50 से अधिक पदक जीतने वाला एकमात्र दल बना। झारखंड 16 स्वर्ण, 8 रजत और 11 कांस्य पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। मेजबान छत्तीसगढ़ ने भी जनजातीय समुदाय की खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 स्वर्ण, 10 रजत और 6 कांस्य पदक जीतकर नौवां स्थान हासिल किया। छत्तीसगढ़ का आखिरी पदक पुरुष फुटबॉल में रजत के रूप में आया, जब वे फाइनल में पश्चिम बंगाल से 0-1 से हार गए। ओवरऑल चैंपियन कर्नाटक ने पहले ही दिन से पदक तालिका में बढ़त बना ली थी, खासकर तैराकी में दबदबा बनाते हुए उन्होंने 15 स्वर्ण, 5 रजत और 3 कांस्य पदक जीते। इसके अलावा एथलेटिक्स में 5 और कुश्ती में 3 स्वर्ण पदक जोड़कर उन्होंने सुनिश्चित किया कि ओडिशा और झारखंड उनसे आगे न निकल सकें। कर्नाटक के मणिकांत एल 8 स्वर्ण और 1 रजत पदक के साथ खेलों के सबसे सफल खिलाड़ी रहे, जबकि उनके साथी धोनिश एन ने तैराकी में 5 स्वर्ण और 1 रजत पदक जीते। महिला वर्ग में ओडिशा की तैराक अंजलि मुंडा ने 5 स्वर्ण पदक जीते, जबकि कर्नाटक की मेघांजलि ने 4 स्वर्ण और 2 कांस्य पदक अपने नाम किए। ओडिशा एकमात्र ऐसा दल रहा जिसने सभी छह खेल विधाओं में कम से कम एक स्वर्ण पदक जीता, जिसमें एथलेटिक्स में 8 और तैराकी में 7 स्वर्ण शामिल हैं।


### मेघालय ने 39वें राष्ट्रीय खेलों के लिए तैयारियां तेज कीं

**शिलांग, वार्ता।** खेल एवं युवा मामलों के आयुक्त और सचिव डा. विजय कुमार डी- ने बताया कि मेघालय सरकार ने 2027 में राज्य में आयोजित होने वाले 39वें राष्ट्रीय खेलों के लिए अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं और अब पूरे राज्य में टीमों को प्रशिक्षण की गतिविधियां पूरे जोर-शोर से चल रही हैं। डा. कुमार डी- ने कहा कि मेघालय को खेलों की महाशक्ति बनाने के मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा के दृष्टिकोण के अनुरूप, राज्य, खेल बुनियादी ढांचे, एथलीटों के विकास और युवाओं की भागीदारी में अभूतपूर्व निवेश कर रहा है। डा. कुमार डी-ने बताया कि विभिन्न खेलों में टीमों की तैयारी और एथलीटों के विकास को बढ़ावा देने के लिए 27 राज्य खेल संघों को प्रथम चरण के रूप में 40 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने कहा कि इस दृष्टिकोण के मूल में सरकार का भरोसे पर आधारित मॉडल है।

# रात में मछुआरे का काम करने वाले अब्दुल फताह लंबी ने कूद में जीता स्वर्ण पदक

**जगदलपुर, वार्ता।** अब्दुल फताह ज्यादातर रातों को समुद्र में होते हैं, जहां वे मछुआरे बनकर अपने परिवार की रोजी-रोटी कमाने में मदद करते हैं। जैसे ही सुबह होती है, वे सीधे ट्रेनिग ग्राउंड की ओर निकल पड़ते हैं और एक एक अलग सपने का पीछा करते हुए लक्षद्वीप को 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स' 2026 में पहला पदक दिलाया।

कवरत्ती और कदमत द्वीपों के बीच स्थित, दूरदराज के अमीनी द्वीप जो लगभग 2-7 किमी लंबा और 1-2 किमी चौड़ा है, और जिसका कुल भू-क्षेत्रफल 2-60 वर्ग किमी है के 18 वर्षीय लॉन्ग जम्पर ने अब्दुल फताह ने जगदलपुर के क्रीड़ा परिसर मैदान में 7-03 मीटर की अपनी करियर की सर्वश्रेष्ठ छलांग लगाकर स्वर्ण पदक जीता। यह इस छोटे से केंद्र शासित प्रदेश के लिए एक ऐतिहासिक क्षण था। केंद्र शासित प्रदेश के खेल अधिकारी अहमद जावेद हसन ने मुस्कुराते हुए कहा, ष्वह लक्षद्वीप के पहले ऐसे एथलीट हैं जिन्होंने 7 मीटर की दूरी पार की है और यह वाकई एक खास बात है। मछुआरे परिवार में जन्मे फताह



भाई-बहनों में सबसे बड़े हैं और घर की बड़ी जिम्मेदारी संभालते हैं। 12वीं कक्षा पूरी करने के बाद, आर्थिक तंगी के कारण उन्हें अपनी पढ़ाई बीच में ही रोकनी पड़ी। इसके बजाय, उन्होंने अपने पिता के पारिवारिक व्यवसाय में हाथ बंटाने और खेल को अपने जुनून के तौर पर अपनाने का फैसला किया। फताह ने कहा कि कोई और चारा नहीं है, आपको चीजों में संतुलन बनाना ही पड़ता है। जब मैं स्कूल में था, तभी से मैं अपने पिता की मछली पकड़ने के काम में मदद करता आ रहा हूं। यही हमारी आमदनी का एकमात्र जरिया है। हमारे परिवार में छह लोग हैं। सुबह मैं अपनी ट्रेनिग के लिए जाता हूं, मेरे परिवार को इस बारे में पता है, भले ही वे इस खेल के बारे में बहुत कम समझते हों। दिलचस्प बात यह है कि एथलेटिक्स उनका पहला प्यार नहीं था। फताह शुरू में फुटबॉल खेलते थे, जैसा कि द्वीप के कई दूसरे युवा करते थे। हालांकि, कुछ साल पहले एक स्थानीय इंटर-आइलैंड प्रतियोगिता के दौरान उनकी यात्रा में एक अहम मोड़ आया। कोच मोहम्मद कासिम ने इस युवा की दौड़ने की जबरदस्त काबिलियत को पहचाना और उन्हें एथलेटिक्स में आने का सुझाव दिया। तब से, फताह ने लॉन्ग जंप और 100-मीटर स्प्रिंट में ट्रेनिग शुरू कर दी। लगभग उसी समय, अमिनी एथलेटिक्स एसोसिएशन का गठन होने लगा, जिससे इस क्षेत्र में खेलों के विकास को एक सही ढांचा मिला।

# सिविल लाइन पुलिस ने दबोचे दो स्नैचर

## आरोपियों से झपटा गया मोबाइल फोन, एक मोटरसाइकिल की बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सिविल लाईन कोतवाली पुलिस ने दो स्नेचरों को दबोचकर उनके पास से झपटा गया एक मोबाईल व बाईक बरामद की है। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।



जानकारी के अनुसार दिनाँक 02.03.26 को वादी मुकदमा संजय मुखर्जी पुत्र स्वर्ग जगन्नाथ मुखर्जी निवासी प्रथम फ्लोर वैशाली सेक्टर फोर थाना कौशांबी जिला गाजियाबाद के द्वारा तहरीरी सूचना दी की दो अज्ञात बाइक सवार व्यक्ति द्वारा उसका मोबाइल फोन छीनकर ले गए हैं प्रभारी निरीक्षक प्रदीप बिष्ट द्वारा तुरंत संज्ञान लेते हुए पुलिस टीमों को सक्रिय किया गया स्नैचिंग करने वालों की तलाश की गई उक्त स्नैचिंग करने वाले व्यक्ति द्वारा तेज व लापरवाही से मोटरसाइकिल को चलाते हुए एक अन्य मोटरसाइकिल नंबर यूके 17 जी 6356 पर बोट क्लब के पास रुड़की में टक्कर मार दी उसमें बैठे सुमित व एक अन्य व्यक्ति को घायल कर दिया पुलिस टीम के द्वारा स्नैचिंग करने वाले दोनों व्यक्तियों 1-माजिद पुत्र जुम्मन निवासी मिलाप नगर ढडेरा रुड़की 2-आसिफ पुत्र इरशाद निवासी ढंडेरा रुड़की को बोट क्लब से पकड़ लिया गया जिनके कब्जे से छीना गया मोबाइल वह घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल नंबर यूके 17ी 3496 को बरामद किया गया व कोतवाली रुड़की पर मुकदमा अपराध संख्या 108/26 धारा 304 (2) 3(5)281. 125.317(2) दर्ज कराया गय अभियुक्त गणों को न्यायालय पेश किया जा रहा है। 'गिरफ्तारी अभियुक्त को पकडने वाली पुलिस टीम-अपर उप निरीक्षक नरेंद्र राठी, हेड कॉन्स्टेबल परवीन, कांस्टेबल शोबन सिंहकांस्टेबल रंग मोहन आदि शामिल रहे।

# लापता दो नाबालिग सहेलियों को 24 घंटे में पंजाब से किया बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** पुलिस द्वारा शुक्रवार को घर से लापता हुई दो नाबालिग सहेलियों को महज 24 घंटे के भीतर जालंधर पंजाब से सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि झबरेड़ा निवासी एक महिला ने अपनी नाबालिग पुत्री के 31 मार्च को बिना बताए घर से कहीं चले जाने के संबंध में 1 अप्रैल को थाना झबरेड़ा में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। परिजनों ने यह भी जानकारी दी कि उनकी बेटी के साथ पड़ोसी की एक अन्य लड़की भी गई है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। मामला नाबालिग लड़कियों से जुड़ा होने के कारण पुलिस ने एक विशेष टीम का गठन किया। पुलिस टीम ने सुरागों और सर्विलांस की मदद से दोनों लड़कियों को ट्रैक किया। 2 अप्रैल को पुलिस ने दोनों लड़कियों को जालंधर (पंजाब) रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से उतरते ही सकुशल अपने संरक्षण में ले लिया। पूछताछ में दोनों लड़कियों ने बताया कि वे घर से नाराज होकर अपने किसी परिचित के यहां जा रही थीं। थाना प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह ने बताया कि बरामदगी के बाद अब मामले में आगे की आवश्यक वैधानिक कार्रवाई कर दोनों किशोरियों को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। पुलिस टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह, उप-निरीक्षक रविंद्र सिंह,अपर उप-निरीक्षक गिरीश सिंह, कांस्टेबल रणवीर सिंह शामिल रहे।

# रोटरी क्लब मिडटाउन ने कैबिनेट मंत्री बत्रा को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रोटरी क्लब ऑफ रुड़की मिडटाउन द्वारा उत्तराखंड सरकार में कैबिनेट मंत्री बने विधायक प्रदीप बत्रा के सम्मान में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्लब के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने मंत्री प्रदीप बत्रा का फूल-मालाओं एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि प्रदीप बत्रा को कैबिनेट मंत्री बनाए जाने से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में रुड़की सहित आसपास के क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य होंगे।

कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा ने रोटरी क्लब के सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उनके लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य करेंगे।



कार्यक्रम में रोटरी क्लब के कई गणमान्य सदस्य एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। इस सफल आयोजन में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन रवि प्रकाश, क्लब अध्यक्ष डॉ. विकास त्यागी, सेक्रेटरी अनुभव गुप्ता,प्रोग्राम कॉर्डिनेटर केनेथ, मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार डंपर ने बाइक को मारी टक्कर, एक की युवक की मौत, दो गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेडा।** झबरेड़ा-मंगलोर मार्ग पर किसान चौक के समीप एक तेज रफ्तार मिट्टी से भरे डम्फर ने मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण दुर्घटना में 21 वर्षीय एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। हादसा उस वक्त हुआ जब तीनों युवक रात के समय एक ही बाइक से अपने घर जा रहे थे।

कस्बे से कुछ आगे मंगलौर मार्ग पर किसान चौक के पास गुरुवार रात लगभग 10:45 बजे मिट्टी से भरे डंपर की टक्कर लगने से बाइक सवार तीन युवक बाइक सहित सड़क पर गिर गए। जिनमें से उत्तर प्रदेश के जिला सहारनपुर ग्राम खेड़ा मुगल निवासी शहजाद (उम्र लगभग 21 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई तथा इसी बाइक पर सवार शाहिद व जावेद गंभीर रूप से घायल हो गए। गुरुवार रात्रि उक्त तीनो एक ही बाइक पर सवार होकर मंगलौर से झबरेड़ा होते हुए अपने घर खेड़ा मुगल जा रहे थे जैसे ही उक्त मंगलोर मार्ग पर कस्बा झबरेड़ा किसान चौक के पास पहुंचे, तभी एक अनियंत्रित मिट्टी से भरे डम्फर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि शहजाद की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना को अंजाम देने के बाद डंपर चालक डंपर सहित मौके से फरार हो गया। वहां से आने जाने वाले लोगों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। एस आई रविंद्र कुमार का कहना है कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को कस्बे में स्थित अस्पताल मैं इलाज हेतु ले गए।डॉक्टर द्वारा दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया है। पुलिस ने मृतक शहजाद के शव को कब्जे में लेकर रुड़की के सिविल अस्पताल की मोर्चरी में भिजवा दिया है। पुलिस द्वारा घटना की सूचना मृतक और घायलों के परिजनों को दे दी गई है। सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# एक फरार वारंटी को धर-दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** वाँछित अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी मंगलौर के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक भगवानपुर के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन किया गया। जानकारी के अनुसार गठित टीमो द्वारा वाँछित अभियुक्तो की तलाश हेतु सघन खोज अभियान जारी रखा। ''स्थानीय मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। वाँछित अभियुक्त को पकडने मे सफलता प्राप्त हुयी। पुलिस टीम की मेहनत एवं सतर्कता के परिणाम स्वरूप मुखबिर की पुख्ता सूचना के आधार पर दिनांक 03/04/2026 को ग्राम बिनारसी से वाँछित अभि0 बबलेश कुमार पुत्र सतपाल निवासी ग्राम बिनारसी थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार कोगिरफ्तार किया गया।

# कैंटीन में गंदगी मिलने पर संचालक को फटकारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** शहर के रोडवेज परिसर के आसपास बृहस्पतिवार को प्रशासनिक गतिविधियां तेज रहीं। वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी योगेंद्र पांडेय के नेतृत्व में विभाग की टीम ने औचक निरीक्षण करते हुए कई दुकानों से खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए। निरीक्षण के दौरान एक कैंटीन में अत्यधिक गंदगी पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने सख्त रुख अपनाते हुए संबंधित संचालक के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति एडीएम को भेजी। साथ ही टीम ने अन्य दुकानदारों को साफ-सफाई बनाए रखने और खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता मानकों का पालन करने के सख्त निर्देश दिए। गौरतलब है कि इससे पहले परिवहन विभाग की टीम ने भी रोडवेज क्षेत्र में छापा मारकर ट्रेवल्स कारोबारियों के लाइसेंस और जरूरी दस्तावेजों की जांच की थी। लगातार दो विभागों की इस कार्रवाई से व्यापारियों में हलचल बनी रही।

# ऑपरेशन प्रहार के तहत पुलिस ने पांच को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** ऑंपरेशन प्रहार में जनपद पुलिस ने तेजतर्रार शुरुवात करते हुए कुल पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनमें तीन वारंटी, एक मोटर साईकिल चोर और नशे मे गाडी चला रहा ड्राइवर शामिल रहे।

जानकारी के अनुसार मुख्यालय स्तर से प्राप्त आदेश व एसएसपी नवनीत सिंह द्वारा जारी निर्देशों पर हरिद्वार पुलिस ने ष्ऑपरेशन प्रहार में तेजतर्रार शुरूआत की है। अभियान के तहत कोतवाली मंगलौर की अलग-अलग पुलिस टीमों ने अलग अलग फ्रंट पर कार्यवाही को अंजाम देते हुए तीन वारंटी, एक दोपहिया वाहन चोर व सडक पर शराब पीकर वाहन चलाने वाले के आरोपी एक ड्राइवर को विरुद्ध दबोचा। नाम पता वारंटी-योगेश पुत्र स्व0 चन्द्रपाल निवासी ग्राम लिब्बरहेडी कोतवाली मंगलौर जनपद हरिद्वार वाद संख्या 1494/2023 धारा 147, 323, 504, 506 आईपीसी- सुहैल पुत्र रोशन निवासी ग्राम लहबोली कोतवाली मंगलौर जनपद हरिद्वार वाद संख्या 3041/2023 धारा 380, 411 आईपीसी-अंकित पुत्र पिरथी निवासी ग्राम लिब्बरहेडी कोतवाली मंगलौर जनपद हरिद्वार वाद संख्या 1494/2023 धारा 147, 323, 504, 506 आईपीसी, बाइक चोरी में पकड़ा गया व्यक्ति-निकित पुत्र प्रीतम निवासी ग्राम सिख्खर कोत0 मंगलौर जिला हरिद्वार, बरामद मोटर साईकिल-बिना नम्बर हीरो स्पेण्डर रंग काला, शराब पीकर वाहन चलने पर-विकास कुमार पुत्र फितरे निवासी सिरसा गौतमबुद्ध नगर उ0प्र0 को पकडा है। पुलिस टीम-उ0नि0 कमलकान्त रतूडी-उ0 नि0 मनोज कठैत- उ0नि0 वीरपाल सिह-उ0 नि0 रामबहादुर सिह-हे0 कानि0 विकास-कानि0 रोशन- कानि0 केडी राणा-कानि0 आमिर शामिल रहे।

# पुलिस ने एक वारंटी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा न्यायालय के आदेश पर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। लक्सर कोतवाली प्रभारी प्रवीण कोश्यारी ने बताया कि एसएसपी हरिद्वार द्वारा न्यायालय से प्राप्त वारंट आदेशिकाओ को शत प्रतिशत तामिल करने के लिए निर्देशित किया गया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा मुखबिर की सूचना पर एक वारंटी को गिरफ्तार किया गया जिसका नाम राशिद पुत्र इब्राहिम निवासी सुल्तानपुर थाना लक्सर उम्र 26 वर्ष बताया उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक कर्मवीर सिंह कांस्टेबल अरुण कुमार दीवान सिंह शामिल रहे पकड़े गए व्यक्ति को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# गन्ना कोल्हुओं में धड़ल्ले से जलाई जा रही प्लास्टिक व रबड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** क्षेत्र में संचालित गन्ना कोल्हूओं में प्लास्टिक, रेक्सीन व रबड़ के इस्तेमाल से क्षेत्रवासियों को अपने स्वास्थ्य व फसलों की चिंता सताने लगी है। लोगों ने गन्ना कोल्हूओं से निकलने वाले जहरीले धुएं की रोकथाम को लेकर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट से कठोर कार्रवाई की मांग की है। जेएम ने लोगों को जल्द ही कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

लंढौरा क्षेत्र में दो दर्जन के करीब गन्ना कोल्हू संचालित है। जो ईधन के रूप में रबड़ व प्लास्टिक व रेक्सीन युक्त कपडों का इस्तेमाल कर रहे हैं। प्रतिबंधित ईधन के इस्तेमाल से इन गन्ना कोल्हूओं से निकल रहा जहरीला धुआं क्षेत्रवासियों के लिए परेशानी का सबब बन रहा है। भाजपा नेता अशोक कुमार पांडे, चौधरी चरण सिंह, तौसिफ, मदन सिंह, मनोज, मुदस्सिर, युनूस मलिक, सतेन्द्र, नितीश, विनोद आदि लोगों का कहना है कि गन्ना कोल्हूओं में रबड़ , प्लास्टिक व रेक्सीन युक्त कपड़ा व पन्नी जलाने से निकलने वाले धुएं से दमा व सांस की बिमारियों के बढ़ने के अलावा उन्हें अपनी फसलों के खराब होने का डर सताने लगा है। लोगों ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट को दिए शिकायती पत्र में गन्ना कोल्हूओं पर कठोर कार्रवाई की मांग की है। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद्र सेठ का कहना है कि सरकार लोगों के स्वास्थ्य को लेकर गंभीर है। लंढौरा क्षेत्र में गन्ना कोल्हूओं में प्रतिबंधित ईधन के इस्तेमाल को लेकर लगातार मिल रही शिकायतों को ध्यान में रखते हुए जल्द ही एक टीम गठित कर गन्ना कोल्हूओं में छापेमारी कर ठोस कार्रवाई करने की जाएगी।

# महिला ने पति पर लगाया बिना तलाक दिए दूसरी शादी करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कलियर।** क्षेत्र निवासी एक महिला ने अपने पति पर बिना तलाक दिए दूसरी फर्जी शादी करने का आरोप लगाया है। महिला ने मामले में न्याय की गुहार लगाई है।



महिला का आरोप है कि वर्ष 2019 में कलियर निवासी एक युवक ने मुस्लिम रीति-रिवाज से उसके साथ निकाह किया था। उसके पास निकाहनामा की रसीद भी मौजूद है। निकाह के बाद वह अपने पति के साथ किराए के मकान में रहने लगी और दोनों का एक बेटा भी हुआ। महिला का कहना है कि कुछ समय बाद उसके पति ने उसे छोड़ दिया। आरोप है कि पति के परिजनों ने किसी रिश्तेदारी में एक अन्य युवती से उसका फर्जी निकाह करवा दिया। जब महिला ने इस संबंध में पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की, तो ससुराल पक्ष ने उसे बहला-फुसलाकर तहरीर वापस करवा ली। महिला के अनुसार उसके पति ने कुरान की कसम खाते हुए उसे साथ रखने का आश्वासन दिया था, जिसकी वीडियो रिकॉर्डिंग भी उसके पास है। इसके बावजूद उसे ससुराल में नहीं रखा गया और बाद में पति ने न्यायालय में तलाक का मुकदमा दायर कर दिया। महिला ने यह भी कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा लागू किए गए यूसीसी कानून के तहत एक व्यक्ति एक ही शादी कर सकता है, लेकिन उसके पति ने इसका उल्लंघन किया है। पीड़िता ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर न्याय दिलाने की मांग की है।

**❖पहले विवाहिता को एक बेटे के साथ छोड़ा, पुलिस से लगाई न्याय की गुहार**

# हत्या मामले में फरार आरोपी पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बिनारसी गांव में हुई हत्या के मामले में अपनी गिरफ्तारी से बचने को लेकर काफी समय से फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने पकड लिया है। पकडे गये आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है।



जानकारी के अनुसार दिनांक 01.02.26 को रविदास जयंती शोभायात्रा सकुशल संपन्न होने के उपरान्त शाम को समय करीब 17.00 बजे पुरानी रंजिश को लेकर अभ्युक्त विशाल द्वारा अपने सह अभियुक्तो के साथ मिलकर गाँव के ही युवक आनंद की गोली मरकर हत्या कर दी थी. जिसके पश्चात आनंद के परजनों व उसके परिवार के अन्य लोगों द्वारा आक्रोशित होकर विशाल पक्ष के मांगेराम पुत्र चमनलाल उम्र 55 वर्ष की लाठी डंडों से पीटकर हत्या कर डी गयी थी. तथा विशाल पक्ष के लोगों के घरों में आगजनी कर तोडफोड़ कर शान्ति व्यवस्था भंग की गयी थी. जिस पर दोनों पक्षों की तहरीर पर थाना भगवानपुर पर सम्बंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कए गए, मृतक मांगेराम के पुत्र जोनी की तहरीर पर अभियुक्त गण अभि0 गण 1-अनुज पुत्र चन्द्रपाल 2-टिकू पुत्र समय सिंह, 3-रोहित पुत्र पदम् 4-असकेन्द्र पुत्र रामपाल, 5-अवनेश उर्फ हनुमान पुत्र गिरधारी लाल, 6-मोहित पुत्र मुनेश 7- विकास पुत्र लक्ष्मीचन्द 8-देशराज पुत्र बुद्धु राणा, 9-अशोक पुत्र अतर सिंह 10-रामानन्द पुत्र इलमचन्द 11-बबलेश पुत्र सतपाल, 12-भवानी पुत्र पाले राम, 13-हुन्नलाल पुत्र अतर सिंह, 14-प्रमोद पुत्र शोभाराम 15-अक्षय पुत्र पप्पू 16-सुनील पुत्र पदम 17-भूपेन्द्र पुत्र रामपाल 18-जोनी पुत्र सूरत सिंह अन्य नि०गण बिनारसी के विरुद्ध बीएनएस पंजीकृत किया गया. मृतक आनंद के पिता लक्ष्मीचंद की तहरीर पर अभियुक्त गण (1) विशाल पुत्र शेर सिंह (2) हिमांशु पुत्र तराचंद (3) सौरभ पुत्र मनीराम (4) विनीत पुत्र देशपाल (5) निखिल पुत्र टीटू (6) विकसित पुत्र टीटू (7) प्रिंस पुत्र शेर सिंह के विरुद्ध थाना भगवानपुर पर बीएनएस पंजीकृत किया गया था तथा जिस पर गाठित पुलिस टीम द्वारा त्वारित कार्यवाही करते हुये दोनो पक्षो से 11 अभियुक्त गणो को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत भेजा गया था।

# सिविल अस्पताल में एंटी रेबीज टीका खत्म

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सिविल अस्पताल में एक सप्ताह से एंटी रेबीज वैक्सीन की कमी बरकरार होने से अस्पताल पहुंच रहे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में रोजाना 30 से 40 मरीज वैक्सीन लगवाने अस्पताल पहुंचते हैं। इनमें ज्यादातर लोग आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के ही सरकारी अस्पताल पहुंचते हैं।

एक सप्ताह से ज्यादा समय से अस्पताल में एंटी रेबीज इंजेक्शन खत्म हैं लेकिन अब तक स्वास्थ्य विभाग की ओर से लोगों के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था तक नहीं की गई है। इससे एंटी रेबीज इंजेक्शन की कमी के कारण लोग मजबूरन बाहर के मेडिकल स्टोर से 320 से 400 रुपये तक के दामों में इंजेक्शन खरीदने के लिए मजबूर हो रहे हैं। बृहस्पतिवार को कुत्ते के काटने पर अस्पताल पहुंचे रामपाल को एंटी रेबीज इंजेक्शन नहीं लग सका। इसके बाद वह पास के एक मेडिकल स्टोर से 380 रुपये में इंजेक्शन खरीदकर लाया। तब जाकर इंजेक्शन लग पाया। एंटी रेबीज इंजेक्शन के लिए विभागीय स्तर पर मांग भेजी हुई है। जल्द ही अस्पताल में एंटी रेबीज इंजेक्शन की खेप आने की संभावना है-रवि धामा, फार्मेसी अधिकारी, सिविल अस्पताल, रुड़की

# स्वस्थ रुड़की संकल्प के तहत निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** स्वस्थ रुड़की संकल्प के अंतर्गत दुर्गा चौक पर शुक्रवार को 9वां नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजित किया गया। मेडिकल शिविर भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष ध्रुव गुप्ता के द्वारा लगाया गया। जिसमें क्षेत्र के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

शिविर में ईसीजी, बीपी, शुगर, खून की जांच, बीएमडी टेस्ट सहित विभिन्न जांचें नि:शुल्क की गई। साथ ही हृदय, हड्डी, दंत, त्वचा, स्त्री एवं बाल रोग विशेषज्ञों द्वारा मरीजों को उपचार एवं सलाह दी गई। इसके अतिरिक्त आंखों की जांच कर जरूरतमंदों को नि:शुल्क चश्मे वितरित किए गए तथा मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए मरीजों का चयन किया गया। शिविर में नि:शुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया।

राज्यसभा सांसद एवं प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा की ऐसे स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करते रहना चाहिए। जिससे लोगों के स्वास्थ्य को लाभ मिल सके। शिविर के लिए उन्होंने ध्रुव गुप्ता को बधाई दी। प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने कहा



की जिन लोगों को भारतीय जनता पार्टी ने 10 वर्ष पहले भ्रष्टाचार के आरोप में पार्टी से निकाल दिया था ऐसे लोगों को कांग्रेस पार्टी जॉइनिंग कर रही है। पार्टी के सिद्धांतों के विपरीत चलने वाले लोगों को भारतीय जनता पार्टी में कोई जगह नही है ऐसे लोगों का कांग्रेस पार्टी में जमवाड़ा हो गया है। कांग्रेस पार्टी पचा सकती है। इस पर कांग्रेस के बड़े नेताओं ने मौन धारण किया हुआ है और बाकी बचा 27 में जनता कांग्रेस का मुंह बंद कर देगी। भारतीय जनता पार्टी के विकास की राह को अब कोई रोक नहीं सकता है। उसमें आप सबका सहयोग चाहिए।

कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा ने कहा कि स्वस्थ अभियान जनहित में एक सराहनीय पहल है और ऐसे शिविरों के माध्यम से आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही हैं। आयोजक ध्रुव गुप्ता ने सभी अतिथियों और उपस्थित जनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका उद्देश्य स्वस्थ रुड़की को जनआंदोलन बनाना है और भविष्य में भी इस तरह के नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी, जिला अध्यक्ष मधु सिंह, राज्य मंत्री श्यामवीर सैनी, पूर्व राज्य मंत्री ठाकुर संजय सिंह, पूर्व पार्षद विवेक चौधरी, पार्षद संजीव तोमर, पार्षद अनुराग त्यागी, पार्षद आकाश जैन, ललित मोहन अग्रवाल, डॉ सौरभ गुप्ता, आदित्य बृजवाल, ऋषिपाल बालियान, प्रदीप पाल, सेवाराम, प्रवेश आदि लोग उपस्थित रहे।

# खनन सामग्री से भरा डंपर पलटा, बिजली के खंभे टूटे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** हाईवे पर ओवरलोड खनन सामग्री का डंपर रहीमपुर गांव में एक ग्रामीण के घर के पास पलट गया। गनीमत रही कि घर के लोगों की दुर्घटना में जान बच गई। इस बीच डंपर की टक्कर से तीन खंभे टूट गए। प्रहलादपुर गांव के पास सिडकुल जाने वाली आपूर्ति ठप हो गई। घर स्वामी ने दुर्घटना की जानकारी खानपुर पुलिस को दी।

थाना क्षेत्र के अब्दुल रहीमपुर गांव निवासी नितिन चौधरी ने बताया कि बुधवार देर रात खनन सामग्री से भरा डंपर घर के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। गनीमत रही कि घर के पास एक गड्ढा था जिसकी वजह से डंपर उनके घर में नहीं घुसा वरना घर में सो रहा परिवार बड़ी दुर्घटना का शिकार हो सकता था। उन्होंने बताया कि डंपर की टक्कर से सीमेंट का पोल चकनाचूर हो गया जबकि लोहे के दो खंभे धराशायी हो गए। ग्रामीणों ने बताया कि डंपर का चालक सो रहा था और हेल्पर ने वाहन को दौड़ा रखा था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। वाहन स्वामी चालक और हेल्पर को लेकर मौके से फरार हो गया था।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शनिवार, 4 अप्रैल 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# जरूरत है भरोसे की

मालदा की हालिया घटना और सुप्रीम कोर्ट की कड़ी टिप्पणियों ने पश्चिम बंगाल में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले कानून-व्यवस्था और संवैधानिक संस्थाओं की स्थिति पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण को लेकर जनता के बीच बढ़ती नाराजगी, प्रशास. निक स्तर पर कमजोरियों के आरोप और बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम हटाए जाने की शिकायतों ने अविश्वास का माहौल और गहरा कर दिया है। मालदा के कालियाचक में घटी घटना, जिसमें उग्र भीड़ ने सात न्यायिक अधिकारियों को कई घंटों तक बंधक बनाकर रखा, यह दर्शाती है कि राज्य में हालात कितने तनावपूर्ण हो चुके हैं। लगातार विरोध-प्रदर्शन, सड़क जाम और प्रशासन के खिलाफ बढ़ती नाराजगी यह साफ संकेत देती है कि आम जनता के बीच स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को लेकर गहरी असंतुष्टि है। हालांकि किसी भी परिस्थिति में कानून को हाथ में लेना उचित नहीं ठहराया जा सकता, लेकिन इस घटना ने यह जरूर उजागर कर दिया है कि लोगों की चिंताओं को समय रहते सही तरीके से नहीं समझा गया। यह पूरी स्थिति प्रशासनिक विफलता की ओर भी इशारा करती है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने में आई कमजोरी के कारण ही न्यायपालिका को सख्त रुख अपनाना पड़ा। राज्य में लंबे समय से तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है और पहले भी चुनावी कार्यों में लगे कर्मचारियों को असुरक्षा का सामना करना पड़ा है। यदि जिम्मेदार अधिकारी समय रहते हालात की गंभीरता को भांपने में असफल रहे, तो यह निश्चित रूप से उनकी कार्यप्रणाली पर सवाल उठाता है। चुनाव की घोषणा के बाद बड़े पैमाने पर अधिकारियों के तबादले भी प्रशासनिक स्थिरता को प्रभावित करने वाले कारकों में शामिल हैं। इस पूरे मामले में जनता की चिंताओं को समझना भी उतना ही जरूरी है। पहले जहां राज्य में लगभग 7.6 करोड़ मतदाता थे, वहीं पुनरीक्षण के बाद इसमें करीब 10 प्रतिशत की कमी सामने आई है। अंतिम सूची जारी होने के बाद लाखों मतदाताओं को विभिन्न कारणों से चिन्हित किया गया, जिनमें से बड़ी संख्या में आपत्तियों का निपटारा भी किया जा चुका है। इसके बावजूद नाम खारिज होने की दर काफी अधिक बताई जा रही है, जिससे लोगों में यह आशंका बढ़ी है कि कहीं योग्य मतदाता भी सूची से बाहर न हो जाएं। यही कारण है कि जनता के बीच अविश्वास का माहौल तेजी से गहराता जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग ने आश्वासन दिया है कि कोई भी पात्र मतदाता मतदान के अधिकार से वंचित नहीं रहेगा। वहीं सुप्रीम कोर्ट भी इस पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है और उसने प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति जैसे कदम उठाए हैं, जो एक असाधारण पहल मानी जा रही है। इन परिस्थितियों में सबसे बड़ी आवश्यकता जनता और प्रशासन के बीच भरोसा बहाल करने की है। राजनीतिक दलों की जिम्मेदारी भी यहां और बढ़ जाती है कि वे इस मुद्दे को केवल चुनावी लाभ-हानि के नजरिए से न देखें, बल्कि संवेदनशीलता के साथ जनता की समस्याओं को समझें।

## हमेशा महिला आरक्षण का समर्थन किया



कुछ राज्यों के विधानसभा चुनावों के बीच 16 अप्रैल से महिला आरक्षण विधेयक में संशोधन पर चर्चा के लिए संसद की तीन दिवसीय बैठक बुलाना सरकार का एकतरफा निर्णय है और इस बैठक को लेकर विपक्ष को नजरअंदाज कर पूरी तरह से मनमानी की गई है, सरकार ने विपक्ष की मांग को दरकिनार करते हुए 16 अप्रैल से तीन दिन की संसद की बैठक बुलाई है, जिससे स्पष्ट संकेत मिलता है कि इस सत्र में महिला आरक्षण विधेयक के साथ-साथ परिसीमन का मुद्दा भी उठाया जा सकता है, परिसीमन जैसे महत्वपूर्ण विषय पर अब तक कोई व्यापक चर्चा नहीं हुई है, कांग्रेस ने हमेशा महिला आरक्षण का समर्थन किया है।

**-जयराम रमेश, प्रभारी, कांग्रेस संचार विभाग**

# ईरान-अमेरिका युद्ध से दुनिया में महंगाई का लगा तड़का

**अमेरिका-ईरान तनाव से वैश्विक महंगाई के मुख्य कारण कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आना है। संघर्ष के कारण आपूर्ति रुकने के डर से तेल के दाम 105 डॉलर के पार पहुंच गए हैं। इससे पेट्रोल-डीजल और ऊर्जा की कीमतें बढ़ रही हैं, जो हर तरह की महंगाई का मुख्य कारण है। होर्मुज जल डमरूमध्य के पास तनाव से समुद्री व्यापार प्रभावित हो रहा है।**






रोहिताश सिंह वर्मा

अमेरिका-ईरान और इजरायल युद्ध का आज 35 वां दिन है। इस बीच अमेरिका का कहना है कि ईरान ने अपना बहुत कुछ खो दिया है, जबकि ईरान ने अमे. रिका के दावों को झूठा बताया है, दोनों में से कौन झूठ बोल रहा हैँ और कौन सच, ये तो वहां के लोगों और मीडिया से बेहतर और कोई नहीं जान सकता, लेकिन इसके बीच बढ़ते तनाव ने वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारी महंगाई का संकट पैदा कर दिया है। दुनिया के सभी देश इससे प्रभावित हुए हैं। भारत भी इससे अछूता नहीं है, क्योंकि कच्चे तेल की कीमतें 105 डालर प्रति बैरल के पार जाने से तेल संकट, परिवहन लागत में वृद्धि और आपूर्ति श्रंखला बाधित होने से जरूरी वस्तुओं के दाम बढ़ रहे हैं। अमेरिका-ईरान तनाव से वैश्विक महंगाई के मुख्य कारण कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आना है। संघर्ष के कारण आपूर्ति रुकने के डर से तेल के दाम 105 डॉलर के पार पहुंच गए हैं। इससे पेट्रोल-डीजल और ऊर्जा की कीमतें बढ़ रही हैं, जो हर तरह की महंगाई का मुख्य कारण है। होर्मुज जल डमरूमध्य के पास तनाव से समुद्री व्यापार प्रभावित हो रहा है।

इससे वस्तुओं की आवाजाही रुकने से खाद्य पदार्थों और अन्य कच्चे माल की लागत बढ़ रही है। युद्ध के डर से निवेशकों ने भारतीय सहित दुनिया भर के बाजारों से पैसा निकालना शुरू कर दिया है, जिससे आर्थिक अनिश्चितता बढ़ गई है। सऊदी अरब और यूएई जैसे खाड़ी देशों के अमे. रिका से खफा होने और तनाव बढ़ने से तेल आपूर्ति का बड़ा संकट पैदा होने की आशंका है। भारत की ऊर्जा सुरक्षा, उर्वरक आपूर्ति और व्यापार पर इसका सीधा और नकारात्मक असर पड़ने का खतरा है, जिससे देश में महंगाई दर बढ़ सकती है। भारतीय तेल बास्केट की कीमत मार्च में 113.49 डॉलर प्रति बैरल दर्ज की गई है, जो पिछले चार वर्षों में सबसे अधिक है। इससे पहले मार्च 2023 में यूक्रेन युद्ध के समय यह 112.87 डॉलर तक पहुंचा था, लेकिन बाद में कीमतों में नरमी आई थी। पिछले रविवार को हुई ओपेक देशों की बैठक में ऑयल उत्पादन बढ़ाने पर चर्चा की गई।

1 अप्रैल को भारतीय रिफाइनरियों के लिए कच्चे तेल की कीमत 120.84 डॉलर प्रति बैरल दर्ज की गई, जबकि ब्रेंट क्रूड लगभग 107 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें फिलहाल 100 से 120 डॉलर प्रति बैरल के बीच बनी हुई हैं, जिससे दुनियाभर की अर्थव्यवस्थाओं पर दबाव बढ़ रहा है। आज शुक्रवार को कच्चे तेल की कीमत में फिर से तेजी आई। बुधवार 1 अप्रैल से निजी ईंधन खुदरा विक्रेता कंपनी शेल इंडिया ने अपने आउटलेट्स पर पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भारी बढ़ोतरी की है। इससे पहले नायरा एनर्जी ने भी तेल के दाम बढ़ा चुकी है। बेंगलुरु में शेल आउटलेट्स पर पेट्रोल की कीमतों में 7.41 प्रति लीटर की बढ़ोतरी हुई है। अब सामान्य पेट्रोल की कीमत 119.85 और प्रीमियम पावर वेरिएंट की कीमत 129.85 प्रति लीटर हो गई है। डीजल की कीमतों में इससे भी अधिक 25.01 प्रति लीटर की भारी वृद्धि देखी गई है। सामान्य डीजल बढ़कर 123.52 और प्रीमियम डीजल 133.52 प्रति लीटर पर पहुंच गया है। हालांकि भारत सरकार की एजेंसियों ने अभी तक पेट्रोल व डीजल की कीमत में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। गौरतलब है कि दो हफ्ते पहले भी शेल ने कुछ फिलिंग स्टेशनों पर मामूली संशोधन करते हुए पेट्रोल में 2 से 2.50 प्रति लीटर और डीजल की कीमतों को 93.50 तक बढ़ाया था। शेल से पहले 27 मार्च को नायरा एनर्जी ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में क्रमशः 5 और 3 प्रति लीटर की बढ़ोतरी की थी। महाराष्ट्र में अब नायरा पंपों पर पेट्रोल 103.82 से बढ़कर 108.82 प्रति लीटर हो गया है, जबकि डीजल 90. 09 से बढ़कर 93.09 प्रति लीटर पर बिक रहा है। भारत का ऑयल बास्केट ओमान, दुबई (खट्टे ग्रेड) और ब्रेंट (मीठे ग्रेड) के औसत पर आधारित होता है। इसे पिछले वित्त वर्ष में प्रोसेस किए गए कच्चे तेल के अनुपात के अनुसार तय किया जाता है। सऊदी अरब, इराक, कुवैत और यूएई जैसे प्रमुख उत्पादकों ने उत्पादन घटा दिया है। वहीं रूस का उत्पादन भी ड्रोन हमलों के कारण प्रभावित हुआ है। इस स्थिति को अब तक की सबसे बड़ी तेल आपूर्ति बाधा माना जा रहा है।

**एक अप्रैल को भारतीय रिफाइनरियों के लिए कच्चे तेल की कीमत 120.84 डॉलर प्रति बैरल दर्ज की गई, जबकि ब्रेंट क्रूड लगभग 107 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें फिलहाल 100 से 120 डॉलर प्रति बैरल के बीच बनी हुई हैं, जिससे दुनियाभर की अर्थव्यवस्थाओं पर दबाव बढ़ रहा है। आज शुक्रवार को कच्चे तेल की कीमत में पिफर से तेजी आई। बुधवार 1 अप्रैल से निजी ईंधन खुदरा विक्रेता कंपनी शेल इंडिया ने अपने आउटलेट्स पर पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भारी बढ़ोतरी की है। इससे पहले नायरा एनर्जी ने भी तेल के दाम बढ़ा चुकी है। बेंगलुरु में शेल आउटलेट्स पर पेट्रोल की कीमतों में 7.41 प्रति लीटर की बढ़ोतरी हुई है।**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# आर्थिक साम्राज्य और बालेन सरकार का शिकंजा

**पिछले दो दशक से इस शख्स की हैसियत इतनी थी कि यह न केवल गठबंधन दलों की सरकार बनाने बिगाड़ने की कुव्वत रखता था, संसद की राज्य व्यवस्था और सार्वजनिक लेखा समिति तक को प्रभावित करता था। दीपक भट्ट के खिलाफ वित्त मंत्रालय ने गोप. नीय जांच के आदेश दिए थे और जब उसके खिलाफ पुख्ता सबूत जुटा लिए गए तब दो अप्रेल को उसे काठमांडू के नक्शाल क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।**



यशोदा श्रीवास्तव

नेपाल की बालेन सरकार एक साथ कई मोर्चों पर लड़ रही है। राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों से खुली जंग के साथ सफेदपोश अपराधियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इस बीच बालेन सरकार के वित्त मंत्री स्वर्णिम बाग्ले की काठमांडू में भारतीय राजदूत नवीन वास्तव से मुलाकात भी चर्चा में है। इस मुलाकात की चर्चा इसलिए भी मायने रखती है क्योंकि यह परंपरा से थोड़ा हटकर थी। परंपरा यह रही है कि जब भी नेपाल में सत्ता परिवर्तन होता है तो सर्वप्रथम भारतीय राजदूत से पहली मुलाकात विदेश मंत्री अथवा प्रधानमंत्री की होती थी।

यद्यपि कि भारतीय राजदूत और नेपाल के वित्त मंत्री की यह मुलाकात बेहद गोपनीय रही फिर भी जब बालेन सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त राजनेताओं और सफेदपोश अपराधियों पर लगाम कस रही है तो इस मुलाकात के तरह तरह के मायने निकाला जाना लाजिमी वह भी तब जब भ्रष्ट नेपाली नेताओं और भ्रष्ट अफसरों के तार भारत से जुड़े हुए हों। इस मुलाकात की एक बात यह भी हो सकती है कि चुनाव के बीच भारत ने नेपाल को भारतीय आठ सौ करोड़ की अनुदान राशि उपलब्ध कराई है,इस पर भी चर्चा संभव है। जहां तक बालेन सरकार के भ्रष्ट राजनेताओं पर शिकंजा कसने की बात है तो वह केवल के पी शर्मा ओली ,रमेश लेखक, महेश बस्नेत और पूर्व उर्जा मंत्री की गिरफ्तारी तक ही सीमित नहीं है। एमाले के अन्य नेता भी निशाने पर हैं। नेपाली कांग्रेस नेता और पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा और उनकी पत्नी आरजू राणा सहित इस पार्टी के अन्य नेता भी भ्रष्टाचार के आरा. ेप से घिरे हुए हैं। माओवादी केंद्र के अध्यक्ष पूर्व पीएम प्रचंड और पूर्व पीएम बाबू राम भट्टराई पर भी भ्रष्टाचार के आरोप है।

पूर्व पीएम शेर बहादुर देउबा सपत्नी अभी भारत में थे अब उनके थायलैंड में होने की चर्चा है शायद किसी बीमारी के इलाज के सिलसिले में। जाहिर भ्रष्टाचार में लिप्त नेपाली नेताओं का सुरक्षित ठिकाना भारत हो सकता है। भारतीय राजदूत और नेपाली वित्त मंत्री के मुलाकात में यह भी चर्चा का विषय हो सकता है। बालेन सरकार के भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम में जिलाधिकारी स्तर के एकाध नेपाली अफसर भी सलाखों के पीछे हुए हैं। इसके बाद अभी मनी लांड्रिंग मामले में जो एक बड़े व्यवसाई की गिरफ्तारी हुई है, उससे व्यवसाय की आड़ में अवैध तरीके से धन अर्जन का चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। इससे काठमांडू अथवा नेपाल में कहीं भी व्यवसाय की आड़ में लूट खसोट करने वाले सफेदपोशों में दहशत फैल गई है। गिरफ्तार किए गए दीपक भट्ट नाम के व्यवसाई का जो बैकग्राउंड सामने आया है वह काफी चौंकाने वाला है। और यह भी नेपाल जैसे छोटे देश में भी भ्रष्टाचार की जड़ें इतने गहरे तक है। नेपाली कांग्रेस नेता शेर बहादुर देउबा के चुनाव क्षेत्र डोडुलधुरा का रहने वाला दीपक भट्ट का संबंध नेपाली कांग्रेस के नेताओं के अलावा हर पार्टी के पूर्व प्रधानमंत्रियों से काफी निकट के रहे हैं।

एक से बढ़कर एक काले कारनामों से लैस इस व्यवसाई की जब कुंडली खंगाली कई तो प्याज के छिलके की तरह भ्रष्टाचार से जुड़े उसके ढेर सारे कारनामें सामने आने लगे। इसमें एक तो यह भी कि डाक्टर बाबू राम भट्टराई से उसके तार बहुत मजबूती से जुड़े हुए थे जब वे प्रधानमंत्री थे। बाबूराम भट्टराई से उसकी मुलाकात सत्ता रूढ़ दल के एक सांसद ने कराई थी जब वे नेपाली कांग्रेस में थे। डाक्टर बाबू राम भट्टराई बहुत ज्यादा समय तक प्रधानमंत्री नहीं रहे लेकिन जितने दिन भी थे, सत्ता के गलियारे में दीपक भट्ट की तूती बोलती थी। दीपक भट्ट अपनी एक कंपनी के मार्फत बड़ा व्यवसायिक साम्राज्य खड़ा कर लिया था। इसी समय नेपाल पुलिस को हथियार सप्लाई की दलाली में भी इसके हाथ सने हुए पाए गए। 44 वर्षीय दीपक भट्ट काठमांडू के सानेपा क्षेत्र में रहता है। काठमांडू का यह क्षेत्र दिल्ली की लुटियंस जोन की तरह चर्चित राजनी. तिक गलियारा है। यहां राजनीतिक दलों के कार्यालय और नेताओं के आवास हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# शिक्षक, शोध और शिक्षा, सबका नया केंद्र बनेगी एनसीईआरटी

जब किसी देश की शिक्षा व्यवस्था करवट लेती है, तो बदलाव केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की दिशा और दशा दोनों बदल जाती हैं। भारत की शिक्षा यात्रा में 2026 का आरंभ ऐसा ही एक निर्णायक पड़ाव बन गया है। पिछले 6 दशकों से करोड़ों विद्यार्थियों को अपनी पुस्तकों के माध्यम से मार्ग दिखाने वाली एनसीईआरटी अब 'डीम्ड-टू-बी-यूनिवर्सिटी' बनने जा रही है। अब वह केवल किताबें तैयार करने वाली संस्था नहीं रहेगी, बल्कि डिग्री प्रदान करेगी, शोध को बढ़ावा देगी, नए शिक्षकों का निर्माण करेगी और शिक्षा की नई नीतियों की आधारशिला रखेगी। यह बदलाव महज एक प्रशासनिक फैसला नहीं, बल्कि भारतीय शिक्षा व्यवस्था को भीतर तक बदल देने वाली उस ऐतिहासिक क्रांति की शुरुआत है, जिसकी नींव राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने रखी थी।

1961 में स्थापित एनसीईआरटी ने दशकों तक भारतीय विद्यालई शिक्षा की आधारशिला बनकर कार्य किया। देश के अधिकांश स्कूलों में पढ़ाई जाने वाली पुस्तकें, पाठ्यक्रम और मूल्यांकन पद्धतियां इसी संस्था की दृष्टि से आकार लेती रहीं। इसकी किताबों ने गांव के छोटे विद्यालय से लेकर महानगरों के प्रतिष्ठित स्कूलों तक शिक्षा का एक समान आधार तैयार किया। लेकिन समय बदलने के साथ यह स्पष्ट हो गया कि केवल पाठ्यपुस्तकें तैयार कर देना पर्याप्त नहीं है। नई शिक्षा व्यवस्था को ऐसे विशेषज्ञों की जरूरत है, जो शिक्षा को गहराई से समझें, उस पर शोध करें और बदलते समय के अनुसार उसे नया स्वरूप दे सकें। यही सोच एनसीईआरटी को विद्यालई शिक्षा की सीमाओं से आगे बढ़ाकर उच्च शिक्षा के केंद्र में ले आई।

वर्ष 2023 में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने पहली बार सार्वजनिक रूप से संकेत दिया था कि एनसीईआरटी को शोध और शिक्षक शिक्षा का राष्ट्रीय केंद्र बनाया जाएगा। लगभग 3 वर्षों की तैयारी, विशेषज्ञों की सिफारिशों और प्रशासनिक प्रक्रियाओं के बाद अब यह निर्णय अंतिम रूप लेने जा रहा है। दिल्ली स्थित एनसीईआरटी मुख्यालय के साथ-साथ अजमेर, भोपाल, भुवनेश्वर, मैसूर और शिलांग के क्षेत्रीय संस्थान भी इस नए स्वरूप का हिस्सा बनेंगे। इसका अर्थ केवल इतना नहीं कि एनसीईआरटी का दायरा बढ़ेगा, बल्कि यह कि देश के अलग-अलग हिस्सों में शिक्षा और शोध के नए केंद्र उभरेंगे। पहली बार विद्यालई शिक्षा और विश्वविद्यालई शोध एक ही मंच पर साथ दिखाई देंगे। डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा मिलने के बाद एनसीईआरटी को व्यापक शैक्षणिक अधिकार प्राप्त हो जाएंगे। अब वह स्वतंत्र रूप से डिप्लोमा, स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी स्तर तक के पाठङक्रम संचालित कर सकेगा। शिक्षा, मनोविज्ञान, बाल विकास, समावेशी शिक्षा, डिजिटल शिक्षण, बहुभाषी अध्ययन और शिक्षक-प्रशिक्षण जैसे विषयों में विशेष डिग्रियां दी जा सकेंगी। संस्था को अपने पाठङक्रम स्वयं बनाने, शैक्षणिक ऋण बैंक प्रणाली लागू करने और राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग ढांचे में शामिल होने की स्वतंत्रता मिलेगी। इसके साथ ही विद. ेशी विश्वविद्यालयों के साथ साझेदारी, छात्र-शिक्षक




आदान-प्रदान तथा नए परिसर खोलने का मार्ग भी प्रशस्त होगा। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि एनसीईआरटी का उद्देश्य लाभ कमाना नहीं, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता को नई ऊंचाई तक पहुंचाना होगा। दशकों से भारतीय शिक्षा व्यवस्था दो हिस्सों में बंटी हुई दिखाई देती रही हैकृएक ओर स्कूल, दूसरी ओर विश्व. विद्यालय। विद्यालयों में पढ़ाई जाने वाली सामग्री और विश्वविद्यालयों में होने वाला शोध शायद ही कभी एक-दूसरे से जुड़ पाए। परिणामस्वरूप शोध पुस्तकालयों और रिपोर्टों तक सीमित रह गया, जबकि स्कूल पुराने ढर्रे पर चलते रहे। एनसीईआरटी का यह नया रूप अब इस दूरी को समाप्त करने वाला सशक्त सेतु बनेगा। जो विशेषज्ञ पाठ्यक्रम तैयार करेंगे, वही शिक्षक गढ़ेंगे और वही शिक्षा पर शोध भी करेंगे। इससे नई खोजें और नए विचार सीधे कक्षा तक पहुंचेंगे। बच्चों की पढ़ाई अधिक व्यावहारिक, वैज्ञानिक और भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप बन सकेगी। भारत की शिक्षा व्यवस्था में सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक हमेशा से प्रशिक्षित और सक्षम शिक्षकों की कमी रही है। अनेक शिक्षक-प्रशिक्षण संस्थान आज भी पुराने पाठ्यक्रमों और पारंपरिक तरीकों तक सीमित हैं। ऐसे समय में एनसीईआरटी का यह नया स्वरूप शिक्षक-शिक्षा के क्षेत्र में नई क्रांति ला सकता है। अब वह ऐसे पाठ्यक्रम प्रारंभ कर सकेगा, जिनमें डिजिटल शिक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित शिक्षण, व्यावसायिक शिक्षा, समावेशी कक्षाएं और बहुभाषी अध्ययन जैसे आधुनिक विषय शामिल होंगे। क्षेत्रीय संस्थानों में पीजी और पीएचडी कार्यक्रम शुरू होने से युवा शोधकर्ताओं को विद्यालई शिक्षा की वास्तविक चुनौतियों पर काम करने का अवसर मिलेगा। उनके शोध के परिणाम सीधे पाठ्यक्रमों और शिक्षा नीतियों में दिखाई देंगे, जिससे शिक्षा अधिक जीवंत, प्रभावी और समयानुकूल बन सकेगी। हर बड़ा परिवर्तन अपने साथ चुनौतियां भी लाता है। एनसीईआरटी के सामने भी कई गंभीर प्रश्न हैं। कुछ शिक्षाविदों का मानना है कि यूजीसी के नियमों के अधीन आने से उसकी स्वतंत्र कार्यशैली प्रभावित हो सकती है। जिस संस्था की पहचान अब तक विद्यालई शिक्षा से रही है, उसके लिए विश्वविद्यालई ढांचे में ढलना आसान नहीं होगा। नए विभाग, प्रशिक्षित संकाय, शोध सुविधाएं, पर्याप्त बजट और प्रशासनिक सुधारों की आवश्यकता पड़ेगी। साथ



प्रो. आर.के. जैन

ही यह भी सुनिश्चित करना होगा कि उच्च शिक्षा की नई भूमिका निभाते हुए एनसीईआरटी अपनी मूल जिम्मेदारी, यानी स्कूल शिक्षा को मजबूत बनाने, से दूर न हो। यदि योजना, पारदर्शिता और गुणवत्ता पर बराबर ध्यान दिया गया, तो यही चुनौतियां उसकी सबसे बड़ी शक्ति बन सकती हैं। यदि यह परिवर्तन सफल हुआ, तो आने वाले समय में एनसीईआरटी केवल एक संस्था नहीं, बल्कि भारतीय शिक्षा का सबसे बड़ा केंद्र बन जाएगी। एक ओर देश का विद्यार्थी उसकी किताबों से पढ़ेगा, दूसरी ओर उसी संस्था का शोधकर्ता नई शिक्षा नीति तैयार करेगा और वही शिक्षक गढ़े जाएंगे, जो आने वाली पीढ़ियों को दिशा देंगे। यह ऐसा मॉडल होगा, जहां शिक्षा, शोध और प्रशिक्षण एक-दूसरे से सीधे जुड़े होंगे। विकसित भारत का सपना केवल उद्योग, तकनीक और अर्थव्यवस्था से पूरा नहीं होगाय उसकी सबसे मजबूत आधारशिला शिक्षा ही बनेगी। एनसीईआरटी का यह नया स्वरूप उसी आधारशिला को अधिक मजबूत, व्यापक और विश्वस्तरीय बनाने की दिशा में उठाया गया एक ऐतिहासिक कदम है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### 'रैपिड सेंट्री' वायु रक्षा प्रणाली को तैनात करने पर बातचीत

**लंदन।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने शुक्रवार को कुवैत के क्राउन प्रिंस शेख सबा अल-खालिद अल-हमद अल-मुबारक अल-सबा के साथ फोन पर बातचीत की। इस दौरान कुवैत में ब्रिटेन की 'रैपिड सेंट्री' वायु रक्षा प्रणालियों की तैनाती को लेकर चर्चा की गई। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कार्यालय डाउनिंग स्ट्रीट ने बताया कि स्टार्मर ने कुवैती तेल रिफाइनरी पर रात भर हुए ड्रोन हमले की निंदा की। दोनों नेता होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के प्रयासों पर मिलकर काम करने के लिए भी सहमत हुए।

### बंगलादेश में खसरे के प्रकोप से बढ़ रहे बच्चों के मौत के मामले

**ढाका।** बांगलादेश में खसरे का प्रकोप तेजी से बढ़ने से अभिभावकों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। देश के हर जिले में यह संक्रमण फैल चुका है और बच्चों की मौत के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। 'ढाका ट्रिब्यून' की रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल अब तक कम से कम 42 बच्चों की जान जा चुकी है। अगर जिला और निजी अस्पतालों के आंकड़े जोड़ें, तो यह संख्या 46 या उससे भी ज्यादा हो सकती है। पिछले 24 घंटों में ही संक्रमण के 685 नए मामले सामने आए हैं और चार बच्चों की मौत हुई है।

### स्विट्जरलैंड ने सौ से ज्यादा यूक्रेनी नागरिकों को निकाला

**बर्न।** स्विट्जरलैंड ने शरण के कड़े नियमों के तहत पांच महीनों में 100 से ज्यादा यूक्रेनी नागरिकों को निकाल दिया है। प्रवासन राज्य सचिवालय (एसईएम) ने यह जानकारी दी है। एजेंसी ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि एक नवम्बर से पश्चिमी यूक्रेन के सात इलाकों से शरण मांगने वाले अब स्विट्जरलैंड में प्रोटेक्शन स्टेटस एस के लिए पात्र नहीं हैं। इस नए नियम के अनुसार, एसईएम ने फरवरी के आखिर तक 104 लोगों को यूक्रेन के लिए निकाल दिया। स्विट्जरलैंड की संघीय सभा अक्टूबर 2025 में उन लोगों को अस्थाई संरक्षण देने पर सहमत हुई थी, जिनका आखिरी घर यूक्रेन का कोई ऐसा इलाका था जो युद्ध क्षेत्र में है।

# अमेरिका को एक और यूरोपीय देश ने दिया झटका

## ऑस्ट्रिया ने ईरान से जुड़े सैन्य ऑपरेशनों के लिए अपने एयरस्पेस इस्तेमाल की अमेरिकी मांग ठुकराई

**वियना।** यूरोप के कई देशों ने अमेरिका के सैन्य अभियानों से दूरी बनानी शुरू कर दी है। इसमें सबसे नया नाम आस्ट्रिया का जुड़ गया है। जिसने ईरान से जुड़े सैन्य आपरेशनों के लिए अपने एयरस्पेस के इस्तेमाल की अमेरिकी मांग ठुकरा दी है।

आस्ट्रिया के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यह फैसला देश के सख्त तटस्थता कानून के तहत लिया गया है। मंत्रालय के प्रवक्ता के हवाले से ब्राडकास्टर ओआरएफ ने पुष्टि की कि वाशिंगटन की ओर से कई अनुरोध आए थे, लेकिन हर मामले को विदेश मंत्रालय के साथ मिलकर अलग-अलग आधार पर परखा जाएगा। हालांकि, आस्ट्रिया ने पूरी तरह से अमेरिकी उड़ानों पर



■ आस्ट्रिया ने पूरी तरह से अमेरिकी उड़ानों पर प्रतिबंध नहीं लगाया है, बल्कि हर अनुरोध की समीक्षा तथ्यों के आधार पर की जा रही है

प्रतिबंध नहीं लगाया है, बल्कि हर अनुरोध की समीक्षा तथ्यों के आधार पर की जा रही है। यूरोप में यह रुख अकेला नहीं है। स्पेन, जो इस युद्ध का खुलकर विरोध कर रहा है, पहले ही अपने एयरस्पेस को संघर्ष में शामिल अमेरिकी सैन्य विमानों के लिए बंद कर चुका है। वहीं इटली ने भी पिछले हफ्ते सिसिली स्थित अपने सैन्य अड्डे के इस्तेमाल की अनुमति अमेरिकी बमवर्षक विमानों को देने से इन्कार कर दिया था। यूरोपीय देशों के इन्कार से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी काफी खफा हैं। वो ट्रुथ के अलावा विभिन्न प्लेटफार्म्स पर खुलकर विरोध जता चुके हैं। कई मीडिया साक्षात्कार में खुले तौर पर नाटो और यूरोपीय देशों के खिलाफ राय जाहिर कर चुके हैं। लगभग हर दूसरे दिन वो ट्रुथ पर मदद न करने का तंज कसते हुए कह देते हैं कि अमेरिका याद रखेगा। जिस होर्मुज स्ट्रेट पर कब्जे का वो दावा करते थे अब उसे लेकर भी उन्होंने रुचि नहीं दिखाई है। राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कहा कि अब उसकी जिम्मेदारी वो उठाएं, जिन्हें वहां से अपना सामान ले जाना है। हाल ही में डेली टेलीग्राफ को दिए एक साक्षात्कार में ट्रम्प ने ईरान-इजरायल संघर्ष के दौरान नाटो सहयोगियों, खासकर ब्रिटेन और फ्रांस की ओर से सैन्य मदद न देने पर नाराजगी जताई। ट्रम्प ने नाटो को कागजी शेर करार दिया और अमेरिका के गठबंधन से बाहर निकलने की धमकी दी।



कोलकाता। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल आरएन रवि के साथ हाथ मिलाते विदेश मंत्री एस जयशंकर।

## फ्रांस अकेले ही राफेल एफ-5 लड़ाकू विमान बनाने का खर्च वहन करेगा

**पेरिस।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ मतभेदों के कारण फ्रांस को अपने राफेल एफ5 लड़ाकू विमान परियोजना को अकेले ही वित्तपोषित करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। फ्रांसीसी समाचार पत्र 'ला ट्रिब्यून' की गुरुवार की रिपोर्ट में कहा गया कि फ्रांस के अनुरोध पर, यूएई पिछले साल के अंत तक लड़ाकू विमान के आधुनिकीकरण के लिए लगभग पांच अरब यूरो (5.4 अरब डॉलर) के कुल बजट में से 3.5 अरब यूरो की वित्तीय सहायता देने के लिए तैयार था।

# होर्मुज में ईरान-ओमान के साथ मिलकर करेगा खेल

## दोनों देशों का मुख्य उद्देश्य जहाजों के आने-जाने के रास्ते को आसान और सुरक्षित बनाना

**दुबई/तेल अवीव।** ईरान ने एक बड़ा दावा किया है। ईरान के राजनयिक काजेम गरीबाबादी ने बताया कि उनका देश ओमान के साथ मिलकर होर्मुज जलडमरूमधय की निंगरानी के लिए एक प्रस्ताव तैयार कर रहा है। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी 'इरना' ने इस खबर की जानकारी दी है। गरीबाबादी के अनुसार, इस प्रस्ताव का मुख्य उद्देश्य जहाजों के आने-जाने के रास्ते को आसान और सुरक्षित बनाना है। इसके साथ ही, इस रास्ते से गुजरने वाले जहाजों को बेहतर सेवाएं देना भी इस योजना का हिस्सा है। होर्मुज जलडमरूमधय फारस की खाड़ी का एक बहुत ही संकरा और व्यापार के लिए महत्वपूर्ण रास्ता है। पिछले कुछ समय में इस समुद्री क्षेत्र में जहाजों पर कई हमले हुए हैं। इन हमलों के पीछे ईरान का हाथ होने की बात कही जाती रही है। इसके अलावा ईरान पर आरोप भी लगे है कि ईरान इस संकरे रास्ते से गुजरने के बदले जहाजों से 20 लाख डालर तक की मांग करता है। जिसकी वजह से इस समुद्री मार्ग पर जहाजों की आवाजाही में काफी मुश्किलें पैदा हो गई हैं। फिलहाल यह साफ नहीं है कि ईरान के इस नए प्रस्ताव का असल में क्या मतलब होगा। ओमान ने अभी तक इस दावे को लेकर कोई जानकारी साझा नहीं की है और न ही इसकी पुष्टि की है। भौगोलिक रूप से यह समुद्री रास्ता ईरान और ओमान की सीमाओं के भीतर आता है। इसके बावजूद इसे एक अंतर्राष्ट्रीय जलमार्ग माना जाता है। अंतर्राष्ट्रीय नियमों के मुताबिक, यहां से जहाजों को बिना किसी रुकावट के गुजरने की आजादी मिलनी चाहिए। ईरानी राजनयिक गरीबाबादी ने अपने बयान में यह भी कहा कि जब भी कोई आक्रामक कार्रवाई होती है, तो जहाजों के रास्ते में गंभीर समस्याएं आती हैं। उन्होंने आगे कहा, हम इस समय युद्ध की स्थिति में हैं। ऐसे में हम यह उम्मीद नहीं कर सकते कि शांति के समय वाले नियम युद्ध की स्थितियों में भी लागू होंगे। दूसरी ओर ईरान के खिलाफ युद्ध जारी रखने को लेकर इजरायली जनता के समर्थन में 'लगातार गिरावट' आई है। एक नए सर्वेक्षण में यह खुलासा हुआ है। तेल अवीव विश्वविद्यालय से संबद्ध थिक टैंक 'इंस्टीट्यूट फॉर नेशनल सिक्योरिटी स्टडीज' (आईएनएसएस) द्वारा गुरुवार को जारी सर्वेक्षण के अनुसार, ईरानी शासन को उखाड़ फेंकने तक अभियान जारी रखने के लिए सार्वजनिक समर्थन कम होता जा रहा है।



■ ईरान के खिलाफ जारी युद्ध के प्रति इजरायल में जनसमर्थन में आई गिरावटः सर्वेक्षण

### आईडीएफ ने ईरान से इजरायल की ओर मिसाइलें दागे जाने का पता लगाया

तेल अवीव। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा है कि उसने ईरान से दागी गई मिसाइलों का पता लगाया है। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा कि कुछ समय पहले, आईडीएफ ने ईरान से इजरायल के क्षेत्र की ओर दागी गई मिसाइलों की पहचान की। खतरे को रोकने के लिए रक्षा प्रणालियां सक्रिय हैं उल्लेखनीय है कि ईरान गत 28 फरवरी को अमेरिका-इजरायल द्वारा शुरू किए गए एक संयुक्त सैन्य अभियान के जवाब में इजरायली क्षेत्रों और पश्चिमी एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमला कर रहा है।

# ट्रम्प ने ईरान में तबाही मचाने की दी चेतावनी

**वाशिगंटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को ईरान को चेतावनी दी है कि वह ईरान के और भी पुलों और बिजलीघरों को तबाह कर देंगे। उन्होंने ईरान से कहा है कि जो 'किया जाना चाहिए', उसे 'तेजी' से करे।



■ कहाः अगर उनकी शर्तें नहीं मानी तो वह उनके नागरिक बुनियादी ढांचे-जैसे पुलों और विद्युत पावर प्लांट्स को निशाना बनाकर नष्ट कर देंगे

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को चेतावनी दी है कि अगर उनकी शर्तें नहीं मानी तो वह उनके नागरिक बुनियादी ढांचे-जैसे पुलों और विद्युत पावर प्लांट्स को निशाना बनाकर तबाह कर देगा। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर लिखा कि अमेरिकी सेना ने 'ईरान में अभी तक नष्ट करने की प्रक्रिया भी शुरू नहीं की है' और कहा 'पहले पुल, फिर पावर प्लांट्स' को लक्ष्य बनाया जाएगा। उन्होंने लिखा कि अगला नंबर पुलों का है, फिर बिजलीघरों का! ईरान के नए शासन को पता है कि क्या किया जाना चाहिए और इसे तेजी से करना होगा। ट्रम्प की यह चेतावनी एक बड़े अभियान का हिस्सा है, जिसके तहत अब ईरानी सैन्य ठिकानों के बजाय नागरिक सुविधाओं को निशाना बनाया जा रहा है। इसमें स्टील प्लांट, बिजलीघर और दवा कंपनियों पर हमले शामिल हैं।

# यूएन ने की भारतीय सैनिकों की सराहना

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र ने दक्षिण सूडान में तैनात भारतीय शांति सैनिकों के प्रयासों की सराहना की है। इन सैनिकों ने पिछले साल बाढ़ से प्रभावित एक महत्वपूर्ण आपूर्ति मार्ग को फिर से खोला है। संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि स्थानीय समुदायों की मदद करने में शांति मिशनों की भूमिका बहुत अहम है।

महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने न्यूयार्क में एक मीडिया वार्ता के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दक्षिण सूडान के मुश्किल समय में एक उम्मीद जगाने वाली खबर है। अपर नाइल राज्य में

■ शांति रक्षक दल ने अफ्रीकी देश में दूर किया संकट, आम लोगों को मिलेगी बड़ी राहत

भारतीय इंजीनियरिंग यूनिट के सैनिकों ने मालाकाल-रेंक मुख्य सप्लाई मार्ग के एक बड़े हिस्से को सफलतापूर्वक चालू कर दिया है। यह रास्ता पिछले साल आई बाढ़ के बाद से पूरी तरह बंद था। उन्होंने कहा सैनिकों ने बाढ़ के पानी के बीच से जमीन को फिर से निकाला और सड़क का नया ढांचा तैयार किया। अब अकोका-किलो 20- पालोइच-रेंक के रास्ते एक नया मार्ग बन गया है। इससे इलाके में लोगों का आना-जाना सुरक्षित होगा। साथ ही, इस रास्ते से जरूरतमंद लोगों तक खाना और दवाइयां जैसी मानवीय सहायता पहुंचाना बहुत आसान हो जाएगा। दुजारिक ने कहा कि भारतीय सैनिकों की यह कोशिश दिखाती है कि शांति मिशन किस तरह स्थिरता बनाए रखने में मदद करते हैं। वे सबसे कठिन वातावरण में भी कमजोर नागरिकों तक जरूरी मदद पहुंचाने का काम कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र मिशन दक्षिण सूडान (यूएनएमआईएसएस) ने भी सोशल मीडिया पर इस सफलता की जानकारी साझा की है।

# जरीफ ने की अमेरिका के साथ शांति की अपील

**तेहरान।** ईरान के पूर्व विदेश मंत्री मोहम्मद जावेद जरीफ ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की 'लापरवाह आक्रमकता' का उल्लेख करते हुए उसके साथ शांति स्थापित करने की अपील की है। जरीफ ने कहा कि लंबी अवधि का संघर्ष केवल विनाश और अनिश्चितता को बढ़ाता है और स्थाई समाधान के लिए प्रत्यक्ष और वास्तविक बातचीत ही एकमात्र मार्ग है। उन्होंने सभी पक्षों से शांतिपूर्ण ढंग से विवाद सुलझाने और क्षेत्रीय तनाव को कम करने का आग्रह किया। उन्होंने जोर देकर कहा है कि मौजूदा संघर्ष के किसी भी समाधान में ईरान के राष्ट्रीय हितों का ध्यान रखना सबसे जरूरी है।



















